दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 26 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-242 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया रविवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसे अर्नब नाम दिया गया है। इसके असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। आंध्र प्रदेश में 26 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है।

दिल्ली में निमार्णाधीन मकान का स्लैब गिरा

पूर्वी दिल्ली। दिल्ली के हर्ष विहार स्थित मिलन गार्डन में 200 गज में अवैध रूप से एक मकान बनाया जा रहा है। रविवार को पहली मंजिल का टेंडर डाला गया। कुछ ही देर बाद लेंटर जमीनदोज हो गया। आशंका है कि मलबे के नीचे कुछ मजदूर दबे हो सकते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ व दमकल की टीमें राहत बचाव कार्य में जुट गई हैं। खबर लिखे जाने तक किसी को निकाला नहीं गया था।

जामिया में चुनाव की मांग पर छात्रों का प्रदर्शन जारी

नई दिल्ली। दिल्ली में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों का रविवार को भी छात्र, चुनाव की मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के उस फैसले पर सवाल उठाए, जिसके तहत अचानक सभी क्लास ऑनलाइन कर दी गईं। छात्रों का आरोप है कि यह कैंपस खाली कराने और 'स्टूडेंट यूनियन' (छात्र संघ) को बहाल करने की उनकी मांग को दबाने की एक सोची-समझी चाल है। गेट नंबर 4 पर एंट्री पाबंदियों को लेकर पुलिस और छात्रों के बीच बहस हो गई।

मध्य प्रदेश : कार ने तीन लोगों को कुचला, बुजुर्ग समेत तीन की मौत

देवास। मध्य प्रदेश के देवास जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार कार के बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े और बैठे लोगों को कुचलने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 80 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल हैं। हादसा उदयनगर थाना क्षेत्र के डाड गांव के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 11 बजे की है। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं को टक्कर मार दी।

बीजेपी-आरएसएस आज भी दलितों को मनुष्य नहीं मानते : खड़गे

बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में शामिल हुए कांग्रेस अध्यक्ष

पटना (एनएसबी)। बीजेपी और आरएसएस वाले आज भी दलितों को मनुष्य नहीं मानते। आजादी के 80 साल बाद भी देश में छूआछूत है। मैं हल्द्वानी गया तो मेरे लौटने के बाद बीजेपी और आरएसएस वालों ने मंच का शुद्धिकरण किया था। जब आप देश की बड़ी आबादी को ही अपना नहीं मानेंगे तो देश में एकता कैसे आएगी। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कही। वे राजधानी के बापू सभागार में बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में बोल रहे थे।



खड़गे ने कहा कि भाजपा और आरएसएस छूआछूत का समर्थक हैं और खुद पीएम नरेन्द्र मोदी दलितों की स्थिति में कोई सुधार नहीं चाहते। कांग्रेस अध्यक्ष ने श्री बाबू को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जाति की नहीं समाज की राजनीति की। आप सबको भी उनके जैसे ही दलितों को लेकर हर मंदिर में जाना चाहिए। उन्होंने उस दौर में बिहार में जमींदारी उन्मूलन कर भूमि सुधार कानून लागू किया, जिस दौर में सबसे अधिक जमींदार उन्हीं की जाति से थे। खड़गे ने पूछा कि श्री बाबू तो आजादी की लड़ाई में आठ साल जेल में रहे, भाजपा का कोई नेता भी जेल गया था क्या? खड़गे ने कहा कि मैं प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करूंगा कि वो उनके मंदिर से चढ़ावा चुराने वालों को सद्बुद्धि दें और चढ़ावे के साथ-साथ वोट चोरी करने के लिए दंडित भी करें। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा और ज्ञानेश कुमार वोट चोरी कर रहे हैं। राज्यों में वोट चोरी से सरकारें बन रहीं हैं। खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी ने महीनों पहले जो बातें कहीं थीं वो सब अब खुलकर सामने आने लगीं हैं। खड़गे ने भाजपा से पूछा कि सौ दिनों में जो काला धन वापस आने वाला था वो कहां गया? किसानों की आमदनी दोगुनी होने वाली थी उस वादे का क्या हुआ? सालाना दो करोड़ नौकरियां मिलीं क्या? खड़गे ने कहा कि इनसे जब काम की बात पूछी जाती है तो ये राहुल गांधी का नाम लेकर शोर मचाने लगते हैं। मोदी और शाह के सपने में भी राहुल गांधी आते हैं। खड़गे ने कार्यक्रम में बुलाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सीएलपी अजित शर्मा, पूर्व सीएलपी डॉ शकील अहमद खान, पूर्व विधायक अवधेश कुमार सिंह, सांसद मनोज राम, विधायक मनोज विश्वास, सुरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक वीणा शाही, आनंद शंकर, नीतू कुमारी, संजीव कुमार टोनी, वरिष्ठ नेता आकाश सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रणव झा, मीडिया विभाग के चेयरमैन अजय कुमार पासवान समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

नीतीश के मन से पार्टी में कुछ नहीं हो रहा : अनंत

पटना (एनएसबी)। जदयू ने मोकामा विधायक अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के इस फैसले के बाद सियासत तेज है। पार्टी से निकाले जाने के बाद अनंत सिंह ने जदयू के खिलाफ मोर्चा खोला है। अनंत सिंह ने कहा कि मैंने कुछ गलत नहीं किया था। अनंत ने इशारों में नीतीश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिसने पार्टी बनाई थी, वो पार्टी नहीं चला पा रहे हैं। नीतीश जी बीमार रहते हैं, जिसने पार्टी से निकालने का फैसला किया है वो चुनाव में भुगतेगा।

अनंत सिंह से जब पूछा गया कि वो आगे क्या करेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि अपनी पार्टी बनाएंगे। यह भी कहा कि जब सरकार गिर रही थी तो मैंने बचाई थी। इस पार्टी के लिए गद्दारी भी की। नीतीश कुमार के मन से पार्टी में कुछ नहीं हो रहा है। बता दें शनिवार को अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम सिंह को जदयू की प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी गई है। उन्हें अगले 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाना ने आदेश जारी किया है। उन्होंने विधानसभा स्पीकर से अनंत सिंह की सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा की है। अनंत सिंह को पार्टी से बाहर करने के साथ ही संगठनात्मक जिला बाढ़ की पूरी इकाई को भी भंग कर दिया गया है।



निष्कासित विधायक ने जदयू के खिलाफ खोला मोर्चा

नीतीश के आवास पर बैठक, सीएम से मिले ललन सिंह

ललन सिंह ने सीएम से की मुलाकात, कार्रवाई को लेकर चर्चा

अनंत सिंह को पार्टी से निकाले जाने के बाद रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने सीएम सम्राट से मुलाकात की। 30 मिनट तक दोनों की मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान अनंत सिंह के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। दूसरी तरफ नीतीश कुमार के सरकारी आवास 7 सर्कुलर रोड उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और मंत्री निशांत कुमार पहुंचे। नीतीश कुमार, विजय चौधरी, निशांत कुमार और ललन शर्राफ की बैठक हुई। उसके बाद विजय चौधरी, निशांत कुमार निकल गए। कुछ देर बाद सीएम भी एमएलसी ललन शर्राफ के साथ अपने आवास से बाहर निकले।

हत्यारोपी का बख्तियारपुर में हाफ एनकाउंटर, पीएमसीएच में भर्ती

पटना (एनएसबी)। बख्तियारपुर में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ में हत्या के आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर पैर में गोली मारकर घायल कर दिया है। अपराधी की पहचान सौरभ सिंह (28) के रूप में हुई है। सौरभ कंकड़बाग के पत्रकार नगर का रहने वाला है। मुठभेड़ बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के कल्याण बीघा रोड में हुआ। घायल अपराधी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पटना रेफर कर दिया गया है। बदमाशों के पास से 5 पिस्टल और 50 से ज्यादा कारतूस मिले हैं। एसडीपीओ- 2 बाढ़ आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि गैराज मालिक हत्या केस में 24 अक्तूबर को तीन लोग को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें एक सौरभ सिंह, समर्थ दुबे और तीसरा दीपांशु मिश्रा शामिल हैं। इनके बयान के आधार पर चित्रकूट नगर थाना में पहले भी कुछ रिकवरी की गई थी और इसके साथ ही इनका जो कबूलनामा का स्टेटमेंट लिया गया, उसमें जो मुख्य अपराधी सौरभ सिंह है, ने बताया कि इन लोगों ने हत्या में प्रयुक्त हथियार कल्याण बीघा रोड, बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के नमो गंगा प्रोजेक्ट के पास में छुपाकर रखा है। इस दौरान सौरभ ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जो पुलिस जीप पर लगी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जो सौरभ के पैर में लगी। गोली लगने के बाद उसे कब्जे में लेकर घायल को पीएचसी बख्तियारपुर में भेजा गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटनास्थल से कुल दो पिस्टल, दो मैगजीन है और 14 गोली बरामद हुई है। बता दें 26 सितंबर को रामकृष्ण नगर थाना इलाके के भूपतिपुर इलाके में अपराधियों ने एक गैराज संचालक अंजनी नंदन कुमार की गोलियों से भून दिया था।



26 सितंबर को रामकृष्ण नगर में गैराज संचालक की कर दी थी हत्या

कोई लक्ष्य हमारी पहुंच से बाहर नहीं: एयरफोर्स चीफ

नई दिल्ली (एजेंसी)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पश्चिमी मोर्चे पर 1,200 किलोमीटर चौड़े और 200 किलोमीटर क्षेत्र में सटीक हमले किए। इससे साबित हुआ कि वायुसेना की पहुंच से कोई भी लक्ष्य बाहर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने एक बार फिर दिखाया कि देश की सुरक्षा में वायुसेना की अहम भूमिका है। ऑपरेशन से एक सबक साफ है कि हमें हमेशा कई विकल्प अपने पास रखने चाहिए और दुश्मन की रणनीति बदलने पर तेजी से खुद को उसके मुताबिक ढालने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने यह बात पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कही। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता किसी एक हथियार या विमान की वजह से नहीं मिली। इसमें सटीक खुफिया जानकारी, एक-दूसरे से जुड़े सैन्य नेटवर्क, दूर से हमला करने वाले हथियार, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, मजबूत वायु रक्षा प्रणाली और ड्रोन को रोकने की क्षमता ने मिलकर काम किया।



भाजपा व जदयू कार्यकर्ता प्रशांत किशोर के सामने राघोपुर में भिड़े

जदयू नेता अजीत यादव की नाक फूटी, पटना रेफर किया गया

राघोपुर (एनएसबी)। रविवार को राघोपुर में नाव हादसे में 13 बच्चों की मौत की घटना के बाद दशकर्म में शामिल होने आए जन सुराज के सूत्रधार सह बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर के सामने ही भाजपा और जदयू कार्यकर्ता के बीच जमकर मारपीट हो गई।

इस मारपीट में जदयू कार्यकर्ता के नाक पर गंभीर चोट लगी और वह लहूलुहान हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। घटना उस समय हुई जब प्रशांत किशोर पीड़ित स्वजन से हादसे को लेकर चर्चा कर रहे थे। उसी दौरान जदयू नेता सह प्रदेश सचिव अजीत यादव ने नाव हादसे की जांच की मांग उठाई। उन्होंने पीके से मांग की कि हादसे में उपयोग हुई नाव सरकारी है या प्राइवेट, इसकी जांच होनी चाहिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस मांग का पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता गगन राय ने विरोध जताया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में बहस तेज हो गई और



नाव हादसे की जांच की मांग को लेकर विवाद बढ़ा

पीके के सामने ही दोनों पक्ष भिड़ गए। आरोप है कि पूर्व मुखिया की तरफ से आधा दर्जन लोगों ने अजीत यादव पर मुक्का और लात-घूंसे से हमला कर दिया। मारपीट में उनकी नाक फूट गई मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो रही है। घटना के बाद स्वजन और स्थानीय लोगों ने घायल अजीत यादव को इलाज के लिए पीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया।

जदयू नेता हुए घायल : जानकारी के अनुसार जदयू नेता जन सुराज नेता पीके से नाव हादसे में उपयोग हुई नाव की जांच की मांग कर रहे थे। इसी बात पर विवाद बढ़ा। इस संबंध में घायल जदयू नेता अजीत ने कहा कि पूर्व मुखिया दबंग हैं। मैं प्रशांत किशोर से नाव की जांच की मांग कर रहा था। इसी दौरान पूर्व मुखिया एवं उसके भतीजों ने मेरे साथ मारपीट की। पूर्व सुनियोजित साजिश के तहत मुझ पर हमला किया गया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां नाव डूबी, वहां पूर्व मुखिया के ईंट भट्ठे के लिए मिट्टी की खुदाई की गई थी, जिसके कारण गहरा गड्ढा बन गया था और हादसा हुआ। फिलहाल इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस संबंध में राघोपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है, आवेदन मिलने पर प्राथमिकी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों से सामान खरीदें : प्रधानमंत्री

कहा-आज बिहार का मखाना ग्रीस पहुंच रहा, 'मन की बात' के 12 साल पूरे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी ने त्योहारों के अवसर पर लोगों से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' के 139वें एपिसोड में कहा कि इससे कारीगरों का उत्साह बढ़ेगा।

पीएम ने कहा कि भारत के स्थानीय उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ रही है। बिहार के पूर्णिया का मखाना अब ग्रीस और कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल मालदीव पहुंच रही है, जिससे देश के किसानों के लिए दुनिया भर में नए अवसर खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले विजयादशमी के पावन पर्व पर इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी और यह यात्रा उनके लिए देशवासियों को करीब से जानने व समझने की एक तीर्थ यात्रा के समान है। पीएम ने कहा कि 4 नवंबर को महान स्वतंत्रता सेनानी भाई परमानंद जी की 150वीं जयंती है। आर्य समाज और गदर पार्टी से जुड़े भाई परमानंद जी ने दक्षिण



अफ्रीका व गुयाना में कार्य किया और आजादी की लड़ाई में काला पानी की सजा काटी। पीएम मोदी ने कहा- परमानंद जी ने भगत सिंह को भी पढ़ाया था। मोदी ने कहा जो लोग अपने जीवन के बाद अंगदान कर-के जाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम की शिवानी जी का सामने आया है। शिवानी जी एक सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई थीं। इसके बावजूद उनके परिवार ने अंगदान का फैसला लिया। यह समाज और देश में एक बड़ा संदेश गया है। मोदी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर केवल एक ही दिन में खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री 28 करोड़ रुपए से अधिक दर्ज की गई, जो पिछले साल की तुलना में भी करीब डेढ़ करोड़ रुपये ज्यादा है।

पीएम ने ओडिशा में RBI डेटा सेंटर का किया इनॉगरेशन

भुवनेश्वर (एजेंसी)। पीएम मोदी ने रविवार को ओडिशा के खुर्दा जिले में बने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दूसरे डेटा सेंटर का इनॉगरेशन किया। भुवनेश्वर के पास इन्फो वैली-क्क में 18.55 एकड़ में बना यह परिसर नवी मुंबई के फ्क्क के मुख्य डेटा सेंटर के डिजास्टर रिकवरी बैकअप के रूप में काम करेगा। अगर किसी प्राकृतिक आपदा, तबाही, हमले में मुंबई वाला डेटा सेंटर प्रभावित होता है तो ओडिशा सेंटर से बैकअप जारी रहेगा। जिससे देश के पूरे बैंकिंग और पेमेंट सिस्टम (यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी) में रुकावट नहीं आएगी।

अयोध्या : रामलला मंदिर

एक से सुबह 4 बजे खुलेंगे मंदिर के कपाट

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में रामलला के दर्शन के समय में बदलाव किया गया है, जो 1 नवंबर 2026, रविवार से लागू होगा। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। दरअसल, मौसम में बदलाव को देखते हुए श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा, आरती, भोग, विश्राम और दर्शन के दैनिक कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। वर्तमान में मंदिर के कपाट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, मंदिर सुबह 4:00 बजे खुलेगा और रात 10:00 बजे बंद होगा। नई व्यवस्था के अनुसार मंदिर के कपाट सुबह 4:00 बजे खुलेंगे, जिसके बाद सुबह 4:30 बजे से 4:40 बजे तक मंगला आरती होगी। इसके बाद, अभिषेक, श्रृंगार, धूप-दीप और नैवेद्य के लिए कपाट सुबह 4:40 बजे से 6:30 बजे तक बंद रहेंगे। सुबह 6:30 बजे श्रृंगार आरती होगी और भक्तों के लिए दर्शन सुबह 7:00 बजे शुरू होंगे।

गूगल सहित 11 कंपनियों के साथ शिक्षा विभाग का करार

बिहार में टीचरों को मिलेगी AI व IT की स्पेशल ट्रेनिंग

पटना (एनएसबी)। शिक्षकों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण के लिए शिक्षा विभाग ने आईटी क्षेत्र की 11 बड़ी कंपनियों के साथ करार किया है। इसमें गूगल एजुकेशन भी शामिल है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के कौशल विकास महकमे से भी इस क्षेत्र में मदद मिलेगी। शिक्षा विभाग ने हाल ही में यह तय किया है कि अगले शैक्षिक सत्र से सभी सरकारी विद्यालयों कक्ष छह से कंप्यूटर की पढ़ाई को अनिवार्य किया जाएगा।

विद्यालयों में आईटी से जुड़ी आधारभूत संरचना भी होगी विकसित : आईटी कंपनियों की मदद से विद्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी आधारभूत संरचना भी विकसित होगी। इसके तहत सात सौ मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लास का निर्माण भी किया जाना है। मॉडल स्कूलों के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों में भी स्मार्ट



क्लास का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

एआई से जुड़ी ट्रेनिंग पर विशेष फोकस : शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने इस संबंध में कहा एआई से जुड़ी ट्रेनिंग पर विशेष फोकस है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाया जाए। यह भी पढ़ें- BPSC TRE 4: बिहार टीचर भर्ती के लिए 21 सितंबर से आवेदन शुरू होने की उम्मीद, आयोग ने पर किया ट्वीट।

शिक्षकों के केंद्रीकृत प्रशिक्षण की हो रही व्यवस्था

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आईटी व एआई में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था की जा रही। एससीईआरटी परिसर में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित किया जाएगा। जिन कंपनियों के साथ शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के प्रशिक्षण का करार किया है वे अलग-अलग बैच में शिक्षकों के प्रशिक्षण कक्ष का संचालन करेगी। शिक्षकों की ट्रेनिंग के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक के स्तर से नाम भेजा जाएगा। उन्हें आईटी की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। जनवरी तक पूरी व्यवस्था को दुरुस्त कर लिए जाने का लक्ष्य है।

खबरें : एक नजर में



पंजाबी कालोनी चितकोहरा पटना में बादशाह इंडस्ट्रीज का नया स्वरूप बादशाह अगरबत्ती पैलेस अब नए एवं आकर्षक स्वरूप में आप का स्वागत पंजाबी कालोनी चितकोहरा पटना में तैयार है।

1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के रैली में शामिल होने का लालू एवं तेजस्वी ने आह्वान किया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की ओर वोट बचाओ लोकतंत्र बचाओ विशाल रैली को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और जनता के वोट के अधिकार की स्वतंत्रता के लिए रैली को सफल बनाने का आह्वान किया है, क्योंकि लोकतंत्र की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए बड़ी संख्या में रामलीला मैदान पहुंचे। इस आशय की जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पार्टी की ओर से एक परिपत्र जारी कर सभी से इस रैली में शामिल होने की अपील की है।



एजाज अहमद।

राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने परिपत्र में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से वोट बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए दिल्ली चलने की अपील की है। और कहा कि रैली के माध्यम से चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन अपनी एकजुटता का परिचय देगा और संघर्ष और आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ायेंगा। इसके लिए राष्ट्रीय जनता दल जनता दल की ओर से राज्य भर से सभी नेताओंऔर कार्यकर्ताओं के साथ सांसद, पुर्व सांसद,विधायक, पुर्व विधायक, विधान पार्षद , पुर्व विधान पार्षद, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी,जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष,युवा, छात्र,महिला एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से रैली में अधिकतम भागीदारी लोकतंत्र की मजबूती,निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार की स्वतंत्रता के लिए एकजुट होने की अपील की गई है।

कबीर मठ के महंत पर जमीन बेचने का आरोप

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। रविवार को कबीर आश्रम महमदपुर, रुकुनपुर के प्रांगण में एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीण उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कबीर आश्रम मठ की सुरक्षित जमीन को तथाकथित महंथ की भूमिका में कार्य कर रहे परमानंद दास द्वारा निजी हैसियत से धड़ल्ले से जमीन बेची जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, तथाकथित महंथ परमानंद दास ने कहा था कि गांव वालों के कहने पर चार बिगहा जमीन स्कूल के लिए निबंधित की है, बाद में उन्होंने कहा कि पांच बिगहा या उससे अधिक भी निबंधित की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनहित और स्कूल के नाम पर एक धुर भी जमीन निबंधित नहीं की गई है। आरोप यह भी लगाया गया कि जो जमीन निबंधित की भी है, उसे धार्मिक न्यास परिषद से मठ की जमीन वापस करने का उपाय खोजेंगे, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह मठ धार्मिक न्यास परिषद से संबद्ध ही नहीं है। सभा में उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि तथाकथित महंथ द्वारा जितनी भी जमीन की बिक्री की गई है, वह सभी निजी लाभ के लिए की गई है। अंत में ग्रामीणों ने प्रशासन से कबीर आश्रम मठ की जमीन की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। अंत में रुकुनपुर म के पूर्व महंत सह वर्तमान अध्यक्ष परमानंद दास ने सभी आरोपों को एक साथ खारिज कर दिया। मौके पर देवकुमार सिंह, पंकज सिंह, सुरेन्द्र यादव, संजीव सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

फतुहा में ओम डिजिटल डायगनोस्टिक सेंटर का उद्घाटन

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। यदुवंश नगर में ओम डिजिटल डायगोस्टिक सेंटर का भव्य उद्घाटन रविवार को मसौढ़ी की अधीक्षक ड़ नलिनी सिन्हा के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौतम कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ड़ रामानंद यादव, नेफ्रोलजी विभाग के ड़ विमल कुमार, ड़ उमेश प्रसाद सहित कई गणमान्य चिकित्सक मौजूद थे। संस्थान के डायरेक्टर ड़ श्रीकांत कुमार ने बताया कि इस सेंटर के खुलने से फतुहा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब उन्नत डिजिटल जांच की सुविधा कम खर्च में स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। मरीजों को जांच के लिए पटना नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

बीबोस में 31 तक टीओसी के लिए होगा आवेदन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) में ट्रांसफर ऑफ क्रेडिट (टीओसी) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है। आवेदन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से शुरू हुई थी। किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड की परीक्षा में असफल विद्यार्थी ओपन स्कूल बीबोस के माध्यम से फिर परीक्षा दे सकते हैं। टीओसी प्रक्रिया के तहत विद्यार्थी पूर्व की परीक्षा के अधिकतम दो विषयों के अंकों को बीबोस में स्थानांतरित करा सकते हैं। उन्हें इन विषयों की परीक्षा दोबारा नहीं देनी होगी। आवेदन करते समय उन्हें स्थानांतरित विषयों समेत पांच विषयों के लिए पंजीयन कराना होगा।

बिहार विधान सभा के सभागार में आयोजित हुआ 'बिहार गौरव सम्मान', विभिन्न क्षेत्रों की कई विभूतियाँ सम्मानित

दैनिक नवसंदेश

पटना। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर डा. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन की ओर से बिहार विधानसभा के सभागार में भव्य 'बिहार गौरव सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार राज्य योजना पर्षद के उपाध्यक्ष देवेश कुमार तथा बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डा. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. सहजानंद सिंह, पद्मश्री डा. शांति राय, फाउंडेशन के सचिव शिवाजी चौधरी, मगध कैंसर सेंटर के निदेशक डा. रिदु शर्मा, डा. निहारिका राय तथा डा मृत्युंजय, निदेशक, गृहाम हेल्थकेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गो और क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को 'बिहार गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्देश्य बिहार की प्रतिभाओं, समाजसेवियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को पहचान दिलाना और उनके कार्यो को प्रोत्साहित करना था।



बिहार विधानसभा के सभागार में डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित बिहार गौरव सम्मान समारोह का उद्घाटन करते पद्मश्री डा. शांति राय, बिहार राज्य योजना पर्षद के उपाध्यक्ष देवेश कुमार, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, डा. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डा सहजानंद सिंह एवं विद्वान आनंद बर्धन।

डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम उनके ऐतिहासिक योगदान, बिहार के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा सामाजिक समरसता की भावना को स्मरण करने का अवसर बना। समारोह में उपस्थित सभी वक्ताओं ने डा. श्रीष्ण सिंह को श्रद्धापूर्वक याद किया और बिहार के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

इस अवसर पर अनुराग इंग्लिश क्लासेज , आरा से बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी समारोह में शामिल हुए। विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। वक्ताओं ने युवाओं को बिहार की गौरवशाली विरासत से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सेवा और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम ने बिहार की विविध सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने के साथ-साथ राज्य की गौरवशाली विरासत और विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि बिहार के विकास और सामाजिक उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

विश्व शांति स्तूप भारत-जापान की आध्यात्मिक मैत्री का प्रतीक : मंत्री

विश्व शांति स्तूप के 57वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मंत्री श्रवण कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। विश्व शांति स्तूप के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विश्व शांति स्तूप भारत और जापान के बीच आध्यात्मिक मैत्री तथा विश्व शांति के साझा संकल्प का प्रतीक है। दुनिया में शांति और अहिंसा का संदेश फैलाने के उद्देश्य से जापानी बौद्ध भिक्षु पूज्य फुजी गुरुजी ने इस स्तूप की परिकल्पना की थी। उनका विश्वास था कि युद्ध का उत्तर प्रेम, घृणा का उत्तर करुणा और हिंसा का उत्तर अहिंसा है। इसी महान उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने राजगीर के रत्नागिरी पर्वत को चुना, जो ऐतिहासिक निर्णय था।

मंत्री ने कहा कि हमें इस धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा। यह स्तूप केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि मानवता को शांति का संदेश देने वाला केंद्र है।

उन्होंने कहा कि बिहार के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सभी धर्मो से जुड़े धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान कर उनके सौंदर्यीकरण और विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

सरकारी विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। यह कार्य टीसीआईएल एवं रेलटेल द्वारा टर्नकी आधार पर कराया जा रहा है। टीसीआईएल को राज्य के 20 जिलों तथा रेलटेल को 18 जिलों में यह कार्य सौंपा गया है।

अब तक रेलटेल द्वारा 1,055 तथा टीसीआईएल द्वारा 1,144 विद्यालयों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए गए हैं। इस प्रकार कुल 2,199 विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के निर्माण एवं अधिष्ठापन का कार्य कराया जा रहा है।



नवदीप शुक्ला
राज्य परियोजना निदेशक , शिक्षा विभाग, बिहार।

दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना द्वारा दोनों एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि रेलटेल को आवंटित 1,055 विद्यालयों में से मात्र 78 विद्यालयों तथा टीसीआईएल को आवंटित 1,144 विद्यालयों में से 273 विद्यालयों में ही निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। साथ ही, कुछ विद्यालयों में अभी तक कार्य प्रारंभ भी नहीं किया गया है।

कार्य की धीमी प्रगति पर राज्य परियोजना निदेशक श्री नवदीप शुक्ला द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी एजेंसियों की होगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। धीमी प्रगति को लेकर दोनों एजेंसियों से शोकज भी किया गया है।

समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि 30 नवंबर 2026 तक रेलटेल द्वारा 518 विद्यालयों तथा टीसीआईएल द्वारा 816 विद्यालयों में प्रयोगशालाओं का निर्माण पूर्ण करने के साथ-साथ आवश्यक फर्नीचर एवं उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए प्रयोगशालाओं को संबंधित प्रधानाध्यापकों को हस्तगत कराया जाए। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर एजेंसियों पर अर्थदंड लगाने की भी स्पष्ट चेतावनी दी गई। साथ ही, प्रयोगशालाओं के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। प्रयोगशालाओं के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य की जिला स्तर पर भी समीक्षा की गई। वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों तथा समग्र शिक्षा के अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर कार्य की निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खबरें — खास-खास

बिहार फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव एवं वार्षिक आम सभा संपन्न, जय बहादुर सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव एवं उसके पश्चात वार्षिक आम सभा का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को पटना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया अखिल भारतीय फुटबल महासंघ द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी बैजू नाथ कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा नियुक्त पर्यवेक्षक हरेंद्र स्वैन के सहयोग से निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार संपन्न कराई गई।



बिहार फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव एवं उसके पश्चात वार्षिक आम सभा का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को पटना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बिहार फुटबल एसोसिएशन के संचालन एवं विकास की जिम्मेदारी निम्नलिखित निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को सौंपी गई।

नव निर्वाचित पदाधिकारी

अध्यक्ष : जय बहादुर सिंह (एनआईएस कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी), उपाध्यक्ष : अश्विनी खत्री, उपाध्यक्ष : विकास कुमार (गोल्डी), महिला उपाध्यक्ष : सुश्री प्रीति, कोषाध्यक्ष : सत्येंद्र कुमार (पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी)

कार्यकारिणी समिति के सदस्य

शंकर कुमार सिंह, दिवाकर कुमार (राष्ट्रीय रेफरी), राजीव कुमार रंजन, सुनील कुमार प्रसाद, सुश्री पूजा जायसवाल, चंदन कुमार सिंह, संजय कुमार दयाल (पूर्व भारतीय खिलाड़ी), सुश्री मधु कुमारी (महिला, पूर्व भारतीय खिलाड़ी), संजीव कुमार (प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिलाड़ी), सुश्री नेहा (महिला, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिलाड़ी)

महासचिव, सचिव एवं संयुक्त सचिवों की नियुक्ति

नवगठित आम सभा के गठन के पश्चात वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के सुचारु संचालन तथा बिहार में फुटबल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। महासचिव : श्याम बाबू सिंह, सचिव : संतोष कुमार सिंह।

संयुक्त सचिव : मनोज कुमार, भवेश कुमार सिंह।

बैठक में बिहार में फुटबॉल प्रशासन को सुदृढ़ करने, जिला फुटबल संघों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, जमीनी स्तर पर फुटबल को बढ़ावा देने तथा युवा एवं उभरते खिलाड़ियों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने के प्रति एसोसिएशन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

नवनिर्वाचित नेतृत्व ने राज्य में फुटबॉल प्रतिभाओं की पहचान एवं उन्हें निखारने, संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर फुटबल के विस्तार तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बिहार की भागीदारी एवं प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

बिहार फुटबाल एसोसिएशन को विश्वास है कि नवगठित नेतृत्व के मार्गदर्शन में राज्य में फुटबॉल के विकास को नई गति मिलेगी। एसोसिएशन पारस्परिक सहयोग, पारदर्शिता, प्रभावी प्रशासन तथा राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में फुटबल के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ेगा।

जारीकर्ता: बिहार फुटबल एसोसिएशन, पटना, बिहार

युवा शक्ति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार : डा. प्रेम कुमार

शिक्षित, संगठित एवं आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा स्थित सभागार में आयोजित अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्य समिति एवं युवा राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने युवाओं से शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



डा. प्रेम कुमार।

बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह मंगल ने की तथा मंच संचालन राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन ने किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता राज सिंह चंद्रवंशी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ चंद्रवंशी, दक्षिण बिहार प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार, उत्तर बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार, राष्ट्रीय मंत्री मनोज कुमार चंद्रवंशी, पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, असम प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर कुमार सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

डा प्रेम कुमार ने कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। चंद्रवंशी समाज के युवाओं को अपनी गौरवशाली विरासत से प्रेरणा लेते हुए आधुनिक शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, जरूरतमंदों की सहायता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेना चाहिए। स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं डा. एपीज़े अब्दुल कलाम के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन, चरित्र, त्याग, साहस एवं परिश्रम को जीवन का आधार बनाने तथा बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए डा. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रहे विकसित भारत, विकसित बिहार के संकल्प से युवा जुड़ें और देश एवं बिहार के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। डा. प्रेम कुमार ने युवाओं से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने की अपील की।

खेलों से ही होगा सशक्त राष्ट्र का निर्माण, प्रतिभाओं को निखारेगा बिहार : डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद के एनेक्सी सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान 'ब्रह्मभट्ट युवा जागरण खेल महाकुंभ सीजन-03' की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने आयोजक मंडल को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस गरिमामय आयोजन में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी , मंत्री मदन सहनी , संजय सिंह , पूर्व सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, आयोजन अध्यक्ष मनीषा देवी, उपाध्यक्ष डा राजू कुमार भट्ट , सचिव डीके पॉल, संयुक्त सचिव कुमार विनय, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी चंद्रभूषण भट्ट सहित अनेक प्रबुद्धजन, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए डा. प्रेम कुमार ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, समर्पण, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से युवा खेल के क्षेत्र में भी बिहार और पूरे भारत का नाम वैश्विक पटल पर रोशन कर सकते हैं।

डा.प्रेम कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश भर में खेल संस्कृति को अभूतपूर्व बढ़ावा मिल रहा है। खेलो इंडिया जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से गाँव और कस्बों के युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं। इसी तर्ज पर एनडीए सरकार के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

जिलाधिकारी, नवादा द्वारा मोतनाजे-मधुबन में आपातकालीन उपबंध का उपयोग कानून का उल्लंघन : संयुक्त किसान मोर्चा

नवादा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी, नवादा द्वारा मोतनाजे-मधुबन में आपातकालीन उपबंध का उपयोग कानून का उल्लंघन, गुमराह करने वाला शर्मनाक भ्रष्टतम कार्रवाई के साथ-साथ धारा 84 के अनुसार दंडनीय अपराध है। हम मुख्यमंत्री से अविलंब नवादा जिलाधिकारी पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हैं और इसमें विलंब हुआ तो संयुक्त किसान मोर्चा राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगी। नवादा जिलाधिकारी के खिलाफ कानून विरोधी कुत्यों के खिलाफ जंग की शुरुआत होगी। मोतनाजे-मधुबन को लेकर सुनियोजित और सुविचारित ढंग से जिलावासी के बीच भ्रम पैदा करने के नियत से नवादा समाहरणालय के जनसंपर्क शाखा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति संख्या 834 दिनांक 24-10- 2026 है। यह पूरी तरह लोगों को गुमराह करने वाला तथ्यहीन तथा भुअर्जन कानून, 2013 का खुल्लम-खुला उल्लंघन एवं धारा 84 के अनुसार दंडनीय अपराध है। इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिला प्रशासन ने मोतनाजे- मधुबन क्षेत्र के लोगों को जबरदस्ती एवं गैर कानूनी ढंग से उजाड़ने की कुत्सित प्रयास की घोर निंदा करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, कपिलदेव प्रसाद एवं पवन कुमार ने जिला प्रशासन की गलत बयानी पर रोष प्रकट करते हुए कहा है कि भू अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 तथा परियोजना से संबंधित लागू विधिक प्रावधानों का गलत उपयोग करते हुए राज्य सरकार को गुमराह किया जा रहा है। जिला समाहरणालय के द्वारा धारा 2(1) के मामले में यह कहना कि व्यक्तिगत सहमति एवं सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की शर्ते लागू नहीं होती है सरासर गलत है। यह राज्य को गुमराह करने वाला है।इसके साथ ही उक्त अधिनियम की धारा 9 के अनुसार यदि भूमि का अधिग्रहण धारा 40 के आपातकालीन प्रावधानों के तहत किया जा रहा है,तो सक्षम सरकार सामाजिक प्रभाव आकलन से छूट दे सकती है। यह तथ्यहीन एवं भ्रामक जानकारी है। वास्तविकता यह है कि भू अर्जन कानून की धारा 2 के अनुसार सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन के साथ-साथ सार्वजनिक प्रयोजन के अंतर्गत तो लागू होगा ही साथ ही में एवं धारा 2(2) के अनुसार यह प्रावधान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप एवं प्राइवेट प्रयोजन के मामले में भी लागू होगा। भू अर्जन की धारा 40 (आपातकालीन उपबंध) की उपधारा 2 के अनुसार यह प्रावधान देश की प्रतिरक्षा,राष्ट्रीय सुरक्षा एवं संसद द्वारा पारित आदेश के अंतर्गत परिभाषित आपातकाल के समय लागू होगा। जिला समाहर्ता नवादा क्या बताएंगे कि चीन,बंग्लादेश या पाकिस्तान से हमला के कारण इस जलाशय का निर्माण हो रहा है। उक्त भू अर्जन के मामले में आपातकालीन उपबंध का हवाला दिया है। इसकी अधिघोषणा संसद द्वारा अभी तक जारी नहीं की गई है। इसके बावजूद जिलाधिकारी नवादा द्वारा आपातकालीन उपबंध का उपयोग,कानून का उल्लंघन,गुमराह करने वाला एवं धारा 84 के अनुसार दंडनीय है। इस कार्रवाई के आलोक में जिलाधिकारी से बिहार के किसान पूछ रहे है कि वे कानून का उल्लंघन किस भेस्टेड इंटरेस्ट, इंटेंशन से किया है।संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार जिलाधिकारी के इस कुत्य के खिलाफ बाजाप्ता वकालतन नोटिस भेजेगा।

समाज में तेजी से बढ़ रही हैं हड्डियों और जोड़ों की बीमारियां

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजधानी पटना के यारपुर स्थित अक्षत सेवा सदन में ऑस्टियोसार्कोपिनिया (हड्डियों और मांसपेशियों की कमजोरी) विषय पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण और वृहद चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन पटना मेनोपॉज सोसाइटी, ग्लोबल अर्थोपेडिक फोरम, पटना अर्थोपेडिक सोसाइटी, और लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस सेमिनार में चिकित्सा जगत के दिग्गजों, फिजियोथेरेपिस्ट्स और आम जनता सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर इस गंभीर विषय पर गहन चर्चा की।

कार्यक्रम में पटना अर्थोपेडिक सोसाइटी के डा. जिबेंदु चौधरी, डा. नूतन नारायण, डाक्टर जरीना रहमान, डाक्टर अंजना सिंह, सभी वक्ताओं, चिकित्सा कर्मियों डा रवि प्रकाश, डा पीयूष कुमार सिंह, डा शब्बाज खान, डा मनोज मिश्रा, डा अलका, डा निशांत कुमार, डा तेज प्रताप दो अमन डा राकेश और सहित पटना और आसपास के क्षेत्रों के 150 से अधिक वरिष्ठ डक्टरों, फिजियोथेरेपिस्ट्स और पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में ग्लोबल अर्थोपेडिक फोरम के कोषाध्यक्ष डा मनीषा ने सभी आगंतुकों और चिकित्सा कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



अक्षत सेवा सदन में अस्टियोसार्कोपेनिया पर भव्य चिकित्सा सेमिनार का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो अजय कुमार सिंह ने समाज की बदलती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, अधिक समय मोबाइल का उपयोग करना हमारे सेहत के लिए बहुत खराब है। सही नहीं है। हमारे सेहत के लिए मोबाइल का ज्यादा उपयोग करना। वर्तमान समय में हमारे समाज में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आम जनता को समय रहते सचेत करने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बेहद मदार साबित होते हैं।

महावीर कैंसर संस्थान के डायरेक्टर डा मनीष सिंह ने कहा कि आज के समय में मिलावटी और बाकी सारी चीजों कैंसर बहुत प्रभावित हो रहा । कैंसर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। जो की सही नहीं है। समाज के लिए जो की बहुत भयावह और सोचने वाली बात है।

बिहार अर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अमूल्य कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए मुख्य व्याख्यान दिया। उन्होंने जोर देते हुए कहा, अस्टियोसार्कोपिनिया हमारे समाज में एक बेहद ज्वलंत और खतरनाक समस्या बनकर उभर रही है, लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आम जनता अभी भी इस बीमारी के प्रति पूरी तरह से अनजान है। उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों के खोखलेपन (अस्टियोपोरोसिस) और मांसपेशियों के क्षरण (सार्कोपिनिया)

संक्षिप्त खबरें

सुरक्षित रास्ता, यात्री शेड और बेंच उपलब्ध कराने पर जोर

समिति ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 के पश्चिमी छोर पर खड़े रहने वाले ट्रेन के कोच के कारण यात्रियों के आवागमन में होने वाली बाधा को दूर करने की मांग की है। इस समस्या के चलते यात्रियों को सड़क की ओर जाने के लिए असुविधाजनक और असुरक्षित रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। समिति ने यहां सुरक्षित और सुविधाजनक रास्ते की व्यवस्था करने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच लगाने तथा धूप और बारिश से बचाव के लिए यात्री शेड का निर्माण कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कुल्हड़िया स्टेशन से गुजरने वाली सभी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है। समिति का कहना है कि इन समस्याओं का समाधान होने से कुल्हड़िया स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार होगा और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को राहत मिलेगी।

पूर्व विधायक आशा देवी ने स्व. रामकुमार सिंह के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)। बड़हरा की पूर्व विधायक आशा देवी ने आरा में हत्या के शिकार हुए स्वर्गीय रामकुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि सेवानिवृत्त कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह की कुछ दिनों पहले सुबह सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वे क्षत्रिय कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। वे जब सुबह टहलने के लिए घर से निकल रहे थे, तभी बाइक सवार हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गंभीर रूप से घायल रामकुमार सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग उठी थी। पुलिस मामले की जांच शुरू की तो इस दौरान जमीन विवाद का पहलू सामने आया। इस मामले में पुलिस ने कई आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है। हालांकि, हत्याकांड की पूरी साजिश और सभी आरोपितों की भूमिका का अंतिम निर्धारण न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। इधर, पूर्व विधायक आशा देवी ने स्व. रामकुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उनके प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में हिम्मत बनाए रखने की बात कही।

चोरी की बाइक के साथ तीन शातीर गिरफ्तार, फर्जी चेसिस नंबर का हुआ खुलासा

वाहन चेकिंग के दौरान गीधा थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण, वाहन जांच एवं समकालीन अभियान चलाया गया। इस दौरान गीधा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, उनके पास से तीन मोबाइल बरामद भी हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों में कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव निवासी रामजीत शर्मा का पुत्र दीपक कुमार, संतोष कुमार सिंह का पुत्र बिट्टू कुमार एवं मिठु साव का पुत्र रोहित कुमार है। जांच के दौरान बरामद हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर बदला हुआ पाया गया। असली चेसिस नंबर से मिलान करने पर उक्त मोटरसाइकिल पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र से चोरी की हुई पाई गई। इस संबंध में गीधा थाना में बीएनएस की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे सेवानिवृत्त शिक्षक ललन राय

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। नगर पंचायत में वर्ष 2027 में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। इसी बीच सेवानिवृत्त शिक्षक ललन राय ने नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुनावी माहौल में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उनकी इस घोषणा के बाद स्थानीय स्तर पर राजनीतिक चचाओं का दौर शुरू हो गया है।अध्यक्ष पद के चुनाव में उतरने की तैयारी के तहत ललन राय ने कोईलवर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अपनी भावी राजनीतिक मंशा साझा करते हुए नगर पंचायत के विकास और अध्यक्ष पद के चुनाव में अपनी दावेदारी को लेकर लोगों से विचार-विमर्श किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से समर्थन और सहयोग की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों ने ललन राय के चुनाव लड़ने के निर्णय का स्वागत किया और उनकी उम्मीदवारी के प्रति समर्थन जताया। इस दौरान रमेश राय ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में मिले समर्थन से ललन राय की उम्मीदवारी को लेकर स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। नगर निकाय चुनाव की आहट के साथ ही संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ने लगी है। ऐसे में ललन राय की घोषणा को कोईलवर नगर पंचायत की चुनावी गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, चुनाव में उनकी वास्तविक स्थिति और आगे की रणनीति आने वाले समय में स्पष्ट होगी।



फिजियोथेरेपी जांच शिविर में सौ मरीजों को दिया गया निःशुल्क परामर्श

फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश बोले: ज्यादातर मरीज कमर दर्द घुटना दर्द एवं गर्दन दर्द से पीड़ित आए

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के विष्णु नगर जेड चैक के समीप ह्यफिजियोहिलह्य एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सौ मरीजों का जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। इस दौरान 50 मरीजों का इलाज किया गया फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि शिविर में सौ मरीजों को निःशुल्क जांच कर इलाज के लिए परामर्श दिया गया। इस दौरान 50 मरीज का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में आज ज्यादातर मरीज कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे के दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, घुटने के दर्द, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अकड़न आदि से संबंधित आए। उन्होंने बताया कि कैंप में शामिल होने वाले मरीजो का पहले से रजिस्ट्रेशन कराया गया था। रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया गया। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 तक चला। शिविर को सफल बनाने में निकेश, आभा, रेशमा एवं संगीता का सराहनीय योगदान रहा है।



रोटावेटर की चपेट में आने से बालक घायल,रेफर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बरतीयर गांव में रविवार की सुबह रोटावेटर की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तब परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बालक संदेश थाना क्षेत्र के बरतीयर गांव निवासी सिद्धनाथ राम का 7 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार है। इधर, घायल बालक के परिजन ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने पिता के साथ खेत में गया था। जहां ट्रैक्टर द्वारा खेत की जोताई हो रही थी। उसी दौरान वह ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर मशीन की चपेट में आगे और गंभीर रूप से घायल हो गया।

कुल्हड़िया में ट्रेन ठहराव को लेकर एक दिवसीय धरना

डीआरएम के नाम स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कुल्हड़िया रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल परिचालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर रेल यात्री कल्याण समिति, कुल्हड़िया-सह-कोईलवर मंडल की ओर से शनिवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के बाद समिति के सदस्यों ने पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के नाम कुल्हड़िया स्टेशन प्रबंधक को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने यात्रियों की समस्याओं को दूर करने और स्टेशन पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। समिति ने गाड़ी संख्या 18183/18184 टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस का कुल्हड़िया स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। समिति का कहना है कि इस ट्रेन के ठहराव से कुल्हड़िया सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ज्ञापन में कुल्हड़िया स्टेशन के जर्जर प्लेटफॉर्म की मरम्मत कराने तथा यात्रियों की जरूरत के अनुसार नए प्लेटफॉर्म का निर्माण कराने की मांग की गई है। इसके अलावा स्टेशन परिसर में महिला एवं पुरुष यात्रियों के लिए अलग-अलग शौचालय की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया गया है। समिति ने टिकट काउंटर के उत्तर दिशा में स्थित सीढ़ीनुमा विभाजक से यात्रियों को होने वाली परेशानी का भी मुद्दा उठाया। इसे हटाने अथवा आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की गई है। समिति के अनुसार, इस समस्या के कारण खासकर बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों को टिकट लेने तथा स्टेशन परिसर में आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

पुलिस की कार्रवाई: गांजा के साथ एक गिरफ्तार

पुलिस कार्रवाई में की पैड मोबाइल और 1230 रुपये नकद बरामद



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। जिले के गिधा थाना पुलिस ने कायम नगर बाजार में छापेमारी कर गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बाबूरा थाना क्षेत्र के किशनपुरा गांव निवासी अक्ष्यवार पाठक के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय जमुना पाठक का पुत्र बताया गया है। पुलिस ने उसके पास से करीब 40 ग्राम गांजा, 12 पुड़िया, एक कीपैड मोबाइल और 1230 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। गिधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पुलिस ने कायम नगर बाजार स्थित एक पान की गुमटी के पास कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वह कायम नगर बाजार और आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर गांजा बेचता था। इस कार्रवाई में एसआई रश्मि कुमारी और पुलिस बल के जवान शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

अधिवक्ता को धमकी मामले में पुलिस ने एक को उठाया

आरा (दैनिक नवसंदेश)। क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह पूर्व कस्टम अधिकारी दिवंगत रामकुमार सिंह के अधिवक्ता को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस एक्शन में है। इस मामले में टाउन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस के वरीय पदाधिकारी नहीं कर रहे हैं ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देंगे।बता दें कि दिवगंत रामकुमार सिंह की हत्या मामले में उनके पक्ष से केस लड़ रहे अधिवक्ता हरेंद्र सिंह को धमकी दी गई थी। गुरुवार को उनके मोबाइल पर अज्ञात अपराधी द्वारा कॉल कर दस लाख रुपये की रंगदारी मांग की गई थी। रंगदारी का रकम नहीं देने पर उन्हें जान से मार देने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज कल्लू दुकान लेन वार्ड नंबर-6) निवासी स्व. रामचंद्र सिंह के पुत्र सह सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के द्वारा टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखी खीर को अमृत समान मानते हैं लोग



दिलीप कुमार ओझा

चंद्रमा की दूधिया रोशनी में खीर रखकर मध्य रात्रि में सेवन करने की है परंपरा, आस्था और पोषण से जुड़ी है मान्यता

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की दूधिया रोशनी में खीर रखकर उसका सेवन करने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी लोगों की आस्था का हिस्सा बनी हुई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस रात चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है। इसी विश्वास के साथ लोग दूध, चावल और अन्य पारंपरिक सामग्रियों से खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे चांदनी में रखते हैं और मध्य रात्रि में सपरिवार उसका सेवन करते हैं। लोग खीर बनाने की तैयारियों में भी जुट गए हैं।रात में समय खीर को चंद्रमा की रौशनी में रखेंगे।

अस्थमा और ईओसिनोफिलिया में लाभ की मान्यता

शाहपुर के उमेश चंद्र पांडे, रतनपुरा के राजकिशोर सिंह उर्फ मूसा सिंह और सोनवर्षा के मुक्तेश्वर मिश्र प्रत्येक वर्ष शरद पूर्णिमा पर चांदनी रात में खीर रखकर उसका सेवन करते हैं। उनका मानना है कि इस परंपरा से उन्हें अस्थमा और ईओसिनोफिलिया जैसी श्वसन संबंधी समस्याओं में फायदा मिलता है। हालांकि, इस तरह खीर के सेवन से इन बीमारियों में लाभ होने का वैज्ञानिक प्रमाण स्थापित नहीं है। ऐसे रोगों से पीड़ित लोगों को चिकित्सकीय सलाह और निर्धारित उपचार जारी रखना चाहिए। कुछ लोग खीर बनाने में देसी गाय के दूध का उपयोग करते हैं। पारंपरिक घरेलू नुस्खों में खीर में पीपल की छाल का पाउडर मिलाने की भी मान्यता है। हालांकि, पीपल की छाल के सेवन की सुरक्षा और औषधीय प्रभाव को लेकर पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए बिना चिकित्सकीय सलाह इसका सेवन करना उचित नहीं है।

धार्मिक मान्यताओं में विशेष महत्व

सहजौली गांव के आचार्य पंडित मनोज चैबे और कमलेश मिश्र के अनुसार, धार्मिक मान्यताओं में शरद पूर्णिमा की रात का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणें अमृत के समान लाभकारी होती हैं। इसी विश्वास के चलते लोग खीर को चांदनी में रखकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक मेल-मिलाप का भी अवसर बनती है।

पौष्टिक आहार है दूध और चावल की खीर

शाहपुर रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अतिउल्लाह अंसारी के अनुसार, दूध पोषक तत्वों से भरपूर आहार है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, वसा और विभिन्न विटामिन पाए जाते हैं, जो शरीर के विकास और हड्डियों के स्वास्थ्य में सहायक हैं। वहीं, चावल काबोर्हाइड्रेट का प्रमुख स्रोत है और इसमें कुछ मात्रा में विटामिन बी समूह के पोषक तत्व तथा खनिज भी पाए जाते हैं। दूध और चावल से बनी खीर ऊर्जा और पोषण प्रदान करती है। हालांकि, शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखने से खीर के औषधीय गुण बढ़ने या श्वसन रोग ठीक होने का वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इस प्रकार शरद पूर्णिमा पर खीर खाने की परंपरा में धार्मिक आस्था, पारिवारिक सहभागिता और पारंपरिक खानपान का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

दिवंगत सैनिक को ससम्मान दी गई अंतिम विदाई



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। जम्मू-कश्मीर के भुज में तैनात भारतीय सेना के जवान अखिलेश कुमार के आकस्मिक निधन के पश्चात उनका पार्थिव शरीर रविवार की सुबह सेना के विशेष वाहन से उनके पैतृक गांव पीरो प्रखंड के केवटिया लाया गया जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका हिन्दू रस्मो-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अखिलेश कुमार पीरो प्रखंड अंतर्गत अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के केवटिया गांव निवासी राम प्रसाद राम के पुत्र थे जो 53 आर्मर्ड रेजिमेंट में दफादार के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि 22 अक्तूबर की रात अपने कैंप में सोने गए थे इस दौरान अचानक उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर विशेष विमान से पहले पटना फिर वहां से बिहार रेजिमेंटल सेन्टर दानापुर के वाहन से पैतृक गांव केवटियां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ जम्मू-कश्मीर से सेना के मेजर संतोष कुमार व दफादार अरुण कुमार तिवारी तथा बिहार रेजिमेंटल सेन्टर से जेसीओ सुखलाल सोरेने केवटिया पहुंचे थे। सैनिक का शव गांव पहुंचने पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड उमड पडी। गांव के लोग अपने लाडले सपूत की एक झलक पाने को आतुर दिखे। दिवंगत सैनिक का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान में सैनिक सम्मान के साथ किया गया। जहां सेना के जवानों ने अपने दिवंगत साथी को अंतिम सलामी दी। पूर्व विधायक भाई दिनेश, भाकपा माले नेता दुदुन सिंह सहित कई अन्य सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के लोग सैनिक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान गमगीन माहौल में दिवंगत सैनिक की पत्नी सुमंती देवी, दोनों बेटियां माही व ईशा, भाई हेमंत कुमार सहित परिवार सदस्यों, सेना के अधिकारियों व दूसरे लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

जन संस्कृति मंच ने 41वाँ स्थापना दिवस मना

जसम प्रतिरोध की संस्कृति को और तेज करने को प्रतिबद्ध : जितेंद्र कुमार

जसम ने स्थापना दिवस के अवसर पर दिवंगत नाना पाटेकर को दी श्रद्धांजलि



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय बशिष्ठ नगर स्थित 'जलसा जक्शन हॉल' में रविवार को जन संस्कृति मंच का 41 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जसम, बिहार के अध्यक्ष कवि-आलोचक जितेंद्र कुमार ने संगठन की स्थापना के दौर को याद किया और उसकी जरूरतों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि 1985 का वह दौर साहित्यिक-सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तो था परंतु क्रांतिकारी राजनीतिक चेतना का सत्ता के खिलाफ कोई मुखर हस्तक्षेप नहीं सुनाई पड़ रहा था। इसकी मुख्य वजह सांस्कृतिक अंतर्विरोध रहा। ऐसी स्थिति में 26 अक्टूबर 1985 में जन संस्कृति मंच की स्थापना हुई। इस संगठन ने अपने 40 वर्षों के कार्यकाल में सत्ता के खिलाफ जनता की संस्कृति के पक्ष में एक जोरदार प्रतिपक्ष की भूमिका अदा की है। संचालक सुमन कुमार सिंह ने बताया कि जसम ने देश भर में लगातार आम जन की संस्कृति को समृद्ध करने में अपनी उर्जा लगाई है। अपने गीतों, नाटकों, कविता-कहानियों, चित्रों आदि तमाम कला माध्यमों को जसम ने सांस्कृतिक अराजकता के खिलाफ जन संस्कृति को विकसित किया है। कार्यक्रम में ह्यप्रतिरोध का सिनेमाह्य के रूप में नाना पाटेकर की बहुचर्चित फिल्म 'थोड़ा सा रुमानी हो जाय' का प्रदर्शन हुआ और अंत में एक मिनट का मौन रखकर उपस्थित संस्कृतिकर्मियों ने दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, रंगकर्मी शमशाद प्रेम, रंगकर्मी अरुण प्रसाद, इश्तेयाक अहमद, कवि जनार्दन मिश्र, फिजियोथ्रेपिस्ट पिंटू पुष्कर, अमित मेहता, सूर्यप्रकाश, सुधांशु रंजन, सीताराम रवि, डा. नथुनी पाण्डेय, डा. सिद्धनाथ सागर, विक्रांत तथा सुमन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

सड़क मरम्मत, चैड़ीकरण, यातायात जाम एवं अतिक्रमण की डीएम एवं एसपी ने की समीक्षा, शीघ्र कार्रवाई के निर्देश

आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष अभियान चलाने पर जोर



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित की संयुक्त अध्यक्षता में जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क चैड़ीकरण से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति, यातायात जाम तथा अतिक्रमण की समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, अन्य संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं जिला खनन पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जीरो माइल से असनी, असनी से बामपाली बाइपास, आरा-सासाराम मुख्य मार्ग सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही, बिहिया चैक पर लगने वाले यातायात जाम तथा नगर पंचायत जगदीशपुर एवं आरा शहर में अतिक्रमण की समस्याओं पर चर्चा करते हुए अनुमण्डल पदाधिकारियों एवं नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त, आरा नगर स्थित बस स्टैंड के समीप ढलान पर क्षतिग्रस्त सड़क, तेतरिया से खैरा जाने वाली सड़क एवं अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। इस क्रम में कार्यपालक अभियंताओं द्वारा मरम्मत कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया। आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं नगर निगम के संबंधित पदाधिकारियों को प्रमुख सड़कों, चैक-चैराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुनः विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही, पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा आमजनों के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

मिथिला के मखाना को मिला वैश्विक पहचान रोजगार का मजबूत प्लेटफार्म : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय मखाना महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। मिथिला के मखाना को राष्ट्रीय तथा वैश्विक पहचान दिलाकर एनडीए सरकार ने मिथिला की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय फलक पर स्थापित किया है।शरद पूर्णिमा एवं कोजागरा पूजा के पावन अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में राष्ट्रीय मखाना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मखाना किसानों तथा उद्यमियों को पाग अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य मखाना क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। सांसद ने कहा कि मखाना मिथिला की आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और मिथिला क्षेत्र से श्रमिकों के पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने मखाना अनुसंधान केंद्र को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के लिए किए गए प्रयासों को याद करते हुए भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. ठाकुर ने कहा कि आज मिथिला का मखाना एक सूपर फूड के रूप में विश्वभर में अपनी पहचान बना रहा है। मखाना किसानों की आय में कई गुना वृद्धि की संभावनाएँ हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। संस्थान के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने कहा कि पिछले दशक में संस्थान के अनुसंधान एवं प्रसार प्रयासों के परिणामस्वरूप मखाना की खेती का क्षेत्रफल लगभग तीन गुना बढ़ा है। संस्थान भविष्य में भी मखाना की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने, उन्नत तकनीकों के प्रसार तथा किसानों एवं उद्यमियों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य करता रहेगा। उन्होंने किसानों से २२ अक्टूबर से ३० नवंबर तक चलने वाले ह्यखेत बचाओ अभियानह्न से जुड़ने तथा इसके अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रगतिशील मखाना किसानों अमरजीत सहनी, महेश्वर ठाकुर, कपिलदेव झा, महेश मुखिया, शुभचंद मिश्रा एवं पूजा कुमारी को सम्मानित किया गया। मिथिला चित्रकला के माध्यम से उद्यमिता एवं कला संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिथिला कला केंद्र की नीतू साह तथा मिथिलाकृति हब की प्रीति को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. विकास दास, सीफेट, लुधियाना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर.के. विश्वकर्मा, आइसीएआर पटना के डॉ. संजीव कुमार, प्रो. विद्यानाथ झा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, वैज्ञानिक, किसान, उद्यमी एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से पाँच सौ से अधिक किसानों एवं उद्यमियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान वैज्ञानिक ०संयोजक डॉ. आई.एस. सिंह ने प्रस्तुत किया।

संक्षिप्त खबरें

एशियाई सीनियर व जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप चेन्नई में बिहार से तीन खिलाड़ी चेन्नई रवाना



बिहार के खिलाड़ी।

दरभंगा (एनएसबी)। चेन्नई में 26 से आयोजित एशियाई जूनियर व सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम रवाना हो गए हैं। भारतीय सीनियर टीम में बिहार टीम के कप्तान हाजीपुर के राय प्रिंस को जगह मिली है जबकि जूनियर टीम में दरभंगा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी अभिनव कुमार सिंह को जगह मिली है। महिला वर्ग की बात करें तो पटना की दीक्षा सिंह को महिला सीनियर टीम में बतौर विकेटकीपर जगह मिली है। दरभंगा के रहने वाले जावेद अनवर को भारतीय सीनियर टीम का कोच नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो की पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट के एशियन चैंपियनशिप का आयोजन भारत में किया जा रहा है, जिसमें एशिया की 12 देश की टीम में भाग ले रही हैं।

बाइक पर लदी नेपाली शराब बरामद, तस्कर फरार

बेनीपुर (एनएसबी)। दरभंगा-बिरौल मुख्य मार्ग पर धेरूख रेलवे गुमटी के समीप बहेड़ा थाना पुलिस ने बीती रात एक बाइक से नेपाली देसी एवं विदेशी शराब बरामद की है। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस की गश्ती गाड़ी को देखकर शराब तस्कर धेरूख रेलवे गुमटी के निकट बाइक लगाकर फरार हो गया। अंधेरे का लाभ उठाकर वह आम के बगीचे की तरफ भाग निकला। बाइक की जांच करने पर कपड़े में लपेटा हुआ 300 एमएल के पांच बोतल नेपाली मामाश्री देसी शराब तथा 180 एमएल के चार बोतल विदेशी शराब बरामद करते हुए बाइक जब्त कर ली गई।बाइक नंबर के आधार पर जांच में शराब तस्कर की पहचान घोंघिया निवासी सोमन यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमन पहले से शराब कारोबार में संलिप्त है। उसके विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

तेज आवाज मे डीजे बजाने का विरोध करने पर दुकानदार से मारपीट

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भरवाड़ा में डीजे की तेज आवाज मे बजाने मना करने पर दुकानदार के साथ मारपीट हो गई। जिसमे स्वर्ण व्यवसाई दोनो भाई घायल कर दिया। घायल दोनो भाई को इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी मे लाया गया। इस मामले मे घायल स्वर्ण व्यवसायी रविंद्र कुमार ठाकुर ने थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमे मुकेश ठाकुर, शिवम भंडारी, निरशन भंडारी, पप्पू भंडारी उर्फ फेकू भंडारी एवं कलुआ को नामजद आरोपित किया है। दिये आवेदन मे बताया हो की 17 अक्टूबर को कुछ लोगों ने उनकी दुकान के सामने डीजे की आवाज तेज कर दी। विरोध करने पर उपरोक्त आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लोहे की रॉड और सरिया से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने सोने की चेन और करीब 5,300 रुपये छीनने का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती पर हमला, एफआईआर दर्ज

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में रात को सोते समय 82 वर्षीय बुजुर्ग दंपती पर बदमाशों ने हमला बोल दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने मामले को शांत कराया। सूचना मिलते ही सिमरी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस मामले में श्रीदेव मिश्र ने सिमरी थाना में पड़ोस में रहने वाले सुजीत कुमार मिश्र उर्फ भूषण मिश्र, उसके बड़े भाई अजित कुमार मिश्र उर्फ दीपक मिश्र एवं उनकी मां नगीना देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बताया गया है कि करीब नौ बजे रात में श्रीदेव मिश्र एवं उनकी पत्नी सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान नशे की हालत में सुजीत कुमार मिश्र पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुजीत ने चाकू निकाल लिया। जबकि उसके भाई ने लाठी से मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। बुजुर्ग ने अपनी और पत्नी की सुरक्षा को लेकर आशंका जताते हुए आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले मे अनुसंधान किया जा रहा है।

पं विष्णु देव झा विकल की तीसरी पुण्यतिथि पर विकल स्मृति पर्व आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। मैथिली साहित्य के वरेण्य साहित्यकार पं विष्णु देव झा विकल की तीसरी पुण्यतिथि पर शनिवार को दरभंगा जिलांतर्गत उनके उनके पैतृक गांव आसी में विकल स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार मणिकांत झा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का शुभारंभ पं गंधर्व झा के वेद ध्वनि से हुआ। कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए टटुआर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रो. जीवकांत मिश्र ने स्व. विकल के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे उच्च कोटि के साहित्यकार एवं आंदोलनी होने के साथ ही तंत्र विद्या के सिद्ध साधक थे।वरिष्ठ पत्रकार विष्णु कुमार झा ने उनके सृजन कर्म की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उनका रचना संसार बहुत ही व्यापक एवं सामाजिक चेतना जागृति के लिए उपयोगी है। विद्यापति सेवा संस्थान के मीडिया संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार झा ने कहा कि विकल जी की अप्रकाशित कृतियों को प्रकाशित किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मणिकांत झा ने कहा कि पं. विष्णु देव झा विकल का रचना संसार बहुत वृहद है। अपने संबोधन में उन्होंने विकल जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विष्णुदेव झा विकल के पुत्रों ने उनकी अप्रकाशित रचनाओं को प्रकाशित करने का संकल्प दोहराया। शंभुनाथ मिश्र आसी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शारदानंद सिंह, संजीव कुमार मिश्र एवं उनकी पुत्री नेहा चौधरी ने पद्यात्मक शैली में स्व. विकल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर गुड़िया कुमारी, सुनील मिश्र, राजीव चौधरी सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व विकल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मझियाम गांव में छापेमारी के दौरान 52.125 लीटर विदेशी शराब एवं 162 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद

दरभंगा (एनएसबी)। आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं कारोबार पर रोक लगाने के लिए मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार छापेमारी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मद्यनिषेध टीम ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझियाम गांव में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मझियाम गांव निवासी मनीष कुमार पासवान एवं रामदास पासवान* के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों के पास से 52.125 लीटर विदेशी शराब तथा 162 लीटर नेपाली देशी शराब*,कुल 214.125 लीटर शराब* बरामद की गई है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी, छापेमारी एवं गश्ती अभियान चलाया जा रहा है।सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'



मन की बात कार्यक्रम सुनती डॉक्टर धर्मशिला गुप्ता।

दरभंगा (एनएसबी)। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने रविवार को दरभंगा स्थित आवास (बूथ संख्या-291) पर अपने शक्ति केंद्र के कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण को सुना।

इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' के माध्यम से साझा किए गए विचार सकारात्मक सोच, सेवा भाव, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के प्रेरणादायी कार्यों और उपलब्धियों को देश के सामने लाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे कार्यकताओं एवं आम नागरिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जनकल्याण की भावना के साथ समाज एवं देश के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पप्पू सिंह



पप्पू सिंह।

दरभंगा (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग न केवल राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि यह कांग्रेस की हताशा और वैचारिक दिवालियेपन को भी उजागर करता है।पप्पू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। राजनीतिक विरोध लोकतंत्र का अभिन्न अंग है, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना और संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कांग्रेस जैसी पुरानी राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से देश अधिक जिम्मेदार और मर्यादित आचरण की अपेक्षा करता है। कांग्रेस नेतृत्व को अपनी राजनीतिक भाषा और आचरण पर आत्ममंथन करना चाहिए। जनता के बीच अपनी नीतियों और उपलब्धियों के आधार पर विश्वास अर्जित करने के बजाय यदि कांग्रेस नेतृत्व इस तरह की बयानबाजी का सहारा लेता है, तो इससे उसकी राजनीतिक विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं।

बिविप स्नातक व शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर निषेधाज्ञा जारी

27 अक्टूबर को खेल भवन-सह-व्यायामशाला, लहेरियासराय में होगी मतगणना

■ मतगणना स्थल के 200 गज की परिधि में अनावश्यक भीड़ जुटाने पर प्रतिबंध



मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते।

दरभंगा (एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधान परिषद् के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के लिए 27 अक्टूबर 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। मतगणना का कार्य प्रातः 08:00 बजे से खेल भवन-सह-व्यायामशाला, लहेरियासराय स्थित मतगणना स्थल/बज्रगृह में प्रारंभ होगा।

मतगणना के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतगणना संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा श्री कौशल कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत मतगणना स्थल एवं उसके आसपास निषेधाज्ञा जारी की है। जारी आदेश के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 को प्रातः 06:00 बजे से मतगणना कार्य समाप्त होने तक मतगणना केंद्र के चारों ओर 200 गज की परिधि में अनावश्यक भीड़ लगाने अथवा मजमा बनाने पर प्रतिबंध रहेगा।* इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, लाठी, भाला, गड़ासा, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, बरछी, तीर-धनुष एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर चलने, जुलूस निकालने, धरना-प्रदर्शन करने तथा इनका प्रयोग करने पर रोक लगाई गई है। प्राधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल, कॉर्डलेस, वायरलेस, कैमरा अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना केंद्र के आसपास किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना परिणाम घोषित होने के बाद विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। प्राधिकृत वाहनों को छोड़कर अन्य किसी भी वाहन को मतगणना केंद्र परिसर तक प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन एवं मतगणना से संबंधित ऐसे किसी भी कागजात का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, जिससे मतगणना की गोपनीयता भंग होने की आशंका हो। सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति मतगणना अभिकर्ता नहीं हो सकेंगे।आदेश में शासकीय कार्य में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा धारित आग्नेयास्त्रों को निषेधाज्ञा से अपवादस्वरूप बाहर रखा गया है। इसी प्रकार, सिख धर्मावलंबियों द्वारा धारण किए जाने वाले कृपाण तथा धार्मिक परंपरा के अनुसार धारित किए जाने वाले शस्त्रों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। शासकीय कार्य में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, मतगणना कार्य में लगे पदाधिकारी-कर्मचारी तथा आपातकालीन सेवाओं में लगे वाहनों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार छूट दी गई है। निर्वाचन लड़ने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जो वर्तमान में सांसद, विधायक अथवा विधान पार्षद हैं और जिन्हें मतगणना कक्ष में उपस्थित रहना आवश्यक है, उन्हें मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। हालांकि, उनके सुरक्षा गार्ड को शस्त्र सहित मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दरभंगा की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, दरभंगा की छात्रा ने मारी बाजी



बरला ओपन माइंस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा।

दरभंगा (एनएसबी)। जमुई में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दरभंगा की बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में दरभंगा की अंडर-14 बालिका टीम ने कांस्य पदक तथा अंडर-19 बालिका टीम ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, दरभंगा की चयनित छात्राओं सुप्रिया, हुमायरा एवं सुरुचि का विशेष योगदान रहा। दरभंगा जिला टीम में चयनित होकर इन छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे उनका निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा प्रशिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। यह उपलब्धि न केवल दरभंगा जिले के लिए गर्व का विषय है,बल्कि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, दरभंगा की ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों, विशेष रूप से सुप्रिया, हुमायरा एवं सुरुचि को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। विद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और आशा करता है कि वे भविष्य में भी खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल करेंगी।

आईएपी की 20वीं पेडियाट्रिक पीजी क्विज मे भागलपुर की टीम विजेता

■ दरभंगा मेडिकल कॉलेज उपविजेता, कोलकाता के जोनल राउंड में भाग लेगी विजयी टीम



टीम के साथ पदाधिकारी एवं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) की 20वीं पेडियाट्रिक पीजी क्विज का डिवीजनल राउंड दरभंगा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन डिवीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. एन. पी. गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. रिजवान हैदर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनी शंकर ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सह प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार की भी प्रमुख उपस्थिति रही।

कॉलेज स्तर की प्रतियोगिताओं में चयनित चार मेडिकल कॉलेजों की टीमों ने इस चरण में भाग लिया। विभिन्न राउंड के बाद जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, भागलपुर के डॉ. सुमित कुमार और डॉ. अमिताभ कुमार द्विवेदी ने 90 अंक प्राप्त कर विजेता का खिताब जीता। वहीं दरभंगा मेडिकल कॉलेज की डॉ. आयुषी गुप्ता और डॉ. शिखा कुमारी की टीम 80 अंकों के साथ उपविजेता रही। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बेतिया के डॉ. पीयूष राज और डॉ. स्वाति सुभ्रम की टीम ने 40 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर की डॉ. ज्योति और डॉ. हेमंत कुमार की टीम 25 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही।प्रतियोगिता में नवजात शिशुओं से लेकर किशोरावस्था तक की बीमारियों, उनकी पहचान, उपचार और बाल स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछे गए। आयोजन का उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करना, नैदानिक निर्णय क्षमता विकसित करना तथा उनमें अध्ययन और शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना था।कार्यक्रम में आईएपी दरभंगा के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश, शिशु रोग विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट, स्नातकोत्तर विद्यार्थी तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉ. सरिता कुमारी ने स्कोरर और डॉ. रोशन कुमार ने टाइमकीपर की जिम्मेदारी निभाई।विजेता भागलपुर की टीम आगामी 5 नवंबर को कोलकाता में होने वाले जोनल राउंड में भाग लेगी। प्रतियोगिता का राष्ट्रीय अंतिम चरण कोयंबटूर में आयोजित होने वाले आईएपी के राष्ट्रीय सम्मेलन में होगा।

संक्षिप्त खबरें

प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उत्पादन वितरण शिविरि आज

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के किसानों को फसलों की पैदावार और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण के द्वारा 26 अक्टूबर को रवि महाअभियान के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उत्पादन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह ने बताया कि इस को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है. सभी किसानों को किसान भवन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विभाग द्वारा रवि महोत्सव में विभिन्न फसलों के उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी जाएगी. इस दौरान रवि मौसम में फसलों की बुवाई एव तकनीकी प्रशिक्षण के साथ कई पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा.

117 लीटर नेपाली शराब लदे नाबालिग बाइक चालक पकड़ा गया

लदनियां (एनएसबी)। एसएसबी पिपराही समवाय के जवानों द्वारा शुक्रवार को इंडो नेपाल सीमा पीलर संख्या-253 के पास भारतीय सीमा में 117 लीटर नेपाली देसी शराब के साथ 17 वर्षीय नावालिग को पकड़े जाने की बात सामने आया है।

इस बाबत पु नि सह थाना अध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह ने एसएसबी पिपराही समवाय के सहायक उप निरीक्षक बिला राम के आवेदन के अलोक में कांड संख्या - 457 /026 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।सहायक उप निरीक्षक बिला राम ने प्राथमिकी में कहा है , कि पकड़ा गया आरोपी 17 वर्षीय गौतम कुमार चौधरी पिता मनोज कुमार महथा लदनियां गांव का रहने वाला है। जो बाइक पर 117 लीटर नेपाल से देसी शराब लेकर आ रहा था. एसएसबी जवानों आरोपी को माखन टोला के पास रंगे हाथ पकड़ लिया गया, और विधिवत कारवाई के लिए थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक मुकुंद रंजन कुमार सिंह को सौंप दिया है। थाना अध्यक्ष ने एस एस बी के द्वारा तैयार आवेदन, एवं जप्ती सूची के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करते हुए गहन पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुछताछ से प्राप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करों के विरुद्ध जाल बिछा कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

गायत्री चेतना केंद्र लदनियां के द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन



आंख जांच करते डॉक्टर।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र लदनियां हटिया गाछी स्थित गायत्री चेतना केंद्र (शक्तिपीठ) के मुख्य ट्रस्टी उपेंद्र पासवान, जिला समन्वयक गायत्री परिवार मधुबनी के अमुल्य भारद्वाज एवं राम उदगार चौधरी के देखरेख में निः शुल्क ऑखों का जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अखंड ज्योति ऑख अस्पताल मस्तीचक ,सारण के चिकित्सक डॉ अनरिब शारिब के सम्पूर्ण टीम के साथ लगभग दो सै लोगों का ऑख चांज किया गया। जिसमें चिंहित मोतीयाबिन मरीजों के सफल ऑपरेशन के लिए गायत्री ट्रस्ट के माध्यम से निः शुल्क ऑपरेशन कराया जा रहा है। इस में लोगों को आने जाने, रहने,दवा , एवं चस्मा का खर्च गायत्री ट्रस्ट के द्वारा वहन किया जाता है। मुख्य ट्रस्टी गायत्री चेतना केंद्र लदनियां का कहना है कि इस तरह के शिविर का आयोजन गायत्री परिवार के विभिन्न केंद्रों पर गायत्री ट्रस्ट के माध्यम से प्रत्येक माह लगाया जाता है। विशेषकर लदनियां गायत्री चेतना केंद्र पर गायत्री ट्रस्ट के द्वारा हर माह शिविर का आयोजन भिन्न-भिन्न गायत्री ऑख अस्पताल के कुशल चिकित्सक के माध्यम से ऑख जांच शिविर का सफल आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि अभी तक सैकड़ों लोगों का जांच एवं मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया गया है। इस केंद्र पर प्रखंड क्षेत्र के अलावा परोसी देश नेपाल से भी लोग आते हैं'

माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल दिया मद्य निषेध नही करने का संदेश



आंख जांच करते डॉक्टर।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी एव शिवौल सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा समाज में मद्य निषेध एवं नशा मुक्ति को लेकर प्रभात फेरी निकल गई. प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यालय के बच्चों ने संपूर्ण पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर आमजनों को नशा मुक्ति एवं शराबबंदी के प्रति जागरूक किया. छात्र-छात्राओं के हाथों में मद्य निषेध से जुड़े संदेशों वाली तख्तियाँ थीं। बच्चों ने "नशा हटाओ, जीवन बचाओ" और "स्वस्थ समाज अपनाएंगे, शराब को दूर भगाएंगे" जैसे गगनभेदी नारों के साथ स्थानीय लोगों से शराब एवं किसी भी प्रकार का नशा न करने की भावुक अपील की. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय उपस्थिति रही. प्रभात फेरी के दौरान बच्चों से प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य का नाश करता है. बल्कि पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है. एक स्वस्थ और शिक्षित समाज के निर्माण के लिए मद्य निषेध अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय परिवार द्वारा चलाए गए इस जन-जागरूकता अभियान और बच्चों के इस प्रयास की स्थानीय ग्रामीणों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की. प्रभात फेरी में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ और सैकड़ों छात्र-छात्राएँ शामिल थे।

एकटा बात कहब हम' गीत हुआ रिलीज



कार्यक्रम में उपस्थित।

मधुबनी (एनएसबी)। जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवि अजित आजाद लिखित मैथिली गीत 'एकटा बात कहब हम' रिलीज किया गया. इसे स्वर दिया है भीमनाथ झा और अनुराधा गुप्ता ने जबकि संगीत से संवारा है आलोक कुमार झा ने वहीं इसमे अपने अभिनय से सजाया है तुषार और स्नेहा ने. कोजगरा पर्व के पावन सुअवसर पर जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन के कार्यालय में आयोजित इस गीत रिलीज मैथिली सिनेमा के वरिष्ठ कलाकार शुभ नारायण जी ने किया! समारोह में नगर के कई संगीत प्रेमी और गणमान्य उपस्थित थे! जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन के प्रोड्यूसर सुनील कुमार झा ने कहा कि हम इस रचनात्मक गीत के माध्यम से भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान देना चाहते हैं. नई पीढ़ी को इस भाषा की प्राचीनता और महत्व बताना चाहते हैं. इसका संगीत भी उच्च कोटि का है!

जयनगर में 16 लाख का पटाखा जब्त, हड़कंप

डीएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में गुप्त सुचना पर हुयी छापेमारी

जयनगर (एनएसबी)। जयनगर बाजार के शहीद चौक निकट पटाखे के अवैध कारोबारी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सुचना पर एक कारोबारी के घर रूपी दुकान व गोदाम लाखो का पटाखा जब्त किया।

घंटो चली छापेमारी में करीब 60 से अधिक बड़े व छोटे काटून में विभिन्न रूप के पटाखे जब्त किया गया है। छापेमारी शहीद चौक स्थित राजाबाबू गली में हुयी है। इधर छापेमारी से इस कारोबार से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप देखी जा रही है। डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना पर शनिवार को घर रूपी दुकान व गोदाम में छापेमारी किया गया। जहां से करीब 60 काटून पटाखा बरामद हुआ है। हालांकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। जब्त पटाखे की एमआरपी कीमत करीब 15 लाख है। छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर मोनिका कुमारी,सुनंदा कुमारी समेत पुलिस दल शामिल थे। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।



जब्त पटाखे की सूची बनाते अधिकारी।

भारत-नेपाल सीमा पर 16.5 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, एक नेपाली गिरफ्तार

जयनगर (एनएसबी)। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर की ह्यएह्ल समवाय के अंतर्गत सीमा चौकी फुलहर के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब बरामद करने के साथ एक नेपाली नागरिक को पकड़ा गया यह कार्रवाई हरलाखी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीमा क्षेत्र पर की गई।

सीमा चौकी फुलहर के कार्यक्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 288/16 से भारत की ओर लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी पर नाका लगाया गया था। इसी दौरान नेपाल की ओर से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक व्यक्ति को सिर पर बोरी में सामान लेकर आते हुए देखा गया। नाका पार्टी ने उक्त व्यक्ति को रोककर तलाशी ली, जिसमें मैकडॉवेल्स नंबर-1 (लक्जरी)ह्ल अंग्रेजी शराब की 44 बोतलें, प्रत्येक 375 मिलीलीटर, कुल 16.5 लीटर बरामद हुईं।जब्ती का विवरण इस प्रकार -मैकडॉवेल्स नंबर-1 (लक्जरी) अंग्रेजी शराब।कुल मात्रा 44 बोतलें (प्रत्येक 375 मिलीलीटर), कुल 16.5 लीटर।जब्ती स्थल सीमा स्तंभ संख्या 288/16 से लगभग 1.5 किलोमीटर, भारतीय क्षेत्र, फुलहर रहा।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान संजय यादव, उम्र 22 वर्ष, पिताझ्रराजेन्द्र यादव, निवासी ग्राम मुखियापट्टी, जिला धनुषा, थाना मुसिजिया, जनकपुर, नेपाल के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने बताया कि शराब नेपाल निवासी आनंद यादव से खरीदी गई थी तथा इसे फुलहर गांव में बेचने के उद्देश्य से भारतीय क्षेत्र में लाया जा रहा था।तत्पश्चात बरामद शराब एवं पकड़े गए व्यक्ति से संबंधित जब्ती एवं गिरफ्तारी सूची तैयार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु थाना हरलाखी, जिला मधुबनी को सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। कमांडेंट, 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के नेतृत्व में वाहिनी के जवान भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की रोकथाम के लिए सतर्कता एवं मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। सीमा पर ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।

विवाहिता की हत्या के मामले का त्वरित उद्भेदन, आरोपी पति गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 22 अक्टूबर को वादी मो० माजिद, साकिन डुमरा थाना रुद्रपुर, जिला-मधुबनी द्वारा अपनी बहन के लापता होने एवं ससुराल पक्ष द्वारा हत्या किए जाने की आशंका को लेकर एक लिखित आवेदन रूद्रपुर थाना को समर्पित किया गया था। प्राप्त आवेदन के आधार पर रुद्रपुर थाना कांड सं०- 123/2026,दर्ज कर त्वरित अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष, रुद्रपुर थाना के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त मो० अमिरुल्लाह अंसारी को दिनांक-24.10.2026 को पुलिस अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ की गई।

पूछताछ के क्रम में अभियुक्त मो० अमिरुल्लाह अंसारी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए खुलासा किया कि उसने दिनांक-03/04.10.2026 की रात्रि करीब 01:00 बजे चरित्र संदेह के विवाद को लेकर गुस्से में आकर अपनी पत्नी गुलशन खातुन के सिर पर पहले लकड़ी के कुंदे से वार किया तथा बेहोशी की हालत में चाकू से गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने की नीयत से अभियुक्त ने शव को ग्राम जमला स्थित एक फर्नीचर दुकान में रखकर जलाने का प्रयास किया, किंतु शव पूर्णतः नहीं जलने के कारण उसने अर्धजले शव को जमीन में गड्ढा खोदकर लकड़ी के बुरादे से ढक दिया था। तदोपरांत पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम जमला स्थित स्थल से अपहृता सह मृतका गुलशन खातुन का अर्धजला शव बरामद कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू एवं अन्य भौतिक साक्ष्य विधिवत जब्त किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त मो० अमिरुल्लाह अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है तथा अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

तातारस्तान इनिशिएटिव फॉर म्यूच्यूअल एफिशिएंसी फोरम, कजान (रूस) में डॉ. संत कुमार चौधरी की बड़ी उपलब्धि

रूस के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

मधुबनी (एनएसबी)। कजान, रूसः शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जयपुर एवं न्यू दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एनडीआईआईटी), नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने तातारस्तान गणराज्य के प्रतिष्ठित तातारस्तान इनिशिएटिव फॉर म्यूच्यूअल एफिशिएंसी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस के तीन अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

यह मंच भारत-रूस सहयोग को मजबूत करते हुए शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा प्रदान करता है। फोरम में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों, नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों ने भाग लिया। फोरम के दौरान डॉ. चौधरी ने शंकरा ग्रुप एवं ठउक्कक्कट की शैक्षणिक, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास पहलों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने सराहना की। इस अवसर पर रूस के तीन प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू संपन्न हुएः पहला एमओयू अल्मेतयेव्स्क स्टेट टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी - पेट्रोलियम हायर स्कूल के साथ हुओ इस सहयोग के अंतर्गत छात्र, संकाय और शोधकताओं के आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं, सम्मेलनों, सेमिनारों, शैक्षणिक प्रकाशनों तथा अल्पकालिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरा एमओयू हर्जेऩ स्टेट पेडागॉजिकल यूनिवर्सिटी, सेंट पीटर्सबर्ग के साथ हुओ इस समझौते के माध्यम से संकाय एवं विशेषज्ञ आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाएं, व्याख्यान, कार्यशालाएं, पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक प्रकाशनों का आदान-प्रदान तथा मास्टर और डॉक्टरेट स्तर पर शोध सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। तीसरा एमओयू फाइनेंशियल यूनिवर्सिटी अंडर द गवर्नमेंट ऑफ द रशियन फेडरेशन के साथ हुओ इस सहयोग का उद्देश्य अर्थशास्त्र, प्रबंधन, विधि, उद्यमिता, नवाचार और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इन समझौतों से छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, नवाचार और वैश्विक शैक्षणिक अवसरों को नई गति मिलेगी। साथ ही, कई अन्य रूसी विश्वविद्यालयों ने भी शंकरा ग्रुप और एनडीआईआईटी के साथ भविष्य में शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग की रुचि व्यक्त की। डॉ. संत कुमार चौधरी की यह उपलब्धि भारत और रूस के बीच शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो दोनों देशों के विद्यार्थियों, शोधकताओं और संस्थानों के लिए नए अंतरराष्ट्रीय अवसरों के द्वार खोलेगी।



दोनों देश के प्रतिनिधि।

विकसित भारत, विकसित बिहार, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और जनभागीदारी के संकल्प को सशक्त बनाएं

मधुबनी (एनएसबी)। रविवार को मधुबनी शहर के सुभाष चौक स्थित बूथ संख्या -44 भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्रवण पूर्वे के इंडिया गोल्ड प्लाजा द वेंडिंग मॉल के ऊपरी हॉल में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात 139 वां एपिसोड लाइव प्रसारण टेलीविजन के माध्यम से सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सासंद डा अशोक कुमार यादव, विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर, मेयर अरूण राय, जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा,देवेंद्र कुमार यादव, सुबोध चौधरी, जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, राधा देवी, सतीश ठाकुर, प्रंशात ठाकुर, आदित्य झा, कन्हैया साह, विष्णु राउत, नागेन्द्र राउत,वरूण कुमार लाल दास, विरेन्द्र मेहता, रोहित प्रसाद, रवि सिंह, नगर अध्यक्ष पिन्टू रौनियार, रीना सर्राफ, मीना देवी, चन्द्रशेवरी देवी, धुव्र नारायण त्रिपाठी, अशोक राम, आयुष सिंह, अभिनव इशान, रवि महतो, राम पुकार ठाकुर, मनीष करण, अमरजीत सिघंनिया, सुनील कुंवर, जगरनाथ राय, रवि रंजन, वार्ड पार्षद बद्री राय, अरूण प्रसाद, चंदन चौधरी, विजेता झा, मनीष रजंन, महेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मन की बात कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर सासंद डा अशोक कुमार यादव ने कहा कि मन की बात एक संवाद कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के कोने कोने में हो रहें सकारात्मक प्रयासों, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के संकल्प जानने का माध्यम है। बिहार के मखाना की वैश्विक पहचान से लेकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तक यह कार्यक्रम भारत का सार्मथ्य और लौगों के परिश्रम की प्रेरक झलक प्रस्तुत करता है।



प्रधानमंत्री की मां की बात सुनते।

कमला महोत्सव को लेकर बैठक, 23 नवम्बर को जयनगर में कमला महोत्सव मनाया जाएगा

जयनगर (एनएसबी)। सीमावर्ती शहर जयनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित कमला नदी पर कमला महोत्सव की तैयारी को लेकर शनिवार को जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण युवा रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीओ दिपक कुमार, एसडीपीओ सदानंद कुमार,डीसीएलआर प्रवीण कुमार, बीडीओ राजीव रंजन कुमार, सीओ अखिलेश चौधरी, ईओ सुनिल कुमार, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रमण कुमार, उप मुख्य पार्षद माला देवी तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष उद्धव कुंवर, भाकपा-माले सचिव भूषण सिंह, कांग्रेस के अनुरंजन सिंह, जदयू अध्यक्ष राज कुमार सिंह, माकपा अध्यक्ष कुमार राणा प्रताप सिंह, राजद के प्रदीप कुमार यादव, बासपा अध्यक्ष मो. साबिर समेत अन्य मौजूद थें। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर कमला नदी के पवित्र तट पर बिहार सरकार द्वारा भव्य कमला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा राजकिय रुप से कमला महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। इसी उद्देश्य को लेकर आज जयनगर अनुमंडल कार्यालय सभागार में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमे प्रशासनिक पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 23 नवम्बर को जयनगर स्थित कमला तट पर भव्य कमला महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित करने का विचार विमर्श हुआ साथ ही इसको लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी एवं समाजिक कार्यकताओं की एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इसी समिति की देखरेख में कमला महोत्सव का आयोजन होगा। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। कमला नदी पर केन्द्रित बिहार का यह पहला राजकिय महोत्सव होगा जो कमला नदी को समर्पित होगा। वर्षो से जयनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित कमला तट पर भव्य कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन होता रहा है। जिसमे भारत नेपाल के लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। वर्षो से इस कार्तिक पूर्णिमा मेला को राजकीय दर्जा देने की मांग की जा रही था। जिसे स्थानीय विधायक सह मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के अथक प्रयास से कमला महोत्सव को राज्य सरकार द्वारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार के इस निर्णय से जयनगर के लोगों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।



बैठक करते समिति के लोग।

अवैध पटाखा बिक्री, भंडारण एवं निर्माण पर विधिसम्मत सख्त कार्रवाई का डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों को दिया निर्देश

दीपावली के मद्देनजर पटाखा दुकानों की सघन जांच के लिए संयुक्त जांच दल गठित

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने अवैध पटाखा कारोबार के विरूद्ध सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सघन अभियान चलाने का निदेश दिया है। अधिकारीद्वय ने कहा कि आसूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध पटाखा निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर सख़्ती से रोक लगायी जाए।

दोनों अधिकारियो ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखों की बिक्री, अवैध भंडारण एवं असुरक्षित तरीके से पटाखा दुकानों के संचालन की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एवं प्रखंडों में पटाखा दुकानों की जांच एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई के लिए संयुक्त जांच दलों का गठन किया है।

नगर थाना, काजी मोहम्मदपुर, सदर, मिठनपुरा, ब्रह्मपुरा, अहियापुर, बेला, विश्वविद्यालय एवं सिकंदरपुर थाना क्षेत्रों में जांच दल गठित किया गया है। प्रत्येक जांच दल में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

अधिकारियों को पटाखा दुकानों की जांच प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। जांच दलों को दुकानदार के पास पटाखा बिक्री की वैध अनुज्ञप्ति उपलब्ध है या नहीं, अनुज्ञप्ति किसके नाम से निर्गत है तथा वास्तविक रूप से बिक्री कौन कर रहा है, अनुज्ञप्ति में पटाखा बिक्री के लिए मानक निर्धारित किया गया है या नहीं, अनुज्ञप्ति में निर्धारित शर्तों एवं मानकों का पटाखा बिक्री के लिए अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है या नहीं, अनुज्ञप्ति में पटाखा बिक्री के लिए स्थान (कमरा) चिह्नित है अथवा नहीं, पटाखा बिक्री के लिए निर्धारित स्थल एवं परिसर का उपयोग नियमानुसार किया जा रहा है या नहीं, आग एवं अन्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम उपलब्ध है या नहीं आदि बिन्दुओं की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ हीं जांच दल में शामिल अधिकारियों को अवैध रूप से संचालित पटाखा दुकानों को बंद कराने के लिए विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा पटाखों के अवैध भंडारण तथा अवैध निर्माण से संबंधित सूचनाएं एकत्र कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



पटाखा के अवैध निर्माण बिक्री और भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश जारी करते डीएम और एसएसपी।

सभी प्रखंडों में भी होगी सघन जांच

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त आदेश में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में पटाखा दुकानों की सघन जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जांच दलों को अपनी जांच एवं कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (एटीआर) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं वरीय उप समाहर्ता प्रभारी, जिला सामान्य शाखा, मुजफ्फरपुर को प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के आलोक में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी एवं मुजफ्फरपुर पश्चिमी को अपने-अपने क्षेत्र में जांच कार्य का अनुश्रवण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। दोनों अधिकारियो ने जिलान्तर्गत सभी अनुमंडल पदाधिकारियों तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अवैध पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु धावा दल को सतत क्रियाशील रखने तथा दोषियों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निदेश दिया है।

संक्षिप्त खबरें

बूढ़ी गंडक नदी से अज्ञात युवक का शव बरामद

मुशहरी के राजवाड़ा डीह में मिला 35 वर्षीय युवक का शव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवाड़ा डीह स्थित बूढ़ी गंडक नदी से रविवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। नदी में शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस युवक की पहचान करने और उसकी मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने बूढ़ी गंडक नदी में एक युवक का शव तैरते हुए देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने मुशहरी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को नदी के उस पार से निकालकर किनारे लाया गया। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। बरामदगी के समय युवक काले रंग का हाफ पैंट पहने हुए था। उसके पैर में काला धागा बंधा हुआ था। पुलिस आसपास के गांवों और इलाकों में युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

मुजफ्फरपुर में 28 वर्षीय युवक की मौत, जहरीली शराब से मौत की आशंका पर पुलिस ने की छापेमारी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मनियारी थाना क्षेत्र के चैनपुर बंगरा गांव में शनिवार शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के हीं मो. शमशाद (28) के रूप में हुई है। युवक की मौत के बाद गांव में जहरीली शराब पीने से जान जाने की चर्चा फैल गई। वहीं शराब से मौत होने की भनक लगते हीं पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जहरीली शराब की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी भी की, लेकिन न तो शराब बरामद हुई और न ही किसी की गिरफ्तारी हुई। फिलहाल मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



मृतक की फाइल फोटो एवं पुलिस के पहुंचने पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

मृतक की पत्नी ने आशंका जताई कि किसी ने उसके पति को कुछ पिला दिया था। उसके अनुसार, शमशाद के घर लौटने के बाद उसका शव दरवाजे पर मिला। पत्नी ने बताया कि उसका पति पहले से ही शराब पीने का आदी था। दोनों की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। उनका एक बच्चा है और पत्नी फिलहाल गर्भवती है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने शमशाद की मौत को जहरीली शराब से जोड़ते हुए दावा किया कि गांव में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में जहरीली शराब पीने से दो-तीन लोगों की मौत हुई है। इस संबंध में पहले भी स्थानीय पुलिस से शिकायत की गई थी। हालांकि, ग्रामीणों के इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मामले में मनियारी थानाध्यक्ष श्रीकांत चौरसिया ने बताया कि युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने की सूचना मिली थी। शुरूआती जानकारी के अनुसार, वह पहले से बीमार था और शनिवार को इलाज के लिए ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। उसका शव घर के दरवाजे के पास रखा था।

प्रवासी बंधुओं की समस्याओं के समाधान के लिए मुजफ्फरपुर पुलिस लगाएगी जन-सुनवाई शिविर

मुजफ्फरपुर। दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर जिले में आने वाले प्रवासी बंधुओं की समस्याओं के समाधान और उनकी शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए मुजफ्फरपुर पुलिस की ओर से विशेष पहल की गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निदेर्शानुसार 28 अक्टूबर और 5 नवंबर 2026 को पुलिस सहायता एवं जन-सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुजफ्फरपुर पुलिस ने इस अवसर पर सभी प्रवासी बंधुओं को दीपावली एवं छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपील की है कि वे जन-सुनवाई शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं और शिकायतों को पुलिस के समक्ष रखें, ताकि उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस पहल का उद्देश्य त्योहारों के दौरान अपने घर लौटने वाले प्रवासी लोगों को पुलिस सहायता उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित करना है। मुजफ्फरपुर पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि प्रवासी बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

फेसबुक पर हुआ प्यार, प्रेम विवाह के 10 महीने बाद दर्दनाक अंत, पेट्रोल छिड़ककर जलाने का आरोप

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सोशल मीडिया पर शुरू हुआ प्रेम संबंध एक दर्दनाक घटना में बदल गया। मुजफ्फरपुर की रहने वाली 21 वर्षीय नवविवाहिता दामिनी कुमारी की सुपौल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि उसके पति संजीव कुमार साह ने शनिवार रात पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी दामिनी ने रविवार को सदर अस्पताल, सुपौल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतका के मायके में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर निवासी राजकुमार मंडल की बेटी दामिनी कुमारी की करीब 10 महीने पहले फेसबुक के माध्यम से सुपौल जिले के सरायगढ़ प्रखंड अंतर्गत लौकहा पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी संजीव कुमार साह से पहचान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और उनका संबंध प्रेम में बदल गया। बाद में दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। बताया गया है कि शादी के शुरूआती दिनों के बाद पति-पत्नी के रिश्तों में तनाव बढ़ने लगा। दामिनी एक बार अपने ससुराल लौकहा गांव में रहने के बाद मायके लौट गई थी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद होने लगा। रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को संजीव ने कथित तौर पर बातचीत और सुलह के बहाने दामिनी को मुजफ्फरपुर से अपने घर लौकहा बुलाया था। आरोप है कि रात में वह दामिनी को घर से बाहर एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसके शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से गंभीर रूप से झुलसी दामिनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरायगढ़-भपटियाही पहुंचाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दामिनी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल, सुपौल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार, आग से उसका शरीर करीब 70 प्रतिशत तक झुलस गया था। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

अवैध खाद बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

निर्माण सामग्री और परिवहन में इस्तेमाल दो पिकअप वाहन जब्त

मुजफ्फरपुर के बरियारपुर में 208 बोरी अवैध खाद बरामद, दो धंधेबाज गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर गांव में अवैध खाद के निर्माण, भंडारण और बिक्री की मिली जानकारी के बाद पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर अवैध खाद बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 208 बोरी अवैध खाद के साथ खाद बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और परिवहन में प्रयुक्त दो पिकअप वाहनों को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर ग्रामीण एसपी के पर्यवेक्षण और पूर्वी-2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी।



अवैध खाद फैक्ट्री से पुलिस द्वारा बरामद की गई उर्वरक और अन्य सामग्री।

इसमें जिला आसूचना इकाई और बरियारपुर थानाध्यक्ष को भी शामिल किया गया था। गुप्त सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने सुन्दरपुर गांव स्थित संबंधित ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान अंजन कुमार और गीता देवी को गिरफ्तार किया गया। दोनों बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से 208 बोरी अवैध खाद बरामद की। इसके अलावा खाद निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 14 पीस रिंग, तीन बाल्टी, 10 बंडल धागा, दो मग, दो कुदाल और एक इलेक्ट्रिक तराजू जब्त किया गया। मौके से 601 खाली बोरियां भी बरामद की गई है। पुलिस ने खाद के परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे दो पिकअप वाहनों को भी जब्त कर लिया है।

इस मामले में बरियारपुर थाना कांड संख्या 161/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध खाद के निर्माण और कारोबार से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

मुजफ्फरपुर से आज से शुरू होगा खेत बचाओ अभियान 2026

राज्यभर में चलेगा कृषि जन कल्याण संवाद

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार सरकार के कृषि विभाग की ओर से ह्यखेत बचाओ अभियान 2026 सह कृषि जन कल्याण संवाद कार्यक्रमह्न का शुभारंभ सोमवार 26 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर से किया जाएगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा इस अभियान की शुरूआत करेंगे। इसका उद्देश्य खेतों के संरक्षण, किसानों को जागरूक करने और कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। यह अभियान 26 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक राज्यभर में चलाया जाएगा।



खेत बचाओ अभियान का आज कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे उद्घाटन।

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में वार्सतिक (रबी) महाभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान पर भी जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान प्राकृतिक खेती, समेकित कीट प्रबंधन, दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने, बीज वितरण, फसल विविधीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, फार्मर आईडी, डिजिटल एग्रीकल्चर और कृषि यंत्रीकरण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और उद्यानिकी फसलों से संबंधित जानकारी भी किसानों को दी जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं, वित्तीय सहायता, विपणन सुविधाओं और वैज्ञानिक खेती की तकनीकों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने की भी योजना है। इससे कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के साथ खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि खेतों का संरक्षण कृषि विभाग, किसानों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना, जल संरक्षण करना और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

एमएलसी चुनाव : मतगणना को लेकर करीब 100 अफसरों को दे गई ट्रेनिंग

27 अक्टूबर को एमआईटी में सुबह 7 बजे से होगी मतगणना, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन - 2026 की मतगणना को लेकर रविवार को एमआईटी के एवी हॉल में प्रमंडलस्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। निवार्ची पदाधिकारी सह तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जिले के करीब 100 मतगणना पर्यवेक्षकों एवं सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना टेबल पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, प्रारंभिक एवं विस्तृत गणना, मतपत्रों की गिनती और डाटा एंट्री सहित विभिन्न दायित्वों की जानकारी दी गई। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजू कुमार एवं सृष्टि प्रिया तथा मास्टर ट्रेनरों ने निर्वाचन आयोग के नियमों और निदेर्शों के अनुरूप मतगणना कराने की प्रक्रिया समझाई। मतगणना 27 अक्टूबर को सुबह सात बजे से एमआईटी के प्रशासनिक भवन में होगी। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतगणना हॉल में 14-14 गणना टेबल निर्धारित किए गए हैं। मतपत्रों की पहले मतदान केंद्रवार संख्यात्मक गिनती होगी, फिर उन्हें मिश्रित कर अभ्यथीवार गणना की जाएगी। कार्यशाला में आयुक्त ने पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा के साथ मतगणना संपन्न कराने तथा आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश मतगणना कर्मियों को दिया। मतगणना परिसर में केवल वैध पहचान पत्रधारियों को हीं प्रवेश दिए जाने का निर्देश दिया गया है।



प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते प्रमंडलीय आयुक्त।

लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता के लिए भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी की विशेष बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी की ओर से रविवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने किया। समापन पर पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में सभी कार्यकताओं को सक्रिय सहयोग देना चाहिए। वहीं मंत्री रमा निषाद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से मतदाता सूची से संबंधित सही जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और चुनाव आयोग एवं संवैधानिक संस्थाओं को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम के प्रति जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि कार्यकताओं को विपक्ष के आरोपों और कथित भ्रामक प्रचार का तथ्यों के आधार पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने तथा बूथ स्तर पर जनसंपर्क और जन-जागरण अभियान को मजबूत बनाने की अपील की।



बैठक को संबोधित करती मंत्री रमा निषाद।

पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मीनापुर शाखा का पुनर्गठन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मीनापुर शाखा का पुनर्गठन रविवार को सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान शाखाध्यक्ष मनीष कुमार ने की। बैठक में पूर्व नौसैनिक मनोज कुमार सिंह को अध्यक्ष, दिलीप कुमार शर्मा को सचिव तथा के के सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह, महासचिव बीरेंद्र कुमार, सचिव अरुण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रणविजय कुमार सहित राम बाबू सिंह, शिवनाथ सिंह, शिवेंद्र प्रसाद सिंह एवं जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

पत्रकारों की पेंशन और सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर : लखेंद्र

जन्दाहा में हमारी आवाज पत्रकार सम्मेलन का हुआ आयोजन

पत्रकार सुरक्षा आयोग और कल्याण कोष के गठन की उठी मांग

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मीडिया फॉर बॉर्डर हामोर्नी के तत्वावधान में वैशाली जिले के जन्दाहा प्रखंड में रविवार को ह्यहमारी आवाज पत्रकार सम्मेलनह्न का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बिहार सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



सम्मेलन में मंचासीन अतिथि गण।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और विकसित भारत के निर्माण में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पत्रकार अपने परिवार के साथ-साथ समाज की समस्याओं को भी प्राथमिकता देते हैं और कई बार जोखिम उठाकर जनहित के मुद्दों को सामने लाते हैं। मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कहा कि मीडिया फॉर बॉर्डर हामोर्नी की ओर से उठाई गई मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे वरीय पत्रकारों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को पेंशन योजना से जोड़ने की पहल की जाएगी। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए पत्रकार सुरक्षा आयोग तथा पत्रकार कल्याण कोष के गठन की मांग पर भी सरकार के स्तर पर पहल की जाएगी। वहीं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष विधायक उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पत्रकार जान जोखिम में डालकर समाज की आवाज को उठाते हैं। सरकार उनकी समस्या को हर स्तर पर निदान करेगी। इस संगठन की स्थापना 2005 में हुई और उस समय से बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों को बीमा योजना, पेंशन योजना दिया। आने वाले में जो भी मांग है उसे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर हमारी आवाज कार्यक्रम में जो भी मांग पत्र दिया गया है उसको निदान करने की पहल करेंगे।

सम्मेलन में उपस्थित पूर्व सांसद रामा किशोर सिंह ने पत्रकारों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के लिए सरकारी स्तर पर बैठने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि उन्हें अपने कार्यों के निष्पादन में सुविधा मिल सके।

पत्रकार सम्मेलन में अब वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, बेतिया और सारण जिले के साथ नेपाल के पत्रकार शामिल हुए। सम्मेलन में पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा, सम्मान, मान्यता और कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न मांगों को सर्वसम्मति से पारित कर सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया फॉर बॉर्डर हामोर्नी के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने की। जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक ब्रजेश ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि पत्रकार अमरेंद्र तिवारी ने मंच संचालन किया।

भुतही में पैसे के लेन-देन के विवाद में हुई थी हत्या : एएसपी आशीष आनंद

हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



जानकारी देते एएसपी आशीष आनंद व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भुतही थाना क्षेत्र के तिलंगही गांव में पैसे के लेन-देन को लेकर हुई हत्या के मामले में भुतही थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मामले के मुख्य आरोपी रामनारायण महतो को परसा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी आशीष आनंद ने दी गिरफ्तारी की जानकारी : भुतही थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एडीशनल एसपी सह सदर एसडीपीओ-2 आशीष आनंद ने बताया कि हत्या की घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस की लगातार दबिश और तकनीकी अनुसंधान के चलते आरोपी अधिक दिनों तक पुलिस से बच नहीं सका। आखिरकार पुलिस टीम ने रणनीति के तहत जाल बिछाकर उसे परसा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

एडीशनल एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, हत्या की वारदात पैसे के आपसी लेन-देन से जुड़े विवाद के कारण हुई थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से मामले के संबंध में आगे की पूछताछ कर रही है। साथ ही, उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर परशुराम सिंह, भुतही थानाध्यक्ष चन्द्रगुप्त कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

बैरगनिया : एक माह बाद भी सोनाक्षी का शव बरामद नहीं

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। लालबकैया नदी के जमुआ घाट पर ऐतवार पर्व के दौरान स्नान करने गई दो सगी बहनों में छोटी बहन सोनाक्षी कुमारी (8) का शव एक माह चार दिन बाद भी बरामद नहीं हो सका है। इससे परिजन गहरे सदमे में हैं और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जमुआ वार्ड-14 निवासी मजदूर राजकरन राय की दोनों पुत्रियां नदी में डूब गई थीं। घटना के तीसरे दिन बड़ी बहन राधा कुमारी (10) का शव बरामद कर लिया गया था, लेकिन सोनाक्षी का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। बेटी के लापता रहने से पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया प्रतिनिधि जहांगीर आलम, सरपंच प्रमोद कुमार सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सोनाक्षी की तलाश के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देने तथा आवश्यक कार्रवाई तेज करने की मांग की है। ग्रामीणों ने वर्ष 2023 में इसी नदी में डूबकर लापता हुए पचटकी राम गांव निवासी सुशील कुमार (17) का मामला भी उठाया। उनका शव भी बरामद नहीं हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार, उनकी विधवा मां को अब तक सरकारी सहायता नहीं मिली है। उन्होंने प्रशासन से लापता व्यक्तियों के मामलों में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

सीतामढ़ी में सक्षम का प्रांतीय अधिवेशन एक नवंबर को, मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता करेंगी उद्घाटन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) के उत्तर बिहार प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन आगामी 1 नवंबर को सीतामढ़ी के रिंगबांध स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होगा। बिहार सरकार की समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। समापन सत्र में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर एवं विधायक सुनील कुमार पिंटू शामिल होंगे।

400 प्रतिनिधियों के जुटने की संभावना, दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास के मुद्दों पर होगी चर्चा



मंत्री से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित करते आयोजन समिति के संयोजक व अन्य।

इसको लेकर आयोजन समिति के संयोजक सह सक्षम के उत्तर बिहार प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सुमन, दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष संजय कुमार तथा प्रांत सचिव अजय कुमार तिवारी ने मंत्री से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया।

आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने बताया कि अधिवेशन में उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से करीब 400 सामाजिक कार्यकताओं, चिकित्सकों, पुनर्वास विशेषज्ञों और दिव्यांगजनों के भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के अधिकार, पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सक्षम दिव्यांगजनों की क्षमताओं को प्रोत्साहित करने, उन्हें सम्मानजनक जीवन के अवसर उपलब्ध कराने और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अधिवेशन इन प्रयासों को गति देने तथा विभिन्न जिलों में कार्यरत प्रतिनिधियों के बीच समन्वय बढ़ाने का अवसर बनेगा।

संक्षिप्त खबरें

सीतामढ़ी में 27 अक्टूबर को कांग्रेस के वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को बूथ और ग्राम स्तर तक प्रभावी बनाने के लिए एआईसीसी के केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल 27 अक्टूबर को सीतामढ़ी में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम चार बजे होने वाली इस बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), फ्रंटल संगठनों और अभियान से जुड़े प्रमुख कार्यकताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान मतदाता सूची का बूथवार सत्यापन, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित और सूची से हटाए गए मतदाताओं की पहचान, वोट रक्षक पोर्टल के इस्तेमाल, बीएलए व कार्यकताओं के प्रशिक्षण तथा गांवों में ह्यवोट बचाओ-देश बचाओ चौपालह्ल के आयोजन पर चर्चा होगी। जयसिंह अग्रवाल अभियान को संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक बूथ और गांव तक पहुंचाने पर जोर देंगे। बैठक में पात्र मतदाताओं के मताधिकार की रक्षा के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कार्यकताओं से बैठक में समय पर शामिल होकर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

एआईसीसी पर्यवेक्षक जयसिंह अग्रवाल संगठन के पदाधिकारियों और बूथ कार्यकताओं के साथ करेंगे बैठक

एमआईटी हॉस्टल में फामेर्सी छात्र की बैट से पिटाई

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। एमआईटी कॉलेज के हॉस्टल में छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। बीटेक के कुछ छात्रों पर फामेर्सी के एक छात्र को क्रिकेट बैट से पीटकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा है। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद कॉलेज परिसर में छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हॉस्टल में किसी बात को लेकर बीटेक और फामेर्सी के छात्रों के बीच विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बीटेक के कुछ छात्र फामेर्सी के छात्र के कमरे में पहुंच गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान क्रिकेट बैट से पिटाई किए जाने की बात सामने आई है। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद पीड़ित छात्र और उसके परिजनों ने ब्रह्मपुरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। ब्रह्मपुरा थानाध्यक्ष विपिन रंजन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मारपीट के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपित छात्रों की तलाश करने के साथ ही मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों संकायों के छात्रों के बीच आपसी विवाद को घटना का कारण बताया जा रहा है। हालांकि, विवाद की वास्तविक वजह का पता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हॉस्टल में हुई इस घटना से छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल है।

सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की बैठक में 21 नवंबर के प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने का आह्वान

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, को प्रह्लादपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रियदर्शिनी शाही ने की। बैठक में डॉ विजयेश कुमार मुख्य वक्ता तथा श्री सुखदेव ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सम्पूर्ण क्रांति के विचारों, जनहित से



बैठक को सम्बोधित करते मोर्चा के संयोजक।

जुड़े मुद्दों तथा आगामी 21 नवंबर 2026 को प्रस्तावित सम्पूर्ण क्रांति प्रतिरोध मार्च की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रतिरोध मार्च को लेकर जनसंपर्क बढ़ाने, लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर आम जनता से अपील की गई कि वे 21 नवंबर को प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्य वक्ता डॉ. विजयेश कुमार ने सम्पूर्ण क्रांति के उद्देश्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोगों से एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सुखदेव ओझा ने भी प्रतिरोध मार्च की तैयारियों और संगठनात्मक एकजुटता पर अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रियदर्शिनी शाही ने कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में मोहम्मद फिरोज आलम, प्रमोद झा, सुरेश प्रसाद शाही, मणि भूषण शर्मा, मनोरंजन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च के प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

संपूर्ण क्रांति मोर्चा की ओर से आम जनता से अपील की गई कि वे 21 नवंबर 2026 को प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर सामाजिक एकता और सेवा का संदेश

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, नगर शाखा, मुजफ्फरपुर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का भव्य आयोजन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की नगर शाखा, मुजफ्फरपुर की ओर से रविवार को नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाजबंधुओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक एकता, सेवा, सहयोग और समानता के संदेश को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ। इसके बाद अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया गया। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन दर्शन, न्यायप्रियता और समाज में समानता एवं सहयोग की भावना स्थापित करने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का एक रुपया, एक ईंट का सिद्धांत आज भी सामाजिक सहयोग, सद्भाव और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को अधिक सशक्त और संगठित बनाया जा सकता है। समारोह के दौरान बच्चों के लिए चित्रांकन एवं नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चित्रांकन में बच्चों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन एवं आदर्शों को उकेरा, जबकि नृत्य प्रस्तुतियों में मारवाड़ी संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा की झलक देखने को मिली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नगर शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने अतिथियों, समाजबंधुओं, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा, सहयोग, समानता और सामाजिक समरसता समाज की अमूल्य धरोहर हैं। समारोह का समापन शाम पांच बजे ह्यजय श्री अग्रसेनह्ल के जयघोष के साथ हुआ।



समारोह को सम्बोधित करते वक्ता, मंचासीन अतिथि व संगठन के पदाधिकारी।

मारवाड़ी सम्मेलन की नगर शाखा ने किया समारोह का आयोजन, चित्रांकन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मां कमला पूजनोत्सव के साथ कमलापुरी युवा मंच का गठन, ऋषभ राज बने अध्यक्ष व अमित गुप्ता सचिव



पूजनोत्सव में शामिल महासभा के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य।

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा की इकाई सीतामढ़ी कमलापुरी विकास समिति एवं कमलापुरी युवा विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक होटल में मां कमला पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रंजीत कुमार गुप्ता ने की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नंदन गुप्ता, राष्ट्रीय युवा महामंत्री उदय गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष अनंत गुप्ता उपस्थित रहे। इनके अलावा स्थानीय कमेटी के संरक्षक कैलाश साह, नीति आयोग के अध्यक्ष रामाशंकर प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, शत्रुघ्न गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, शिवचंद्र गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष रूपा गुप्ता एवं नंदा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

पूजनोत्सव के पश्चात कमलापुरी युवा मंच, सीतामढ़ी का गठन किया गया। इसमें ऋषभ राज को अध्यक्ष, शिवम स्वराज को उपाध्यक्ष, अमित गुप्ता को सचिव, राजा गुप्ता को उपसचिव तथा चंदन गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रो. रंजीत कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सामाजिक एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को पिकअप ने मारी टक्कर, 6 घायल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के कांटी थाना क्षेत्र में एनएच-27 पर छिन्नमस्तिका मंदिर के समीप रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने श्रद्धालुओं से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सभी घायल मीनापुर थाना क्षेत्र के गंगटी गांव के रहने वाले हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11 बजे वे अपने गांव गंगटी से गोपालगंज स्थित थावे मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकले थे। ऑटो में महिला और पुरुष समेत करीब नौ लोग सवार थे। इसी दौरान कांटी में छिन्नमस्तिका मंदिर के पास ओवरटेक करने के क्रम में एक पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार लोग घायल हो गए। घायल राजेश शाह ने बताया कि पिकअप की टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गए। उनके एक पैर में गंभीर चोट आई है। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट लगी है। वहीं, एक अन्य घायल मुकेश कुमार ने बताया कि पिकअप चालक ओवरटेक करने के दौरान ऑटो में टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे के बाद चालक ने वाहन रोकने की भी जहमत नहीं उठाई।

घायलों में अरुणा कुमारी, ममता कुमारी, संगीता देवी, मुकेश कुमार, चंचल कुमारी, गीता देवी और राजेश शाह समेत अन्य लोग शामिल हैं।

श्रीकृष्ण सिंह ने जमींदारी प्रथा का उन्मूलन कर सामाजिक न्याय की रखी मजबूत नींव : अमित कुमार



पटना में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीतामढ़ी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना।

सीतामढ़ी/पटना (एनएसबी)। राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा रविवार को पटना में आयोजित बाबू श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सीतामढ़ी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह ने जमींदारी प्रथा का उन्मूलन कर सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। उन्होंने छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए देवघर मंदिर में दलितों के प्रवेश की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। श्री टुन्ना ने केंद्र सरकार से मांग की कि श्रीबाबू के ऐतिहासिक योगदान को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। जयंती समारोह में सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के नेतृत्व तथा डॉ. राजीव कुमार काजू के संयोजकत्व में सैकड़ों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं आम लोग दर्जनों वाहनों से पटना पहुंचे और समारोह में शामिल हुए।

श्रीबाबू को भारत रत्न देने की उठाई मांग

25 से 31 जनवरी तक होगी वस्तानिया की परीक्षा

वस्तानिया परीक्षा का कार्यक्रम समय पर जारी करना सराहनीय कदम : एमडीओ

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से वस्तानिया (आठवीं) परीक्षा का कार्यक्रम समय पर जारी किए जाने पर मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (एमडीओ) ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संगठन के पदाधिकारियों ने बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक दिलशाद मुस्तकीम को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की है।

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार, वस्तानिया (आठवीं) की परीक्षा 25 से 31 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम समय पर जारी होने से मदरसों के छात्र-छात्राओं को अपनी तैयारी व्यवस्थित करने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। साथ ही, शिक्षकों और मदरसा प्रबंधन को भी परीक्षा की तैयारियां समय पर पूरी करने में सहूलियत होगी।

मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि परीक्षा कार्यक्रम का समय पर जारी होना मदरसा शिक्षा व्यवस्था के लिए एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई की बेहतर योजना बनाने, पाठ्यक्रम का दोहराव करने और बिना अनावश्यक मानसिक दबाव के परीक्षा में शामिल होने में मदद मिलेगी। बोर्ड की इस पहल से शैक्षणिक गतिविधियों में समयबद्धता और अनुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा।

संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि वस्तानिया परीक्षा की तरह ही फौकानिया एवं मौलवी परीक्षाओं का कार्यक्रम भी समय पर जारी किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों और मदरसा प्रबंधन को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के महासचिव सैय्यद महताब आलम, प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम, संयोजक मो. शफी अंसारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. अरमान अली , अभिभावक मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, अध्यक्ष मो जाहिद हुसैन, सचिव मो अजमल ने परीक्षा नियंत्रक दिलशाद मुस्तकीम के प्रयासों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में समय पर परीक्षा कार्यक्रम जारी करना शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संगठन के प्रतिनिधियों ने आशा व्यक्त की कि बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड भविष्य में भी इसी तरह समयबद्ध और सकारात्मक निर्णय लेकर मदरसा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर करने तथा शिक्षकों और मदरसों की शैक्षणिक समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करता रहेगा।

सीतामढ़ी में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव आज से

सीतामढ़ी (एनएसबी)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में 26 और 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। कमला बालिका उच्च विद्यालय, डुमरा में आयोजित होने वाले इस उत्सव का उद्घाटन जिलाधिकारी करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। युवा उत्सव के तहत पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और कविता लेखन शामिल हैं। आयोजन का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर संबंधित लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

सम्पादकीय

नवाचार का बेहतरीन उदाहरण

प्लास्टिक के बढ़ते प्रदूषण और खानपान में माइक्रोप्लास्टिक के खतरों से निपटने के लिए मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड के एक इंजीनियर ने अनोखा विकल्प पेश किया है। प्रखंड के छितरौली पंचायत अंतर्गत मुरादपुर निवासी इंजीनियर नाज ओजैर ने मक्के के बेकार समझे जाने वाले छिलके से चाय के कप, प्लेट, कटोरी, ग्लास, स्ट्र और झोला जैसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद तैयार कर सिंगल यूज प्लास्टिक का मजबूत विकल्प खोज निकाला है।

उनके वर्षों की कड़ी मेहनत से मिले इस नवाचार को केंद्र सरकार से पेटेंट भी हासिल हो चुका है। इसके बल पर उन्होंने एमएनओ स्वदेशी इंडिया प्रा लि नाम से अपना स्टार्टअप शुरू किया है। उनकी यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदार साबित हो रही है, बल्कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने का जरिया भी बन गई है।

इंजीनियर नाज बताते हैं कि सफलता का सफर आसान नहीं था। प्लास्टिक बर्तनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को देखते हुए उन्होंने करीब पांच वर्षों तक बांस, केला और पपीते के रेशों पर शोध किया। इसके बाद उन्होंने मक्के के छिलके पर काम शुरू किया और उसे एक निश्चित तापमान पर गर्म करके ढालने की तकनीक खोजी।

अपने इस प्रयोग में उन्होंने पाया कि एक बार आकार में ढल जाने के बाद मक्के के छिलके के बर्तन अपना आकार नहीं बदलते। इस तकनीक के लिए उन्होंने 1 मार्च 2019 को पेटेंट का आवेदन किया था, जिसके बाद 21 फरवरी 2024 को उन्हें आधिकारिक पेटेंट प्रमाण पत्र हासिल हुआ। पेटेंट मिलने के बाद 26 मई 2026 को उन्होंने अपने स्टार्टअप की स्थापना की और उत्पादन शुरू किया।

ग्रामीण विकास विभाग

मक्के के छिलके से बने कप-प्लेट, सिंगल यूज प्लास्टिक का शानदार विकल्प

5 साल की रिसर्च, पेटेंट नवाचार : मक्के के छिलके से प्लास्टिक खत्म करने की दिशा में बिहार की बड़ी पहल

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इंजीनियर नाज का महत्वपूर्ण पहल, किसानों की आय में बढ़ोत्तरी और युवाओं के रोजगार की बनी नई राह

ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मिशन के माध्यम से मक्के के बेकार समझे जाने वाले जैविक छिलकों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद तैयार करने की तकनीक और इसकी प्रक्रिया को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इंजीनियर नाज के सहयोग से स्थानीय लोगों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि षि अपशिष्ट का उपयोगी उत्पादों में रूपांतरण हो सके।

100 उत्पादों को पर्यावरण अनुकूल उत्पादों में रिप्लेस करने का लक्ष्य : इंजीनियर नाज का कहना है आगामी 10 वर्षों में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने कम से कम 100 उत्पादों को पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों में रिप्लेस करने की उनकी योजना है। कप, प्लेट सहित अन्य उत्पाद बनाने के लिए किसानों से मक्के का छिलका करीब 1 से 2 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदते हैं। एक उत्पाद को बनाने में 45 से 50 पैसे की लागत आती है और कटोरी जैसे उत्पाद को करीब 2 रुपये प्रति पीस की दर से बेचा जाता है। इंजीनियर नाज ने बताया कि मौजूदा समय में इस कारोबार से उनकी सालाना करीब 5 लाख रुपये की विशुद्ध आमदनी हो रही है। इनकी छोटी सी फैक्ट्री में आठ स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है।

श्रवण कुमार (मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) : ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के नवाचार बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। मक्के के छिलके से पर्यावरण अनुकूल बर्तन बनाना बेहद सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास है। हमारी सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने और कृषि अपशिष्ट से मूल्य संवर्धन करने वाली योजनाओं को लगातार बढ़ावा दे रही है। यह तकनीक न सिर्फ सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण को स्वच्छ रखेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। सरकार ऐसे होनहार उद्यमियों को हर संभव मदद मुहैया करने के लिए सदैव तत्पर है।

गिरमिटिया : बद्री अहीर और महात्मा गांधी

भोजपुर की माटी से डरबन तक, एक अनकही मित्रता की कथा



प्रो. डा. सकलदेव सिंह ।

इतिहास में गाँधी के दक्षिण अफ्रीका के संघर्ष को अक्सर बड़े व्यापारियों - दादा अब्दुल्ला, पारसी रुस्तम जी - के नाम से याद किया जाता है। पर उस संघर्ष की नींव जिन कंधों पर टिकी थी, वे थे गिरमिटिया। अंग्रेजी के एग्रीमेंट से बिगड़ा शब्द गिरमिट, जिसके तहत लाखों भारतीयों ने 5 साल का अनुबंध लिखकर समुद्र पार किया।

उन्हीं में से एक थे - 'बुद्री : बद्री अहीर'। गाँव - हेतमपुर, जगदीशपुर अनुमंडल, जिला भोजपुर, बिहार। एक ऐसा नाम जिसे दक्षिण अफ्रीका में हर बिहारी भाई कहता था और जिसे मोहनदास करमचंद गाँधी बदी भाई कहकर पुकारते थे।

गिरिराज किशोर के व्यास-सम्मानित उपन्यास पहला गिरमिटिया का वह केन्द्रीय पात्र बदी कोई कल्पना नहीं, इसी बद्री अहीर की जीवंत छाया है। पृष्ठ 568 पर आपने स्वयं पढ़ा है - बदी ने अपना कुछ पैसा मोहनदास के पास जमा किया हुआ था।

1. 1862 : गिरमिट की पहली लकीर

1860 में पहला जहाज एसएस ट्यूरो मद्रास से 342 गिरमिटियों को लेकर डरबन पहुंचा था। इसके ठीक दो साल बाद, 1862 में भोजपुर में अकाल और गरीबी से जूझता एक युवा अहीर कोलकाता के एजेंट के पास अंगूठा लगा देता है। ईबी 28

कहानी वही जो हर गिरमिटिए की थी - मवेशियों के बाड़े से गन्ने के खेत तक। डरबन के इतिहास में दर्ज है कि शुरुआती दिनों में जीवन सूर्योदय से सूर्यास्त, हफ्ते में सातों दिन था। पहले पशु फार्म, फिर गन्ने के खेतों में माल ढुलाई, फिर कोयला खदान और रेलवे में।

पर बद्री में भोजपुरिया जुझारूपन था। उन्होंने मजदूरी से बचत की, और कुछ ही वर्षों में खुद की फेरी-वेंडिंग शुरू की। कोयला, सब्जी, दैनिक सामान - धीरे-धीरे वह नटाल के उन मुक्त गिरमिटियों में गिने जाने लगे जो अब पैसेंजर इंडियन नहीं, पर स्वतंत्र व्यापारी थे।

2. 1893 : जब दो यात्राएँ मिलीं

बद्री अहीर के दक्षिण अफ्रीका उतरने के ठीक 31 वर्ष बाद, अप्रैल 1893 में 23 वर्ष का एक गुजराती बैरिस्टर डरबन के बंदरगाह पर उतरता है - मोहनदास करमचंद गाँधी। वह दादा अब्दुल्ला के मुकदमे के लिए आए थे।

उस समय तक बद्री अहीर नटाल में एक संपन्न और सम्मानित व्यक्ति बन चुके थे। वह केवल पैसे वाले नहीं, बल्कि बिहार और दक्षिण भारतीय गिरमिटियों के बीच बड़ा भाई थे। सबके झगड़े-टंटे वही सुलझाते थे।

गाँधी को जल्द ही समझ आ गया कि असली भारत बैरिस्टरों के दफ्तर में नहीं, इन गिरमिटिया बस्तियों में बसता है। और बद्री को लगा कि यह दुबला-पतला बैरिस्टर ही उनकी आवाज बन सकता है। यहीं से गाँधी भाई और बदी भाई का रिश्ता शुरू हुआ।

3. वह 1000 पौंड और निरामिष भोजनालय

गाँधी के जीवन में शाकाहार केवल भोजन नहीं, आंदोलन था। जोहान्सबर्ग में एक जर्मन द्वारा चलाया जाने वाला शाकाहारी होटल घाटे में बंद हो गया। थियोसफिस्ट समाज के आग्रह पर एक कलाकार महिला ने छोटा शाकाहारी होटल खोला, पर वह भी कर्ज में फँस गई।

गाँधी ने उसका हिसाब देखा और सीधे बद्री के पास गए। गिरिराज किशोर लिखते हैं - बदी भाई, तुम्हारा पैसा मेरे पास जमा है...तुम कहो तो तुम्हारे पैसे में से कुछ पैसा उसे होटल चलाने के लिए उधार दे दूँ।



बद्री का जवाब भोजपुर की पूरी संस्कृति को समेटे हुए था, जो आज भी आपके भेजे पृष्ठ पर लाल स्याही से रेखांकित है - गाँधी भाई, आप जो चाहें करें, मैं तो आपको जानता हूँ। मैं होटल-वोटल क्या जानूँ।

परिवार की स्मृति और द स्टेट्समैन में प्रकाशित उनके प्रपौत्र बैरी बद्री के साक्षात्कार के अनुसार, यह राशि छोटी नहीं थी। दिन के समय बिना शर्त, बिना रसीद के बद्री ने 1000 पौंड एकमुश्त गाँधी को दे दिए थे - निरामिष भोजनालय को बचाने के लिए। आज के मूल्य में यह लगभग 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। 42 एफबी

गाँधी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना को स्वीकार भी किया है - भरोसेमंद बद्री को कैसे तकलीफ होने देता उसने तो केवल मुझे जाना था। डी 996

4. मुख्य सलाहकार और जेल के प्रथम साथी

बद्री अहीर सिर्फ दानदाता नहीं थे।

क) मुख्य सलाहकार : सत्तर-सत्तर मुवक्किलों के मामले जब गाँधी को घेर लेते थे, तब भाषा और कागज की सबसे बड़ी मदद बद्री और जयराम करते थे। उपन्यास में उल्लेख है - बदी और जयराम अपनी तरफ से पूरी मदद कर रहे थे। गाँधी के लिए वे ट्रस्टी थे - वे लोग जिन पर सार्वजनिक काम टिका था। डी 996

ख) विष्णु-जैसी अटूट दोस्ती : गाँधी तब तक महात्मा या बापू नहीं बने थे। लोग उन्हें भाई कहते थे। गाँधी स्वयं लिखते हैं - बद्री इस भाई मंडली के सबसे करीबी थे। उनके बीच कई पत्राचार हुए, जिनका उल्लेख उनके वंशज आज भी करते हैं। डी 996

ग) जेल में प्रथम भारतीय : 1908 में जब ट्रांसवाल सरकार ने काला कानून (एशियाटिक रजिस्ट्रेशन एक्ट) लागू किया, तो गाँधी ने सत्याग्रह का आह्वान किया। गिरफ्तार होने वाले पहले जत्थे में बड़े व्यापारी हिचक रहे थे, पर बद्री अहीर आगे आए। बिहारी गिरमिटिया समाज में वे पहले व्यक्ति थे जो गाँधी के साथ जेल गए - यह संदेश देने के लिए कि यह लड़ाई केवल व्यापारियों की नहीं, मजदूरों की भी है।

उपसंहार : खोया हुआ नायक क्यों याद रहे

1917 में गाँधी के प्रयास से गिरमिट प्रथा समाप्त हुई। चंपारण सत्याग्रह (1917) उसी दक्षिण अफ्रीकी प्रयोगशाला की परीक्षा थी।

आज डरबन में 14 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं, पर हेतमपुर में बद्री अहीर का नाम लगभग भुला दिया गया। आजादी का अमृत महोत्सव में द स्टेट्समैन ने उन्हें भोजपुर का भूला हुआ नायक कहा। 42 एफबी

बद्री अहीर की कहानी हमें सिखाती है - इतिहास केवल बड़े नामों से नहीं बनता। वह उस गिरमिटिए के 1000 पौंड से भी बनता है जिसने बिना हिसाब पूछे कह दिया - मैं तो आपको जानता हूँ। वही विश्वास आगे चलकर चंपारण के किसानों तक पहुँचा।

भोजपुर को अपने इस पहले गिरमिटिया को, गाँधी के इस पहले सिपाही को, फिर से याद करना होगा।

(लेखक जीजे कॉलेज, वाणिज्य विभाग , रामबाग, बिहटा, पटना में सहायक प्राध्यापक हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

शिक्षा संकल्प यात्रा ज्ञान के नए सूर्योदय का सार्थक प्रयास

जमीनी अनुभव, शोध और नवाचार से बदलेगी शिक्षा : मिथिलेश तिवारी



पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित 'शिक्षा संकल्प सम्मेलन सह सम्मान समारोह' के दौरान स्मारिका सुमेधा का भी लोकार्पण किया गया।



विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

201 दिनों में राज्य के सभी 38 जिलों तक चली यात्रा का पटना में समापन

पटना (दैनिक नवसंदेश) । शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन के लिए जमीनी अनुभव, शोध और नवाचार का समन्वय आवश्यक है। शिक्षा संकल्प यात्रा राज्य में ज्ञान के नए सूर्योदय की दिशा में सार्थक प्रयास है। श्री तिवारी रविवार को पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आयोजित 'शिक्षा संकल्प सम्मेलन सह सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। राज्य के सभी 38 जिलों में 201 दिनों तक चली शिक्षा संकल्प यात्रा के समापन पर यह समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान बिहार शिक्षा यात्रा : शून्य से शीर्ष की ओर विषयक परिचर्चा में शिक्षा मंत्री ने संकल्प यात्रा के नायक निमेष शुक्ला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ला ने यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, उनकी शैक्षणिक जरूरतों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों को करीब से समझने का सराहनीय प्रयास किया।

श्री तिवारी ने कहा कि यात्रा के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर शिक्षा व्यवस्था की कमियों को चिन्हित करना और आवश्यक सुधार की दिशा में पहल करना स्वागतयोग्य है। इस तरह के प्रयास शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और छात्र-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने और हर बच्चे को सीखने के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं को समझना और उनके व्यावहारिक समाधान तलाशना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि बिहार का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे और अपनी प्रतिभा के बल पर विकसित बिहार के निर्माण में योगदान दे।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मार्गदर्शकों, शिक्षाविदों एवं विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्मारिका सुमेधा का भी लोकार्पण किया गया।

विपरीत हालात में भी जारी रहे लेखन : सूर्यबाला

शब्द विरोधी पिता ही बने मेरे आदर्श : हरीश पाठक

मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । लेखक बनना आसान नहीं है। यह विधाता द्वारा दी गयी सौगात है जिसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। विपरीत हालात में भी रचनात्मकता जारी रखना निहायत जरूरी है, यह विचार प्रख्यात कथाकार सूर्यबाला ने सृजन के रंग संस्था के वार्षिकोत्सव पर आयोजित सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन में व्यक्त किए। उन्हें सृजन विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कथाकार,पत्रकार हरीश पाठक ने कहा, विपरीत स्थितियां ही एक लेखक को गढ़ती है। मैं इसका उदाहरण हूं। मेरे शब्द विरोधी, पिता नहीं चाहते थे कि डॉक्टर, इंजीनियर के परिवार में कोई लेखक बने । पर मुझे शब्दों से ही मोहब्बत थी। कहानी ही मेरा पहला प्यार है। अंततः पिता ही मेरे आदर्श बने। उन्हें सृजन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



कथाकार,पत्रकार हरीश पाठक को सृजन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विजय पंडित को सृजन रंग और शैलेश श्रीवास्तव को सृजन श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

संस्था की अध्यक्ष डा कनकलता तिवारी ने संस्था का परिचय दिया व आयोजन के प्रयोजन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवमणि पांडेय ने की।

इस अवसर पर अशोक वाटिका (कविता ए झा), कुछ नहीं अनकहा (अमनदीप गुजराल) और धूप का सफर (ड कनकलता तिवारी) की पुस्तकों का लोकार्पण हुआ।

दो सत्रों में हुए कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से देवमणि पांडेय, श्रीमती कमलेश पाठक, शैलेश श्रीवास्तव, श्रीधर मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी, अनिल पुरब, रोशनी किरण, सीमा त्रिवेदी, प्रदीप मिश्र, जागृति सिन्हा, रीमा राय सिंह, लक्ष्मी यादव, जया आनंद आदि ने रचना पाठ किया।

फूड कियोस्क और सोवेनियर शॉप की सुविधा जल्द मिलेगी पटना जू में

दो नए फूड कियोस्क होंगे शुरू, पर्यटकों के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने की भी बेहतर व्यवस्था

पटना (दैनिक नवसंदेश) । पटना जू में आने वाले पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों के भ्रमण को अधिक सुविधाजनक और सुखद बनाने के लिए नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उद्यान परिसर में दो अत्याधुनिक फूड कियोस्क और एक सोवेनियर शॉप तैयार की जा रही है। इन सुविधाओं को जल्द ही आम लोगों के लिए खोलने की तैयारी है। इससे पर्यटकों को खानपान के साथ-साथ जू और वन्यजीवों से जुड़ी यार वस्तुएं खरीदने का अवसर मिलेगा।

जू परिसर में बन रही सोवेनियर शॉप पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण होगी। यहां पटना जू के लोगो वाली टी-शर्ट, कैप, मग, की-रिंग, वन्यजीवों के खिलौने, हस्तशिल्प और ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को यार वस्तुएं उपलब्ध कराने के साथ ही खासकर बच्चों में प्रति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

स्वच्छ खानपान और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

पर्यटकों को बेहतर खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिसर में दो नए फूड कियोस्क शुरू किए जा रहे हैं। यहां स्वच्छ वातावरण में स्नैक्स और पेय पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही जू परिसर में जगह-जगह आधुनिक आरओ वाटर प्यूरिफायर लगाए गए हैं, ताकि पर्यटकों को शुद्ध और शीतल पेयजल मिल सके। इससे गर्मी और धूप के दौरान घूमने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

बैठने और आराम करने की भी सुविधा

जू में आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक परिवेश के अनुकूल बैठने की व्यवस्था की गई है। परिसर में नेचुरल बेंच और छायादार शेड तैयार किए गए हैं। इन्हें पेड़-पौधों के बीच इस तरह बनाया गया है, ताकि उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रहे और पर्यटकों को घूमने के दौरान आराम करने के लिए उपयुक्त स्थान मिल सके।

इन सुविधाओं के शुरू होने से पटना जू में पर्यटकों का भ्रमण अनुभव और बेहतर होने की उम्मीद है। खानपान, पेयजल, विश्राम और खरीदारी की सुविधाएं उपलब्ध होने से जू की यात्रा अधिक आरामदायक और यादगार बन सकेगी।

लघुकथा का मर्म है लघुता में प्रभुता : डा अनिल सुलभ

लेख्य मंजूषा द्वारा साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई गद्य-गोष्ठी, स्मरण किए गए पुष्करणा और कल्याणी कुसुम सिंह

पटना (दैनिक नवसंदेश) । लघुकथा का मर्म है, लघुता में प्रभुताई! कम शब्दों में बड़ी बात कहना ही, लघुकथा का उद्देश्य है। बड़ी बात कहने के लिए लेखक को बड़ा होना पड़ता है। राम चरित मानस लिखने के लिए तुलसीदास होना पड़ता है।



रविवार को साहित्यिक संस्था लेख्य मंजूषा के तत्वावधान में साहित्य सम्मेलन में आयोजित गद्य-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ।

यह बातें रविवार को साहित्यिक संस्था लेख्य मंजूषा के तत्वावधान में साहित्य सम्मेलन में आयोजित गद्य-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।

डा सतीश राज पुष्करणा की वीं जयंती और डा कल्याणी कुसुम सिंह की स्मृति को समर्पित इस गोष्ठी में उन्होंने कहा कि लघुकथा-आंदोलन ने डा पुष्करणा को अमर कर दिया। कल्याणी जी एक गंभीर और चिंतनशीला संवेदना संपन्न लेखिका थीं!

वरिष्ठ साहित्यकार डा किशोर सिन्हा, डा अनीता राकेश, शुभ चंद्र सिन्हा तथा डा सुनील कुमार उपाध्याय ने अपने-अपने विचार रखे तथा दोनों साहित्यिक विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

वरिष्ठ लेखिका डा पूनम देवा, रंजना सिंह, मीरा प्रकाश, नूतन सिन्हा, सुधा पाण्डेय, डा प्रमोद कुमार, एकता कुमारी, तनूजा सिन्हा, ऋचा वर्मा, गार्गी राय, मीरा श्रीवास्तव, डा मीना कुमारी परिहार मान्या, सीमा रानी, प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र आदि लेखिकाओं ने लघुकथा एवं समीक्षा का पाठ किया। संस्था के उपाध्यक्ष मधुरेश नारायण ने अतिथियों का स्वागत और मंच का संचालन आशा रघुदेव ने किया । धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव रवि श्रीवास्तव ने किया।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

शरद पूर्णिमा रविवार की रात्रि चांदनी रात में बरसी अमृत की आभा

भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का होगा स्मरण, धार्मिक आस्था, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है शरद पूर्णिमा का पावन पर्व, खीर का भोग लगाने की है विशेष परंपरा

मुकुल कुमार पाण्डेय

संग्रामपुर। हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और आस्था का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी चांदनी को अमृत के समान लाभकारी माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और भगवान श्रीष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। भगवान श्रीष्ण की रासलीला का विशेष महत्व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,



राधा कृष्ण।

शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि भगवान श्रीष्ण की महारास लीला से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि इसी रात भगवान श्रीष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ दिव्य महारास रचाया था। यही कारण है कि इस पर्व का ब्रज क्षेत्र सहित देशभर में विशेष महत्व है। मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से भगवान श्रीष्ण की महिमा का गुणगान किया जाता है। चांदनी रात में खीर रखने की परंपरा

शरद पूर्णिमा पर रात में खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखने की प्राचीन परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृततुल्य गुण आने की आस्था जुड़ी हुई है। श्रद्धालु रात्रि में खीर का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। हालांकि, चांदनी में रखी खीर के विशेष स्वास्थ्य लाभों के वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। इसी कड़ी में प्रखंड के ऋषिकुल आश्रम संस्त महाविद्यालय संग्रामपुर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शरत पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

माता लक्ष्मी की पूजा से जुड़ी है मान्यता

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि माता लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जागरण करने वाले भक्तों पर अपनी पा बरसाती हैं। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु रात्रि में माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं तथा घर-परिवार में सुख, शांति और धन-धान्य की वृद्धि की प्रार्थना करते हैं आस्था और सकारात्मकता का संदेश देता है पर्व शरद पूर्णिमा केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि प्रति, चंद्रमा और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ने का भी अवसर है। यह पर्व लोगों को प्रेम, सद्भाव, संयम और भक्ति का संदेश देता है। पूर्णिमा की उज्ज्वल चांदनी में श्रद्धालु ईश्वर का स्मरण कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

शरद पूर्णिमा का यह पावन पर्व जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली लेकर आए, यही कामना है।

संग्रामपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

संग्रामपुर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के मधुबनी में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 165840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है साथ ही पुलिस ने मौके से एक स्विफ्ट कार और एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इस कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी देते हुए अरेराज डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि 25 अक्टूबर 2026 की रात ग्राम पूर्वी मधुबनी ठाकुरटोला में विजय साह उर्फ प्रह्लाद साह के दरवाजे पर छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मामले में संग्रामपुर थाना कांड संख्या 390ध्26 दर्ज कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए)ध्41(1)



बरामद शराब।

के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि इस छापेमारी में छह अलग-अलग ब्रांड की जब्त की गई है जिसमें रयल स्टैग व्हिस्की की 80 पीस बोतलें, 8च्ड स्पेशल ब्लेंड की 312 पीस, धुरंधर इंडियन ग्रेन व्हिस्की की 228 पीस तथा अफिसर्स चइस ओरिजिनल व्हिस्की की 48 पीस बोतलें शामिल हैं। इसके अलावा अन्य शराब भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, बरामद शराब की कुल मात्रा 165840 लीटर है।पुलिस ने इस मामले में पूर्वी मधुबनी पंचायत के ठाकुर टोला निवासी विजय कुमार साह पिता प्रह्लाद साह और दरियापुर तिवारी टोला निवासी आनंद ठाकुर पिता शत्रुघ ठाकुर को गिरफ्तार किया है। वहीं, दरियापुर तिवारी टोला निवासी मोहित कुमार उर्फ जल्लू पिता शत्रुघ ठाकुर मौके से फरार हो गया। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, फरार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इस कार्रवाई में अरेराज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संग्रामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, अपर थानाध्यक्ष विकास आनंद, पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार पंडित तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहेस पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है।

केसरिया में सड़क हादसे में युवक की मौत, घर पहुंचते ही मचा कोहराम

कल्याणपुर(एनएसबी)। गरीबा पंचायत के वार्ड संख्या सात स्थित हाता टोला निवासी उपेंद्र ठाकुर के पुत्र सुभाष ठाकुर (25) की केसरिया में सड़क हादसे में मौत हो गई। केसरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शव के घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी बेबी देवी चीत्कार मारकर रो रही थीं। वहीं आठ वर्षीय पुत्र युवराज और पांच वर्षीय पुत्री तनु की आंखें अपनों को एकटक निहार रही थीं। परिजन व पड़ोसी उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे रहे। बताया जाता है कि सुभाष ठाकुर कल्याणपुर में नाई की दुकान चलाते थे। इसी से होने वाली आमदनी से परिवार का भरण-पोषण होता था। वह दो भाइयों में छोटे थे और परिवार के कमाऊ सदस्य थे। उनकी असामयिक मौत से गांव और आसपास के लोग भी मर्माहत हैं।

संक्षिप्त खबरें

चौकीदारों की परेड में अपराध नियंत्रण पर जोर, संदिग्धों पर नजर रखने का निर्देश

पहाड़पुर(एनएसबी)। थाना परिसर में रविवार को चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के चौकीदारों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि सभी चौकीदार अपने-अपने क्षेत्रों में शराब माफिया, स्प्रिट माफिया, नशे के कारोबारियों,मोटरसाइकिल चोरों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल थाना को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।उन्होंने चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने,असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने पर जोर दिया।

पहाड़पुर में करीब 50 लोगों की आपराधिक परेड, अपराध पर अंकुश लगाने की पहल

पहाड़पुर(एनएसबी)। थाना परिसर में रविवार को करीब 50 लोगों की आपराधिक परेड कराई गई। इसमें शराब, स्प्रिट, मोटरसाइकिल चोरी तथा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्तों सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति शामिल हुए।इस संबंध में थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा संबंधित व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से परेड कराई गई है। इस दौरान सभी को कानून का पालन करने, शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होने की सख्त हिदायत दी गई।उन्होंने बताया कि परेड में शामिल सभी संबंधित व्यक्तियों से अपराधी रजिस्टर में हस्ताक्षर भी कराए गए।

सांसद राधा मोहन सिंह ने बूथ संख्या 417 नरहां में सुनी 'मन की बात'

मोतिहारी(एनएसबी)। आज पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सांसद राधा मोहन सिंह ने पिपरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरहां स्थित बूथ संख्या 417 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण को सुनास इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार देशवासियों को राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्व और जनकल्याण के कार्यो के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट कार्य करने वाले लोगों के प्रयासों को सामने लाते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश देते हैंस उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को एक सूत्र में जोड़ने, सकारात्मक कार्यो को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने वाला सशक्त माध्यम हैस उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मन की बात सुनते भाजपाई।

एलएनडी कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेविका आगरा में करेंगी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व, कर्तव्य पथ की परेड की ओर पहला बड़ा कदम

मोतिहारी(एनएसबी)। एलएनडी. कलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका माही गुप्ता पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 के लिए चुनी गई हैं। बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा माही, संतोष कुमार गुप्ता की पुत्री हैं। उनके चयन से कलेज और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।यह शिविर 21 से 30 नवंबर 2026 तक ड़भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा में आयोजित होगा। इसका आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊकर रहा है। शिविर में माही बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, पटना ने 14 अक्टूबर 2026 को चयन की सूचना जारी की। चयन राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा पर वरीयता क्रम के अनुसार हुआ है। इस शिविर तक पहुँचने के लिए स्वयंसेवकों को कई स्तरों से गुजरना पड़ता है। इनमें नियमित एनएसएस गतिविधियों में भागीदारी, विशेष शिविरों का अनुभव, शारीरिक दक्षता और परेड का अभ्यास शामिल हैं। राज्य भर के हजारों एनएसएस स्वयंसेवकों में से कुछ चुनिंदा स्वयंसेवक ही इस मुकाम तक पहुँच



पाते हैं। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर एनएसएस का सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिविर माना जाता है। इसी शिविर से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए एनएसएस दल चुना जाता है। यानी आगरा का यह शिविर देश की सबसे बड़ी परेड तक पहुँचने का प्रवेश द्वार है।दस दिनों के शिविर में स्वयंसेवकों को प्रतिदिन परेड का कठिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सांस्तिक और शैक्षणिक कार्यक्रम भी होंगे। अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवक एक साथ रहेंगे, एक-दूसरे की भाषा, संस्ति और परंपराओं को जानेंगे। इस तरह यह शिविर राष्ट्रीय एकता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करता है। शिविर में माही बिहार की लोक संस्ति की झलक भी प्रस्तुत करेंगी। बिहार-झारखंड क्षेत्र के दल का नेतृत्व गया कलेज, गया के रासेयो. कार्यक्रम पदाधिकारी ड़ राजेश कुमार मिश्रा करेंगे।माही का चयन खघसकर ग्रामीण और छोटे शहरों की छात्राओं के लिए प्रेरणा है। यह दिखाता है कि लगन और अनुशासन से राष्ट्रीय मंच तक पहुँचा जा सकता है। जिस चंपारण की धरती से महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला सत्याग्रह शुरू किया था, वहीं की एक बेटी अब राष्ट्र सेवा के सबसे बड़े युवा मंच पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार ने माही को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह कलेज और पूरे मोतिहारी के लिए गर्व की बात है। माही ने अपनी लगन और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। एनएसएस का आदर्श वाक्य है 'मैं नहीं, आप', और माही ने इसे अपने काम से जिया है। हमें विश्वास है कि वह आगरा में भी अपने प्रदर्शन से कलेज और बिहार का नाम रोशन करेंगी।रासेयो. कार्यक्रम पदाधिकारी ड रवि रंजन सिंह ने कहा, माही शुरू से ही एनएसएस की हर गतिविधि में पूरी सक्रियता से भाग लेती रही हैं। चाहे स्वच्छता अभियान हो, जागरूकता कार्यक्रम हो या विशेष शिविर। उनका चयन हमारी इकाई के सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा है। हमारी कोशिश रहेगी कि वह यहाँ से आगे बढ़कर गणतंत्र दिवस परेड तक पहुँचें। माही के चयन पर भूगोल विभाग के शिक्षकों, कलेज के कर्मचारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

संक्षिप्त खबरें

मेहसी में उर्स-ए-मुकद्दस व सरकार-ए-मेहसी कॉन्फ्रेंस में उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम

रिदा-ए-कधिरअत से नवाजी गईं छात्राएं, उलमा की तकरीर और शोअरा के नातिया कलाम से गुलजार हुई महफिल

मेहसी(एनएसबी)। मेहसी स्थित दरगाह शरीफ में 24 अक्टूबर को उर्स-ए-मुकध्दस व सरकार-ए-मेहसी कन्फ्रेंस का भव्य आयोजन हुआ। जश्न-ए-रिदा-ए-कधिरअत एवं जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ्फाज-ए-किराम से सजी इस रूहानी महफिल में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों से उलमा-ए-किराम, मशाइखध्, शोअरा और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कीस कार्यक्रम हाफिज-ओ-कघरी सैयद नूरानी रजा हलीमी अशरफी की सरपरस्ती में आयोजित हुआ। सदारत अल्लामा मौलाना सैयद नूर मियां हलीमी ने की, जबकि सैयद शमीम अहमद की कध्यादत में कार्यक्रम संपन्न हुआ।कन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सैयद नूर मियां हलीमी ने कहा कि आज समाज नबी-ए-करीम की तालीमात से दूर होता जा रहा है। नई पीढ़ी को कुरआन, इल्म और पैगंबर-ए-इस्लाम की तालीमात से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इल्म ही समाज को बेहतर दिशा दे सकता हैस किछौछा शरीफ के सैयद जामी मियां अशरफी, कोलकाता के इजहार अशरफ और मुंबई के सुल्तान रजा समेत कई प्रमुख उलमा ने भी खिताब किया।वहीं नातिया महफिल में आजम इकध्बाल रामपुरी, संजर कलकत्तावी, तौकघिर इलाहाबादी, जमशेद साहिल बरेलवी, महबूब आलम शबनम चंपारनी और वसीम अख्तर मजहरी सहित कई शोअरा ने अपने कलाम से समां बांध दिया।आयोजन का विशेष आकर्षण जामिया बीबी शाह-ए-मदीना लिलबनात की छात्राओं का जश्न-ए-रिदा-ए-कधिरअत रहा। कुरआन-ए-पाक की तिलावत और दीनी तालीम हासिल करने वाली छात्राओं को रिदा-ए-कधिरअत से नवाजा गया। उलमा की तकरीर, नातिया कलाम और इल्म के पैगाम के बीच पूरी महफिल रूहानी रंग में सराबोर रही।

लायंस क्लब ऑफ ईस्ट चंपारण ने हंगर प्रोजेक्ट के तहत सैकड़ों जरूरतमंदों को कराया भोजन

लायन संजय कुमार की माता जी की पुण्यतिथि पर सदर अस्पताल परिसर में हुआ आयोजन

मोतिहारी(एनएसबी)। लायंस क्लब अफ ईस्ट चंपारण की ओर से शनिवार की संध्या सात बजे सदर अस्पताल परिसर में इंटरनेशनल लायंस क्लब के हंगर प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन लायन संजय कुमार की माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हुआ। इसमें 1044 की संख्या में जरूरतमंद लोगों ने कतारबद्ध होकर भरपेट भोजन किया।कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के सदस्यों ने स्वयं खड़े होकर लोगों की थाली में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। भोजन ग्रहण करने के बाद लोगों के चेहरे पर संतुष्टि और प्रसन्नता की मुस्कान दिखाई दी। जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन कराना क्लब के सदस्यों के लिए सुखद अनुभूति का विषय रहा।क्लब अध्यक्ष लायन सुधांशु सिन्हा ने कहा कि इंटरनेशनल लायंस क्लब का हंगर प्रोजेक्ट भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। इस सत्र में भी ऐसे सेवा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन कराना मानवता की सेवा है।पूर्वी चंपारण लायंस क्लब की ओर से सदस्यों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और परिवार के सदस्यों की पुण्यतिथि पर भी इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। बापूधाम रेलवे स्टेशन, विभिन्न चौक-चौराहों और सदर अस्पताल परिसर में जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है।कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा लियो सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोजन वितरण में सहयोग किया। क्लब ने भविष्य में भी सेवा कार्यो को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस सेवा कार्य में क्लब अध्यक्ष लायन सुधांशु सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन राम प्रकाश सिन्हा पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल ड परवेज अजीज लायन संजय कुमार, सुधीर गुप्ता,शुभम कुमार,मनीष कुमार आदित्य कुमार सिंह, संजीव कुमार,लियो क्लब सचिव अर्जुन सरदार उपाध्यक्ष रोहन श्रीवास्तव पुष्पम सिंह कोषाध्यक्ष राजकिशन एवं अन्य लायन एवं लियो सदस्य उपस्थित रहे। उक्त सारी जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।

जान मारने की नियत से पिटाई का आरोप

कल्याणपुर(एनएसबी)। गीता आश्रम के समीप खेत देखने गए किसान को एक जुट होकर जान मारने की नियत से पीटाई करने को लेकर पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया है। मामले मे पिपरा खेम पंचायत धुवपकडी निवासी मनोज कुमार यादव ने थाने मे दिए आवेदन मे बताया है की जब मै अपना खेत देखने नरायणपुर के गीता आश्रम स्कूल के समीप गया था। इसी दौरान छोटन सिह ,रौशन कुमार ,शैलेश कुअर,अनमोल कुमार ,सौरभ कुमार ,यंग कुमार ,रुपेश सिंह ,विवेक तिवारी ,अक्षित कुमार ,बब्लू कुमार ,अभिषेक कुमार सिंह ,रुपेश कुमार सभी लोग एक जुट होकर लाठी डंडा से लैस होकर दो चारपहिया गाड़ी से मुझे चारो तरफ से पिस्टल के बल पर घेर लिया। मुझे जबरदस्ती गाडी मे बैठाकर मेरा आंख मुंह बाधंकर दरमाहा जंगल की तरफ ले गए। वह सभी हमसे दस लाख रूपया रंगदारी मांगने लगे साथ ही सभी लोग डंडा से मारने लगे। वही छोटन सिह ने पिस्टल के बल पर 1000 रुपया के स्टाम्प पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद अपना पिस्टल और गोली मेरे पौकेट में रख शैलेश सिह वीडीयो बनाते रहे। इसके बाद मुझे 6 बजे सुबह एक पोखरा पर फेक दिए। उन लोगों ने धमकी दिया कि अगर थाने मे आवेदन प्राथमिकी दर्ज करोगे तो तुम्हें जान से मार देगे ।इस मामले मे इस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया की इस मामले मे एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

घर से खेलने निकले बच्चे की नदी में डूबने से मौत

चकिया। बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से रविवार को एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान गड़हियां थाना क्षेत्र के झगडुआ मठ गांव निवासी दिलीप राम के 5 वर्षीय पुत्र आशिक कुमार के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार आशिक अन्य बच्चों के साथ घर से खेलने निकला था।खेलते-खेलते सभी बच्चे गांव के निकट बूढ़ी गंडक नदी में नहाने चले गए। नहाने के दौरान आशिक गहरे पानी में चला गया। जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। उसके डूबने के बाद नहा रहे अन्य बच्चों ने गांव में आकर यह सूचना ग्रामीण व परिजनों को दी। गोताखोरों की मदद से नदी के पानी में बच्चे की काफी देर तक तलाश की गई। तलाशी के बाद भी शव नहीं मिला। दिन के करीब 3 बजे तरनिया गांव के निकट नदी किनारे शव को ग्रामीणों ने देख शोर मचाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्चे को पानी से बाहर निकाल आनन फानन में स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल ले गए,जहां पर चिकित्सक ने बचे को मृत बता दिया। शव मिलने के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृत बच्चा से एक छोटा भाई व एक बड़ी बहन है। सूचना पर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

वार्ड पार्षद के इस्तीफे के बाद विकास ठप, चुनाव कराने की मांग, पूर्व वार्ड पार्षद समेत दर्जनों लोगों ने मुख्यमंत्री व नगर आवास विभाग को लिखा पत्र



चुनाव की मांग करते ग्रामीण।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम के वार्ड पांच में वार्ड पार्षद मुशहरु राम के इस्तीफे के बाद विकास कार्य प्रभावित होने और लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने का मामला सामने आया है. इसको लेकर पूर्व वार्ड पार्षद सहित दर्जनों लोगों ने मुख्यमंत्री और नगर आवास एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर जल्द से जल्द वार्ड का चुनाव कराने की मांग की है. लोगों ने बताया कि पार्षद के इस्तीफे के बाद वार्ड की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने में परेशानी हो रही है. योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से जरूरतमंद लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. लोगों ने संबंधित अधिकारियों से इस दिशा में जल्द पहल करने की अपील की है. पत्र के माध्यम से मांग की गयी है कि वार्ड में जल्द चुनाव कराकर जनप्रतिनिधित्व बहाल किया जाए, ताकि स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जा सके और विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके. वार्ड में निर्वाचित प्रतिनिधि होने से जनसमस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए पहल करने में सहूलियत होगी. अब स्थानीय लोगों की नजर मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी है. लोगों को उम्मीद है कि वार्ड में जल्द चुनाव कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाएंगे, जिससे विकास कार्यों को फिर से गति मिल सकेगी. आवेदन देने वालों में रहीम, युसुफ, रब्बान, बीरेंद्र कुमार, उमेश यादव, अनिल राम, बलाल मिस्त्री, जोगिंदर राम, अजमेर, सहिर, सलमान, मिश्री लाल चैधरी, दिनेश यादव, मनोज यादव, महेंद्र यादव, दिलीप यादव, रंजन कुमार, मोहन यादव शामिल हैं।

शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



गिरफ्तार आरोपी।

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। चिरैया थाना क्षेत्र के अलानी पंचायत स्थित बेलाही गांव में संध्या गश्ति के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर में छापेमारी कर एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इंद्रजीत तांती ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। जिसकी सत्यापन के लिए ए.एस.आई.सनोज वर्मा ने पुलिस टीम के साथ संध्या गश्ति के दौरान बेलाही में छापेमारी की,जहां से आरोपी को एक डब्बा में नौ लीटर अवैध चुलाई देशी शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बेलाही गांव निवासी स्वर्गीय महावीर सादा के पुत्र रामगुलाम सादा के रूप में हुई है। पुलिस ने मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

विशेष अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने पांच वारंटी को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच वारंटी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय से जारी गैर-जमानतीय वारंट के आलोक में की। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नवहट्ठा थाना पुलिस ने नागो सादा के पुत्र सत्यनारायण सादा, निवासी चैतारा तथा महेंद्र राय के पुत्र चंद्र राय, निवासी महेंद्र राय साओ टोला को गिरफ्तार किया। दोनों नवहट्ठा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं, बनगांव थाना पुलिस ने जनार्दन शर्मा के पुत्र एस. शर्मा, निवासी बलहा तथा अकुल दास के पुत्र सिकंदर दास, निवासी भवदेवा को गिरफ्तार किया। दोनों बनगांव थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इसके अलावा, डरहार थाना पुलिस ने धुरन राय के पुत्र ललन राय, निवासी सतोर टोला कोयलता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सभी गिरफ्तारियां न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानतीय वारंट के अनुपालन में की गई हैं। पुलिस ने बताया कि जिले में वारंटियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान लगातार जारी है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

मानव जीवन में ही ईश्वर भक्ति संभव : आचार्य महर्षि दिनेशानंद जी महाराज



संतमत सत्संग में साधु व श्रद्धालु।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सरौनी मधेपुरा, नवटोलिया बजराहा में आयोजित त्रिदिवसीय अखिल भारतीय महर्षि मेंही संतमत सत्संग के तृतीय वार्षिक महाधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को बीसवीं सदी के महान संत सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि कर संतमत सत्संग कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। सत्संग कार्यक्रम पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज की जयकार से भक्ति माहौल गूंज उठी। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य महर्षि दिनेशानंद जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में ही ईश्वर की भक्ति संभव है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में गुरु के उपदेशों का पालन करते हुए भक्ति, सेवा एवं सदाचरण को अपनाना चाहिए। उन्होंने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं पंडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को गुरु महाराज के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वही परम पूज्य स्वामी पटेल जी महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में ही ईश्वर की भक्ति संभव है। पंच पाप से दूर रहकर ही भक्ति संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु के द्वारा बताए गए भक्ति के मार्ग पर चलने और अपने जीवन को आध्यात्मिकता से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंचासीन सभी साधु-महात्माओं ने भी भक्तों को ईश्वर भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। वही सत्संग का शुभारंभ भजन, स्तुति, विनती एवं ग्रंथ पाठ के उपरांत प्रवचन से हुआ। प्रवचन के बाद आरती एवं विनती के साथ कार्यक्रम विराम दिया गया। बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए आयोजकों द्वारा निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई। जबकि स्थानीय ग्रामीण भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे दिखें।

बिहार में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादियों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा : संजय वर्मा

सहरसा शहर (एनएसबी)। कोसी प्रमंडल सर्वजन समाज मंच के तत्वावधान में रिफ्यूजी चैक स्थित मंगलम रिसॉर्ट में रविवार को प्रमंडलीय जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाजवादी विचारधारा से जुड़े सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकत्ताओं ने भाग लिया।

बिहार सर्वजन समाज मंच के संयोजक संजय वर्मा ने कहा कि देश में पूंजीवादी ताकतों को बढ़ावा देने एवं बिहार में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादियों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कोसी प्रमंडल के साथियों से सर्वजन समाज मंच के अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि अक्टूबर का महीना आचार्य नरेंद्र देव, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं डॉ राम मनोहर लोहिया जैसे समाजवादी नेताओं की जन्मतिथि के कारण विशेष महत्व रखता है। कोशी की धरती स्व बीपी मंडल, अनूप लाल यादव, हरि साह, रमेश यादव, शरद यादव, रमेश झा, परमेश्वर कुंवर एवं लहटन चैधरी जैसे समाजवादी नेताओं की कर्मभूमि रही है। ऐसे में यहां से सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन के संघर्ष का शंखनाद होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में किसानों की उपजाऊ जमीन पूंजीपतियों को दी जा रही है एवं लाभकारी सरकारी उपक्रमों को औने-पौने दामों पर बेचा जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ विनोद यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के कार्यकत्ताओं को मुख्यधारा की राजनीति से अलग-थलग करने की कोशिशों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारें किसी की भी हों, देश एवं प्रदेश की बेहतरी के लिए जागरूकता व संगठन जरूरी है। मंच के प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार सिन्हा ने बिहार में बेरोजगारी के कारण प्रतिभाशाली युवाओं एवं श्रमिकों के पलायन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बिहार मजदूरों का बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर रह गया है। जबकि राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी योजनाओं की जरूरत है। कोसी प्रमंडल सर्वजन समाज मंच के संयोजक अविनाश सिन्हा ने अध्यक्षीय संबोधन में सामाजिक एवं आर्थिक गैरबराबरी के खिलाफ अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने संजय वर्मा को आश्वस्त किया कि कोसी एवं सहरसा के साथी उनके संघर्ष में साथ देंगे। कार्यक्रम को मौलाना सैयद तारिक अनवर, संजय वर्मा गुड्डू, कुमार पटेल, जीवन गुप्ता, विनोद कुमार, राज सिन्हा, कामरान हुसैन, अशोक वर्मा, अभिषेक वर्मा, श्रीकांत झा, राजीव कुमार, अनंत झा, नवीन निश्चय, प्रिंस सिन्हा एवं अविनाश झा ने भी संबोधित किया।अभिषेक सिन्हा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माला से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजवादी नेता गौरव सिंह ने किया। वही जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत सर्वजन समाज मंच के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सिंहा ने पुष्पगुच्छ एवं पाग चादर देकर सम्मानित किया। जन-संवाद कार्यक्रम में कोसी प्रमंडल के तीनों जिलों से बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकत्ता शामिल हुए।



प्रमंडलीय जन-संवाद कार्यक्रम में समाजवादी।

बीपीससी टीआरई 4 में आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग, छात्र संघ अध्यक्ष सागर कुमार नन्हें ने शिक्षा मंत्री से किया आग्रह



छात्र संघ अध्यक्ष।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बीपीससी टीआरई-4 शिक्षक भर्ती परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए छात्र संघ अध्यक्ष सागर कुमार नन्हें ने बिहार के शिक्षा मंत्री से आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है।नन्हें ने कहा कि ठच्ै ज्त्र्-4 का आवेदन पोर्टल धीमी गति से चलने के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी समय पर अपना आवेदन फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। वेबसाइट की तकनीकी समस्याओं के चलते अभ्यर्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कई योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन से वंचित रह जाने की आशंका है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से मांग की कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए, ताकि सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन करने का पर्याप्त अवसर मिल सके।नन्हें ने कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा युवाओं के भविष्य और रोजगार से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए आवेदन प्रक्रिया को सुचारु बनाना तथा तकनीकी समस्याओं का समाधान करना सरकार और संबंधित विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग से आग्रह किया कि अभ्यर्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवेदन की तिथि बढ़ाने के संबंध में जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे किसी भी योग्य अभ्यर्थी को तकनीकी समस्या के कारण आवेदन करने से वंचित न होना पड़े।

पस्तपार पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार, देसी कट्टा, मास्केट और 10 जिंदा कारतूस बरामद

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। जिले में अपराध नियंत्रण एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पस्तपार थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, एक देसी मास्केट तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को गश्ती एवं छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिली कि पस्तपार थाना क्षेत्र के सिरसहा टोला, पामा वार्ड दो निवासी प्रेमशंकर मेहता के घर में अवैध हथियार रखे गए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां मौजूद दो व्यक्ति भागने लगे, जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान लखन मेहता और गौतम कुमार के रूप में हुई। घर की तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा, एक देसी मास्केट और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद हथियार एवं कारतूस को विधिवत जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पस्तपार थाना कांड संख्या 118/2026 के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार लखन मेहता का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में पस्तपार थाना के थानाध्यक्ष विजय पासवान, पुलिस पदाधिकारी राहुल कुमार, विकास कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधिकारी।

अंबेडकर छात्रावास के नए भवन पर सवाल, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर छात्रों में आक्रोश

- गिट्टी में मिट्टी, बालू में भी मिलावट, छात्रावास भवन निर्माण पर उठे सवाल
- सरकारी भवन निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल, छात्रों ने जांच की उठाई मांग





सहरसा सदर (एनएसबी)। शहर के गांधी पथ स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास में छात्रों के लिए बन रहे नए भवन के निर्माण कार्य को लेकर छात्र सवाल उठाने लगे हैं। छात्रों ने निर्माण कार्य में कथित अनियमितता बरतने और निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है।

छात्रों का आरोप है कि भवन निर्माण में इस्तेमाल की जा रही गिट्टी में मिट्टी मिली हुई है। वहीं बालू में भी मिट्टी मिलाकर उसका उपयोग किए जाने की बात कही जा रही है। छात्रों का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में भवन की मजबूती और सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोपरू-छात्रों ने बताया कि निर्माण कार्य को लेकर संबंधित स्तर पर शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। छात्रों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने तथा इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि सरकारी राशि से कराए जा रहे निर्माण कार्य में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता और योजना से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि निर्माण कार्य पर किसी तरह का सवाल न उठे। छात्रों के अनुसार निर्माण स्थल पर अब तक योजना से संबंधित सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ऐसे में योजना की लागत, निर्माण एजेंसी, कार्य अवधि और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां स्पष्ट नहीं हो पा रही हैं। कनीय अभियंता ने कहा गुणवत्तापूर्ण निर्माण का दिया गया निर्देशरू-मामले में भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता रूपेश कुमार ने बताया कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में सुधार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही गलत अथवा गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। अब देखना होगा कि विभागीय स्तर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कब तक कराई जाती है और छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति क्या सामने आती है।

सोनवर्षा कचहरी में पताल महाकाली मंदिर का पुनः निर्माण को लेकर बैठक का किया आयोजन



बैठक में महाकाली मंदिर के कार्यकर्ता।

कहरा (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा कचहरी स्थिति पताल महाकाली मंदिर निर्माण को लेकर लोगों ने रविवार को पुजारी दिपक कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिशनपुर, खड़गपुर, पांचू टोला, भगवानपुर, अमरपुर एवं बलुआहा सहित अन्य गांवों के लोगों ने भाग लिया। मंदिर निर्माण हेतु लोगों ने सर्वसम्मति से पुजारी के साथ सात सदस्यीय टीम बनाया है। और मंदिर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के लिए सभी लोगों ने विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मंदिर जनसहयोग से निर्माण किया जा रहा हैं।जिसमें कमेटी के लोग जिस गांव में चंदा एवं सहयोग लेने जाएंगे। वहां पूर्व सूचना देकर गांव के पांच प्रमुख लोगों को साथ में लेकर चंदा इकट्ठा करेंगे। मंदिर निर्माण कार्य पूरा करेंगे। उल्लेखनीय हों कि सोनवर्षा कचहरी में आजादी से पूर्व राजाओं द्वारा निर्मित पताल महाकाली मंदिर के जर्जर होने से पुजारी ने चंदा इकट्ठा कर पूनरू मंदिर निर्माण कार्य शुरू किया है। जिसमें जनसहयोग की आवश्यकता को देखते हुए पुजारी के साथ लोगों ने बैठक किया। बैठक में शंकर गुप्ता, रमेश पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नाथों साह, मुकेश कुमार, जवाहर साह, गणेशी साह, रामबहादुर साह, गजोधर साह, ललीत कुमार, रणबीर कपूर, राजनंदन साह, लालबहादुर साह, अमर साह, सुखशेन साह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

एक नवंबर को आयोजित दिल्ली रैली में शामिल होंगे सीपीआई के सैकड़ों कार्यकर्ता

सहरसा शहर (एनएसबी)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई की जिला स्तरीय बैठक जाकिर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित रैली में जिला सीपीआई के एक हजार प्रदर्शनकारी भाग लेंगे।

सीपीआई नेता का ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में कार्यकताओं ने आगामी आंदोलनों और संगठनात्मक सम्मेलनों की रूपरेखा तैयार करते हुए एकजुटता का संकल्प लिया। महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार जनतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को पुलिस बल के दम पर कुचलना चाहती है। नेताओं ने स्पष्ट किया कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होने तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने वक्त की जरूरत बताते हुए मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंककर जनपक्षीय सरकार बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव परमानंद ठाकुर ने कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित महारैली में सहरसा से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकत्ता भाग लेंगे। यह रैली एसआईआर को रद्द करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुलाई गई है। बैठक में 20 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहरसा जिला सम्मेलन और नवनिर्मित कार्यालय भवन के उद्घाटन की तैयारियों पर भी गहन विमर्श हुआ। इस भव्य कार्यक्रम और नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा करेंगे। इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए कार्यकत्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में राज्य परिषद सदस्य विजय कुमार यादव, उमेश पोद्दार, खड़ानंद ठाकुर, शंकर कुमार, प्रभुलाल दास, उमेश चैधरी, अमर कुमार पप्पू, राजा भगत, सुरेश साह, शत्रुघ्न यादव, रमेश यादव, राजकुमार चैधरी, बिन्देश्वरी साहनी, टुनटुन चैधरी, जाकिर, चंद्रकांत मुखिया और अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



संबोधित करते ओमप्रकाश नारायण।

संक्षिप्त खबरें

इलाज के दौरान जिदगी की जंग हार गया अंशु

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत कुल्हड़िया-करना के बीच 18 अक्टूबर को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार अंशु कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। फंटूश कुमार के पुत्र अंशु ने शनिवार रात पटना स्थित मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जाता है कि 18 अक्टूबर को कुल्हड़िया-करना सड़क पर अंशु की मोटरसाइकिल बिजली के पोल से टकरा गई थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने के कारण उसे पटना के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई।रविवार को अंशु का शव कुल्हड़िया गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

वैश्य महासभा के संरक्षक विजय शंकर प्रसाद किए गए सम्मानित

खगड़िया(एनएसबी)। समाजिक कार्यकर्ता बिजय शंकर प्रसाद को नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत और अवधेश कुमार साह के द्वारा अंग बस्त्र, पुष्प माला, पुष्प गुच्छ और मीठाई का उपहार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बिजय षंकर प्रसाद अच्छे स्वास्थ लाभ के लिए गौहाटी के मालीगांव में पहाड़ कि तराई में शुद्ध और शांत बाताबरण में अपने परिजन संग रह रहें है। यशवंत ने बताया कि बिजय षंकर प्रसाद पन्द्रह साल तक खगड़िया जिला तैलिक साहु सभा के अध्यक्ष के साथ साथ कई अन्य समाजिक संगठन के कार्य को सफलतापूर्वक निभाया है। बिजय षंकर ने कहा कि मैं यहा अपने परिजन के सेवा सत्कार से स्वस्थ और जीवित हुं। और इधर खगड़िया जिला तैलिक साहु सभा के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, मंत्री जितेन्द्र कुमार जवाहर, पुर्व जिलाध्यक्ष नितिन कुमार चुन्नु, सहित सैकड़ों लोंगों ने उनके अच्छे स्वास्थ के की कामना की है।

शिकारी जानवर ने चार सौ मुर्गे को मार डाला

बेलदौर(एनएसबी)। बेलदौर नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो शेरबासा गांव के एक मुर्गा फार्म हाउस में अज्ञात शिकारी जानवर घुस कर लगभग चार सौ से अधिक मुर्गे को मार डाला। फार्म हाउस के संचालक इद्रदेव साह के पुत्र राजीव कुमार के मुताबिक घटना के समय फार्म हाउस में अज्ञात शिकारी जानवर प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया। इसकी जानकारी संचालक को अर्द्ध रात्रि में मिली जब वे अपने फार्म हाउस को देखने के लिए पहुंचे। घटना के शिकार मुर्गा का वजन आठ सौ ग्राम से लेकर एक किलो तक की बताई जा रही है।

अग्निपीड़ितों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सोनडीहा वार्ड संख्या 13 और 14 में एनएच 31 से उत्तर स्थित पेट्रोल पंप के पास बीते 5 अक्टूबर को लगी भीषण आग से भारी तबाही मची थी। इस अगिकांड में कई लोगों के भूसा घर और जलावन घर पूरी तरह जलकर राख हो गए थे। घटना के बाद प्रभावित ग्रामीणों द्वारा मुआवजे और सहायता के लिए कुल 18 आवेदन दिए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोगरी के अंचलाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए नुकसान की पूरी जांच की। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 अगिपीड़ित व्यक्तियों को राहत के तौर पर पलीथिन शीट आवंटित करने का निर्णय लिया। अंचल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री को वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्य देवीलाल यादव तथा पंचायत समिति सदस्य जय चंद्र कुमार के द्वारा 11 अगिपीड़ित व्यक्तियों के बीच पलीथिन शीट का वितरण किया गया, जिससे पीड़ित परिवारों को अस्थायी राहत मिल सकी है।

पत्रकारों के हितों की लड़ाई हमलोग लड़ेगें : राजकिशोर सिंह

बिहार श्रमजीवि पत्रकार युनियन की बैठक का आयोजन, प्रखंड संयोजक बने मनोज और सहसंयोजक राजकमल

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार श्रमजीवि पत्रकार युनियन की बैठक रविवार को बेलदौर प्रखंड मुख्यालय स्थित भाभा कोचिंग सेंटर में राजकिषोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिले के पत्रकारों की समस्याओं और उसके समाधान पर विचार विमर्ष किया गया। बिहार श्रमजीवि पत्रकार युनियन के जिलाध्यक्ष राजकिषोर सिंह ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओ को लेकर हमलोग बैठक कर रहे हैं। उन्होने कहा कि समाचार संकलन में पत्रकारों जो समस्या हो रही है उनका समाधान हमलोग जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर समाधान करने का प्रयास करेगें। उन्होने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिये हमलोगों को जो भी लड़ाई लड़नी होगी इसके लिये हमलोग एकताबद्ध होकर लड़ेगें। उन्होने कहा कि हमलोगों को पत्रकारिता के मर्यादा के अनुरूप कार्य करने होगें। वही युनियन के जिला महासचिव षषि भूशण प्रसाद ने कहा कि बैठक में पत्रकारों ने जो समस्याएं बताये हैं उनका समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि हमलोग एकजुट रहे तो धीरे-धीरे सारी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। उन्होने युनियन के सदस्यों से समाजिक दायित्व के निर्वहन में आगे आकर कार्य करने का आग्रह किया। वही पत्रकारों के बीमा के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि युनियन से जुड़े सभी पत्रकारों का बीमा आवष्यक है। हमलोग एक साथ किसी भी बैंक या इंष्योरेंस एजेंसी से बीमा करा ले ताकि हमलोगों के साथ किसी प्रकार की हादसा हो जाय तो परिवार के लोगों को तत्काल राहत मिल सकें। बैठक में संयुक्त सचिव सिकंदर आजाद वक्त ने भी पत्रकारों की समस्याओं और उसके समाधान के संबंध में कई जानकारी दी। वही युनियन को कैसे मजबूत किया जाय और कोश का संग्रह कैसे हो इसपर भी विचार विमर्ष किया गया। इस अवसर पर बेलदौर प्रखंड कार्यकारिनी की गठन किया गया,जिसमें मनोज कुमार पटेल को संयोजक और सह संयोजक राजकमल कुमार को बनाया गया। बैठक में सुधीर कुमार षर्मा, अजय सिंह,रणवीर सिंह समेत अन्य पत्रकारों ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किये। वही विभिन्न संगठनों के द्वारा पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सतीष रजक, विनोद कुमार मंटू,सुमन कुमार,मो0 उमर खान,दीपक कुमार,मो0 इरषाद अली,रामप्रवेष कुमार षर्मा,सुदर्षन कुमार, सत्यम ेही,रोहित कुमार, मो0 सरफराज आलम,रमेष कुमार,अनिष कुमार,निर्मल कुमार,मिंकु कुमार, राजेष कुमार, अमन पाठक, अमित कुमार सिंह,भवेष कुमार,गुरूचरण गुप्ता, मो0 जावेद, रणवीर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



संबोधित करते राजकिशोर सिंह।



उपस्थित पत्रकारगण।

श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज एंव शहीद प्रभु नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ट्रमा सेंटर के रूप में अधिसूचित

सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने और मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर : डा. विवेकानंद

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज एवं शहीद प्रभु नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, परमानंदपुर, खगड़िया को लेवल-2 ट्रमा सेंटर के रूप में अधिसूचित किया गया है। यह जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान के मीडिया प्रभारी अमरीष कुमार ने कहा कि खगड़िया और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। दुर्घटना के बाद समय पर उचित चिकित्सा मिलने से उनकी जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस अधिसूचना से क्षेत्र में ट्रमा केयर सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जाएगा। संस्थान के लिए जरूरतमंदों की जान बचाने और पीड़ित मानवता की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। संस्थान के निदेशक एवं शिक्षाविद ड़ विवेकानंद ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए हर पल कीमती होता है। तत्काल उचित उपचार किसी की जिी बचाने के साथ उसके परिवार को गहरे दुख से बचा सकता है। हमारे संस्थान को लेवल-प्प् ट्रमा सेंटर के रूप में अधिसूचित किया जाना गर्व के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि संकट के समय मानव जीवन की रक्षा करना भी है। किसी घायल की जान बचाने और जरूरतमंद को जीवन की नई उम्मीद देने से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। हम मानवीय संवेदना और समर्पण के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने और मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर है।

आग लगने से लाखों की नुकसान

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के कमरी गांव में पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की शाम एक किसान के घर में अचानक आग लगने से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच घटना की सूचना पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दमकल टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत और कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक आग की भीषण चपेट में आने से घरों में रखी एक बाइक, चप्पल बनाने वाला प्लांट, पानी का मोटर, पंखा, भारी मात्रा में अनाज, कपड़े, बर्तन, चौकी और कुर्सियां सहित रोजमर्रा की जरूरत का तमाम सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस दर्दनाक अगिकांड में दो परिवारों के घर पूरी तरह जलकर तबाह हो गए। जिसमें लाखों की संपत्ति जल गया। प्रभावित होने वाले परिवारों में प्रेमलता कुमारी पति राजेश कुमार और चरित्र सिंह पिता स्वर्गीय जागेश्वर सिंह दोनों सोनडीहा निवासी हैं। आग लगने की इस सूचना पाकर अंचल कार्यालय से राजस्व कर्मचारी रविवार को मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेते हुए स्थिति का आकलन किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द सरकारी सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। अचानक घटी इस बड़ी दुर्घटना के बाद से दोनों पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस अचानक हुई दुर्घटना से दोनों परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। फिलहाल आग लगने के असली और सही कारणों की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है।



आग से जलते हुये घर।

कार्तिक मास में बिखरेंगी ओस की बूंदों की अनुपम छटा



अतिप्राचीन भगवान श्री राम मंदिर।

परबत्ता (एनएसबी)। शरद पूर्णिमा आज मनाया जाएगा। यह रास पूर्णिमा के नाम से भी जानी जाती हैं। शास्त्रो के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा सोलह कलाओं का होता है और इससे निकलने वाली किरणें अमृत समान मानी जाती है। शरद पूर्णिमा की रात्रि को दूध की खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखी गई । मान्यता है कि चंद्रमा की किरणें खीर में पड़ने से यह कई गुना गुणकारी और लाभकारी हो जाती है। वहीं परबत्ता प्रखंड के अतिप्राचीन भगवान श्री राम मंदिर में पुरानी परंपरा के तहत आज शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाम को विशेष पूजन के साथ श्वेत व्यंजन का भोग लगाया जाता है। ओर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संसारपुर गांव निवासी पंडित अजय कांत ठाकुर ने बताया कि पंचांग के अनुसार कार्तिक मास वर्ष का आठवां मास महीन होता है। कार्तिक ान मंगलवार से ही प्रारंभ हो रहा है। शरद पूर्णिमा सोमवार को मनाया जाएगा। कार्तिक मास को हिन्दू धर्म ग्रंथों धार्मिकष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया गयाहै ।कार्तिक मास का पुण्यकाल अश्विन शुक्ल पूर्णिमा अर्थात शरद पूर्णिमा से ही आरंभ हो जाता है औरअश्विन पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक ये एक माह सांसारिक विषयों का त्याग करके धर्म के कार्यो में व्यतीत किया जाता है।कार्तिक मास भगवान विष्णु का अवतार महीना माना जाता है ।धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक कार्तिक मास साक्षात भगवान विष्णु का अवतार माना जाता हैं। क्योंकि इस मास में करवा चौथ,हनुमान जयंती, दीपावली,छठ, चित्रगुप्त पूजा,काली पूजा,गोवर्धन पूजा, भैया दूज, कार्तिक पूजा, आंवला नवमी आदि विशिष्ट त्यौहार आते हैं। पूरे मास भगवान विष्णु स्वरूप की पूजा अर्चना होती हैं। इस माह में आकाश में तारों के बीच के रहते हुए ान करना, पीपल, बड, आबंला के पेड़ जैसे पवित्र वृक्षों में जल जढाना अतिआवश्यक हैं। सौभाग्यवती महिलाएं एवं कन्याओं के लिए यह मास महत्वपूर्ण हैं।सुख, सौभाग्य, समृद्धि, संतान के लिए कार्तिक मास में ान एवं पूजा वत करना चाहिए।कार्तिक मास में दीप जलाने का महत्व है। इस माह में प्रत्येक दिन मंदिर, गोशाला, तुलसी, रसोईघर एवं आंगन में दीप जलाने से ऐश्वर्य व समृद्धि की प्राप्ति होती है। कार्तिक मास का ान एवं पूजा अर्चना घर घर में महिलाएं करती हैं।पूरे मास में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना दामोदर के रूप में होती हैं। कार्तिक मास में लक्ष्मी जी के लिए के लिए दीप जलाया जाता हैं। ओर संकेत दिया जाता है कि अब जीवन में अंधकार दूर कर प्रकाश देने की पा करें।कार्तिक मास में तुलसी की पूजा की जाती हैं।ओर तुलसी के पत्ते खाए जाते हैं।इससे शरीर निरोग बनता है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर ान कर सूर्य देवता एवं तुलसी पौधे को जल चढ़ाना अनिवार्य होता हैं। पंडित मनोज कुंवर ने बताया कि इस महीने में प्रति नए रूप-रंग एवं सुगंध से युक्त होता है। यह वह समय होता है, जब ठंड धीरे-धीरे बढ़ रही होती है और शीत ऋतु में प्रवेश कर रही होती है। सुबह खेतों में घास व फसलों पर ओस की बूंदों के रूप में प्रति के अनुपम मोती अपनी छटा बिखेरते हैं। सुबह-सुबह इन मोतियों को निहारने व इन पर नंगे पांव चलने से ने केवल नेत्र-ज्योति तेज होती है, बल्कि शारीरिक और मानसिक शक्ति भी बढ़ती है।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए खगड़िया के 13 खिलाड़ियों का चयन

गोगरी (एनएसबी)। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से जवाहर इंटर विद्यालय, समसपुर में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गांवों से आए 14 एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 13 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित होगी।प्रतियोगिता के दौरान 60 मीटर, 80 मीटर एवं 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक और शट पुट सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।खगड़िया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। चयनित 13 खिलाड़ी हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले का नाम रोशन करेंगे।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एसोसिएशन के संरक्षक ड़ प्रेम कुमार, सावन कुमार, ड़ रवि कुमार एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार का मार्गदर्शन रहा। वहीं, जिला सचिव रवि रोशन कुमार, मीडिया प्रभारी रितेश कुमार, अभिभावक की भूमिका में अभय सिंह तथा तकनीकी टीम के सदस्य प्रियांशु कुमार, सुधु कुमार, गुड्डू कुमार, वशिष्ठ कुमार, राहुल कुमार और बादल कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजा कुमार के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला प्रशिक्षक नैना कुमारी ने भी प्रतियोगिता के संचालन में अहम भूमिका निभाई।



खिलाड़ीगण।

संक्षिप्त खबरें

एक महीने से ठप है नल-जल योजना, फूटी है पानी की टंकी

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के चौथम पंचायत के खरैत मैजिनी गांव के वार्ड नंबर 10 में पिछले एक महीने से नल-जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति ठप है। इस कारण वार्ड के लोगों को सरकारी नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, योजना में तकनीकी खराबी के कारण लंबे समय से पानी की सप्लाई बाधित है। वहीं, योजना की एक पानी की टंकी पिछले छह महीने से फूटी हुई है, लेकिन अब तक उसे बदला नहीं गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना में पहले भी कई बार खराबी आ चुकी है। उस समय लोगों की शिकायत के बाद मरम्मत कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाती थी। लेकिन इस बार करीब एक महीने से पानी की सप्लाई बाधित रहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इससे वार्ड के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्षेत्र के निवासी मिरो शर्मा, शक्ति शर्मा और मिथुन शर्मा आदि ने बताया कि उनके घरों तक अब तक नल-जल योजना की पाइपलाइन भी नहीं पहुंचाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना की व्यवस्था अक्सर खराब रहती है, जिसके कारण लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पाता है। उनका कहना है कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन वार्ड के कई परिवार अब भी इसका लाभ पाने से वंचित हैं। बताया गया कि नल-जल योजना के संचालन की जिम्मेदारी पूर्व वार्ड सदस्य रंजेस कुमार के पास है। ग्रामीणों के अनुसार, योजना की एक टंकी पिछले छह महीने से फूटी हुई है। इस संबंध में विभाग को कई बार सूचना देने और शिकायत करने के बावजूद टंकी को बदलने की दिशा में अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। इधर, वर्तमान वार्ड सदस्य अनिल मेहता ने बताया कि नल-जल योजना में आई खराबी को लेकर विभाग को शिकायत दी गई है। विभाग की ओर से जल्द ही समस्या को दुरुस्त कर पानी की आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया गया है। अब ग्रामीणों को विभाग की कार्रवाई का इंतजार है। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द फूटी हुई टंकी को बदलने, पाइपलाइन से वंचित घरों तक कनेक्शन पहुंचाने और नल-जल योजना की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि वार्ड के सभी परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके।

स्मृति शेष विमला देवी को जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

पसराहा (एनएसबी)। गोगरी प्रखंड के सर्किल नंबर-1 अंतर्गत कोयला गांव में सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर यादव की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी स्मृति शेष विमला देवी की आत्मा की शांति तथा उनके प्रति तज्ञ भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिले के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत विमला देवी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर नमन किया। श्रद्धांजली सभा में बेलदौर विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल ने कहा कि विमला देवी का निधन उनके परिजनों के लिए गहरा व्यक्तिगत आघात है। इस दुःख की घड़ी में वे शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त किया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। जिला परिषद अध्यक्ष ष्णा कुमारी यादव ने कहा कि किसी परिवार के लिए अपने प्रियजन को खोना अत्यंत पीड़ादायक होता है और ऐसी क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने दिवंगत विमला देवी को अपना परिवार से एक सदस्य खोने की गम में भावूक होते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।साथ ही शोकाकुल परिजनों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने की कामना की। सभा में पूर्व विधायक रणवीर यादव, पूर्व विधायक ड संजीव कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय सिंह कुशवाहा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ड चन्दन यादव,ड अवधेश यादव, चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ड धीरेंद्र कुमार यादव, पूर्व प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष बलवीर चांद,अलौली प्रमुख नवीन कुमार ने दिवंगत विमला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षक राजकिशोर यादव, शिक्षक प्रवीण कुमार, अखिलेश यादव सहित दर्जनों जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य भारी संख्या में शिक्षाविद् व राजनीतिक दल के नेतागण मौजूद रहे।

समाजिक कार्यकर्ता किरण ज्योति का 71 वर्ष की आयु में निधन

बेलदौर (एनएसबी)। पूर्व जिला परिषद सदस्य दिवंगत हरिश्चंद्र प्रसाद की पत्नी किरण ज्योति का 71 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने अपने निज आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। मालूम हो कि किरण ज्योति के पति हरिश्चंद्र प्रसाद का निधन वर्ष 2005 में हो गया था। वे वर्ष 2001 में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 12 से निर्वाचित हुए थे। जिला परिषद सदस्य बनने से पहले उन्होंने बेलदौर पंचायत के मुखिया के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। क्षेत्र में उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को लोग आज भी याद करते हैं।किरण ज्योति अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके बड़े पुत्र ड़ निखिल केंद्र सरकार में पदस्थापित हैं, जबकि छोटे पुत्र प्रवीण भास्कर बेलदौर इंडेन ग्रामीण वितरक के प्रोपराइटर हैं। उनकी एकमात्र पुत्री मनीषा कुमारी समस्तीपुर में गृहिणी हैं। वहीं, उनके दामाद धीरज कुमार चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। स्थानीय लोगों ने उनके निधन को परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस दुखद अवसर पर ड़ नीतीश, पूर्व जिला परिषद सदस्य किरण देवी, चेयरमैन ममता कुमारी, उपचेयरमैन प्रतिनिधि सूरज कुमार, रूपेश कुमार, अरविंद कुमार, सेवानिवृत्त कनीय अभियंता (पीएचईडी) भूषण राय, अगिवेश कुमार,आशीष कुमार, राकेश रौशन उर्फ अशोक कुमार सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत किरण ज्योति के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उनके निधन से बेलदौर क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान संगठन की पहली प्राथमिकता

गोगरी (एनएसबी)। अनुमंडल क्षेत्र के रजिस्ट्री मोड़ स्थित दुर्गा स्थान परिसर में रविवार को दिव्यांगजन कल्याण समिति के शिष्टमंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों को हो रही विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर समिति के जिलाध्यक्ष पवन कुमार पासवान ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ आए दिन होने वाली समस्याओं का समाधान संगठन की पहली प्राथमिकता है। इन समस्याओं को हर स्तर पर हल कराना संगठन के कार्यकर्ताओं का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को राशन कार्ड बनवाने तथा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याएं अक्सर सामने आती रहती हैं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार प्रयास करेगा। बैठक में विनय कुमार मिश्रा, संदीप कुमार, ब्रजेश कुमार, अंशद आलम, प्रीतम कुमार सहित समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अनंत सिंह-नीलम देवी के निष्कासन के बाद सियासी हलचल तेज, ललन सिंह ने सीएम सम्राट से की मुलाकात

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को जनता दल (यूनाइटेड) से छह वर्षों के लिए निष्कासित किए जाने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस घटनाक्रम के अगले दिन केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में बातचीत हुई। हालांकि, मुलाकात के एजेंडे को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में इस बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारों में विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

अनंत सिंह और नीलम देवी के खिलाफ पार्टी की कार्रवाई के बाद हुई इस मुलाकात को राजनीतिक ष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, बैठक के उद्देश्य और उसमें हुई चर्चा के विषयों की आधिकारिक पुष्टि नहीं होने के कारण इसके निष्कर्षों को लेकर किसी तरह का अनुमान लगाना उचित नहीं होगा।

विधान परिषद चुनाव बना विवाद की प्रमुख वजह

पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के दौरान अनंत सिंह की जन सुराज प्रत्याशी के समर्थन में सक्रियता और जदयू के विधान पार्षद नीरज कुमार के साथ राजनीतिक विवाद चर्चा में रहा। इसी पृष्ठभूमि में पार्टी ने अनंत सिंह और नीलम देवी के खिलाफ कार्रवाई की। 24 अक्टूबर की शाम दोनों को छह वर्षों के लिए निष्कासित किए जाने की घोषणा के साथ अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की सिफारिश का मामला भी सामने आया।

इस कार्रवाई के बाद जदयू और बिहार के एनडीए की राजनीति में आगे की परिस्थितियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, निष्कासन के राजनीतिक प्रभाव और भविष्य की रणनीति को लेकर अभी किसी आधिकारिक निर्णय की जानकारी नहीं है।

विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी से भी जुड़े रहे ललन सिंह

चुनाव के दौरान अनंत सिंह और नीरज कुमार के बीच बढ़े विवाद को शांत कराने के प्रयासों में ललन सिंह की भूमिका भी चर्चा में रही थी। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा की ओर से मुंगेर-मोकामा क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों की समझ के आधार पर ललन सिंह को दोनों नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात सामने आई थी।

हालांकि, विवाद पूरी तरह सुलझने से पहले ही पार्टी ने अनंत सिंह और नीलम देवी के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई कर दी।


सीम से मिलते ललन सिंह।

इसके बाद ललन सिंह और मुख्यमंत्री के बीच हुई मुलाकात ने राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

नीरज कुमार पर कार्रवाई को लेकर भी दिया था बयान

निष्कासन से पहले ललन सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यदि पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में अनंत सिंह के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो समान परिस्थितियों में नीरज कुमार के मामले पर भी पार्टी को विचार करना चाहिए। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में पार्टी के स्तर पर हुई चूक को लेकर भी सवाल उठाए थे।

इस बयान के बाद पार्टी की कार्रवाई और मुख्यमंत्री के साथ उनकी मुलाकात को लेकर राजनीतिक चर्चाएं स्वाभाविक रूप से तेज हुई हैं। हालांकि, इन घटनाक्रमों के बीच किसी प्रत्यक्ष संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

आगे की रणनीति पर टिकी निगाहें

अनंत सिंह और नीलम देवी के निष्कासन के बाद अब सबकी निगाहें जदयू के अगले कदम और बिहार की गठबंधन राजनीति पर टिकी हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और ललन सिंह के बीच हुई बातचीत को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक विवरण उपलब्ध नहीं है। इसलिए इसे पार्टी के भीतर मतभेद, किसी नए राजनीतिक समीकरण या भावी निर्णय का संकेत मानना जल्दबाजी होगी।

फिलहाल इतना स्पष्ट है कि विधान परिषद चुनाव से शुरू हुआ विवाद अब पार्टी के संगठनात्मक फैसले और प्रमुख नेताओं की गतिविधियों के कारण व्यापक राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। आने वाले दिनों में पार्टी नेतृत्व की ओर से कोई बयान या नया निर्णय सामने आता है तो इस पूरे प्रकरण की दिशा और प्रभाव अधिक स्पष्ट हो सकेगा।

संक्षिप्त खबरें

बाबा के कर्म स्थली को स्वर्ग बनाना है

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय विश्व धर्म महासम्मेलन के अंतिम दिन रविवार को सामूहिक साधना, केंद्रीय कार्यकर्ताओं की बैठक, युवा छात्र सम्मेलन, धर्मचक्र, सांस्तिक कार्यक्रम और गुरु पूजा सहित कई आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को संगठन की जिम्मेदारी सौंपने और उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य परमपुरुष श्रीश्री आनंदमूर्ति जी की जन्मस्थली को स्वर्ग के समान बनाना और घर-घर तक बाबा के संदेशों को पहुंचाना है। इसके लिए आनंद मार्गियों से अपने परिवार के बच्चों को आनंद मार्ग से जोड़ने तथा बाबा के विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।पुरोधा प्रमुख विश्व देवानंद अवधूत के प्रवचन से पूर्व केंद्रीय कमेटी की बैठक हुई। इसमें कार्यकर्ताओं से कहा गया कि प्रत्येक आनंद मार्गी अपने पुत्र-पुत्रियों को आनंद मार्ग के सिद्धांतों से परिचित कराएं। महासम्मेलन से संकल्प लेकर लौटें और बाबा के विचारों का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें।वहीं युवाओं को आने वाले दिनों में बड़ी जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में दिसंबर माह में विशेष युवा प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इसमें 500 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है। युवा छात्र सम्मेलन को इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।सम्मेलन में आचार्य प्रणवेशानंद अवधूत, आचार्य कमलेशानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत, आचार्य विमलानंद अवधूत, आचार्य कल्याण मित्रानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत और आचार्य मधुवातानंद अवधूत सहित देश-विदेश से हजारों आनंद मार्गी शामिल हुए।


आनंद मार्ग के पुरोधा प्रमुख, कीर्तन करते मार्गी।

खेत विवाद में चली गोलियां

ग्रामीणों का दावा-छह से चक्र से ज्यादा फायरिंग, कई थानों की पुलिस और क्यूआरटी ने संभाला मोर्चा

बबलू और मुन्ना यादव के बीच खेत को लेकर चल रहा विवाद, पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। खेत विवाद को लेकर सफियासराय थाना क्षेत्र के प्रेम टोला फरदा में रविवार को दो पक्षों के बीच तनाव गहरा गया। छह चक्र से अधिक गोलियां भी चली है। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, गोलीबारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, प्रेम टोला फरदा निवासी बबलू यादव और मुन्ना यादव के बीच खेत को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। ग्रामीणों का दावा है कि इस दौरान छह से अधिक राउंड गोलियां चलाई गईं। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद के नेतृत्व में कासिम बाजार, जमालपुर और हेमजापुर सहित कई थानों की पुलिस तथा क्यूआरटी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने की जानकारी मिली है। इधर, सफियासराय थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने गोलीबारी की घटना से इन्कार किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अब तक किसी पक्ष ने लिखित आवेदन नहीं दिया है। पुलिस गांव में स्थिति पर नजर बनाए हुए है। विवाद की वास्तविक वजह और गोलीबारी के दावे की पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

अनंत समर्थकों का सवाल मयंक राज पर कार्रवाई तो सांसद पर क्यों नहीं

जिलाध्यक्ष को पदमुक्त करने और जिला कमेटी भंग करने के फैसले के बाद संगठन में उठे सवालय मोकामा विधायक के सरकारी आवास पर समर्थकों ने की आतिशबाजी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। संगठनात्मक कार्यों में कथित शिथिलता के आरोप में बाढ़ संगठन के जिलाध्यक्ष मयंक राज को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने और जिला कमेटी भंग किए जाने के बाद राजनीतिक और संगठनात्मक हलचल तेज हो गई है। कार्रवाई के बाद विधायक अनंत कुमार सिंह के समर्थकों की ओर से सवाल उठाए जाने लगे हैं कि यदि संगठन में शिथिलता के आधार पर जिलाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, तो सांसद की भूमिका की भी समीक्षा क्यों नहीं की गई समर्थकों के इन सवालों ने संगठन के भीतर जवाबदेही और कार्रवाई में समानता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। इधर, कार्रवाई के बाद मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह के सरकारी आवास पर समर्थकों द्वारा जमकर आतिशबाजी किए जाने की चर्चा भी सामने आई है। इस घटनाक्रम को जिलाध्यक्ष पर हुई कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, आतिशबाजी के पीछे की मंशा और इससे जुड़े लोगों की भूमिका को लेकर स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। कार्रवाई के बाद बढ़ी सियासी सरगर्मी जिलाध्यक्ष मयंक राज को पदमुक्त किए जाने और जिला कमेटी भंग करने के फैसले ने संगठन की कार्यशैली, जिम्मेदारी और नेतृत्व की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। समर्थकों का तर्क है कि यदि संगठनात्मक निष्क्रियता कार्रवाई का आधार है, तो इसकी समीक्षा सभी संबंधित पदाधिकारियों के संदर्भ में समान रूप से होनी चाहिए। वहीं, इस मामले में संगठन के आधिकारिक पक्ष और सांसद की भूमिका को लेकर स्थिति स्पष्ट होना अभी बाकी है। अब सबकी नजर आगामी घटनाक्रम पर टिकी है। क्या संगठन की ओर से उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाएगा क्या अन्य पदाधिकारियों की भूमिका की भी समीक्षा होगी, या कार्रवाई जिलाध्यक्ष तक ही सीमित रहेगी इन सवालों के बीच बाढ़ संगठन की अगली रणनीति और नेतृत्व के रुख को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं।फिलहाल, मयंक राज पर हुई कार्रवाई के बाद उठे सवालों और मोकामा में समर्थकों की आतिशबाजी ने इस प्रकरण को नया राजनीतिक रंग दे दिया है। आने वाले घटनाक्रम से ही स्पष्ट होगा कि यह विवाद संगठनात्मक अनुशासन तक सीमित रहता है या इसके दूरगामी राजनीतिक परिणाम भी सामने आते हैं।

पटना स्नातक चुनाव में सियासी घमासान, युवा जदयू प्रदेश सचिव अमित प्रकाश छह साल के लिए निष्कासित

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद ातक निर्वाचन क्षेत्र, पटना के चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) में संगठनात्मक कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में युवा जदयू के प्रदेश सचिव एवं बाढ़, पटना निवासी अमित प्रकाश को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासन पत्र के अनुसार, उन पर वर्ष 2026 के पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का आरोप है। जारी निष्कासन पत्र में अमित प्रकाश को उनके पद से मुक्त करने के साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की गई है। पत्र पर ड़ नीतीश पटेल का नाम अंकित है। पार्टी अनुशासन के उल्लंघन का आरोप निष्कासन पत्र में स्पष्ट किया गया है कि चुनाव के दौरान पार्टी समर्थित उम्मीदवार के विरुद्ध गतिविधियों और दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। पार्टी ने इसे संगठनात्मक अनुशासन से जुड़ा मामला मानते हुए छह वर्ष के निष्कासन का निर्णय लिया है। इस कार्रवाई के बाद बाढ़ क्षेत्र में जदयू की स्थानीय और युवा इकाई से जुड़े राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव पहले से ही राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र में रहा है और अब पार्टी के पदाधिकारियों पर हो रही कार्रवाई ने संगठनात्मक अनुशासन के मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। संगठनात्मक कार्रवाई से बढ़ी चचा अमित प्रकाश के निष्कासन को पार्टी के भीतर चुनावी अनुशासन बनाए रखने की कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, निष्कासन पत्र में लगाए गए आरोपों पर अमित प्रकाश का पक्ष सामने नहीं आया है। उनका पक्ष मिलने पर इस खबर में शामिल किया जा सकता है। फिलहाल, पार्टी के निष्कासन पत्र के आधार पर अमित प्रकाश को छह वर्षों के लिए जदयू से बाहर किए जाने की घोषणा की गई है। इस घटनाक्रम का बाढ़ क्षेत्र में पार्टी संगठन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

संक्षिप्त खबरें

हरिहर क्षेत्र साहित्य उत्सव 2026 एवं पुस्तक लोकार्पण का समारोह

'फोटो संख्या 0060,
सोनपुर (एनएसबी) संगत ग्रैंड का सभागार में हरिहर क्षेत्र चेतना मंच की ओर से हरिहर क्षेत्र साहित्य उत्सव 2026 एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। हरिहर क्षेत्र चेतना मंच अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में महासचिव तृप्ति नाथ सिंह ने हरिहर क्षेत्र साहित्य उत्सव 2026 एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन कर्ता माननीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय तथा मुख्य अतिथि एवं


पुस्तक लोकार्पण समारोह।

मुख्य वक्ता ड संजय पंकज, मुजफ्फरपुर, विशिष्ट वक्ता ड रणधीर कुमार राजन, मुजफ्फरपुर, अध्यक्षता ड संजय पंकज, मुख्य अतिथि ड विद्या चौधरी, पटना, राहुल शिवाय दिल्ली, संचलान ड पंकज कर्ण, मुजफ्फरपुर तथा लेखक सुरेन्द्र सिंह, मानपुरी, अन्य लेखक को सहित सभी अतिथियों को अंग-वस्त्र और पहचान चित्र से सम्मानित किया गया।

बाहुबली मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह की पत्नी नीलम देवी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें तेज

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार की राजनीति में जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी के खिलाफ की गई कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। पार्टी ने दोनों को कथित पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह वर्षों के लिए निष्कासित करने की कार्रवाई की है। इस घटनाक्रम के बाद मोकामा से लेकर पटना तक राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। वहीं, नीलम देवी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। पार्टी की कार्रवाई के बाद राजनीतिक गलियारों में यह सवाल उठ रहा है कि नीलम देवी आगे जन सुराज का रुख करेंगी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ेंगी या अपनी भावी राजनीतिक रणनीति को लेकर कोई अलग फैसला लेंगी। हालांकि, फिलहाल उनके किसी दल में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा सामने नहीं आई है। इसलिए इस संबंध में चल रही चर्चाओं को अटकलों के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

फरक्का जलसंधि के नवीकरण के विरोध में जदयू का नीतीश संवाद दो नवंबर को

टाउन हल में संजय झा और उमेश कुशवाहा करेंगे संवाद

- कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

मुंगेर (एनएसबी)। फरक्का जलसंधि के नवीकरण के विरोध और बिहार के हितों को लेकर आगामी दो नवंबर को मुंगेर के टाउन हल में आयोजित होने वाले नीतीश संवाद की सफलता को लेकर रविवार को जदयू जिला कार्यालय, गार्डन बाजार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के मुंगेर जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने की, जबकि कार्यक्रम प्रभारी एवं जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल ने बैठक की शुरुआत की।बैठक में विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि भारत-बांग्लादेश के बीच तीन दशक पहले हुई फरक्का जलसंधि के कारण बिहार के हितों की अनदेखी हुई है। अब इस संधि पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। जनता दल यूनाइटेड


नीतीश संवाद कार्यक्रम को लेकर बैठक करते जिला जदयू।

बिहारवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संधि के नवीकरण का विरोध कर रहा है। इसी मुद्दे पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा प्रदेश की जनता से नीतीश संवाद के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में दोनों नेता दो नवंबर को मुंगेर टाउन हल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में कार्यक्रम की सफलता, संगठन की सक्रिय भागीदारी,कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।मौके पर तारापुर के पूर्व विधायक राजीव सिंह सहित विभिन्न प्रखंडों और नगर इकाइयों के अध्यक्ष मौजूद रहे। युवा जिलाध्यक्ष सोनू मंडल, छात्र अध्यक्ष अंकित आनंद,विश्वविद्यालय अध्यक्ष आदित्य पटेल, आइटी सेल अध्यक्ष ब्यास कुमार शर्मा उर्फ बिट्टू,अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहिद अख्तर उर्फ गुड्डू राइन समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

दस दिनों में समस्या दूर नहीं हुई तो बिजली कार्यालय में करेंगे तालाबंदी

सात साल से बिजली पोल और तार के लिए लगा रहे चक्कर


प्रदर्शन करते वार्ड वासी।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शहर के केशोंपुर मसोमात तालाब के पीछे स्थित मोहल्ले में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के खिलाफ रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने किया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द बिजली के पोल और तार लगाने की मांग की।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि सरकार पूरे बिहार में बिजली की सुविधा सुढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वहीं, शहरी क्षेत्र में रहने के बावजूद केशवपुर के इस मोहल्ले के लोग पिछले सात वर्षों से बिजली विभाग का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसके बाद भी अब तक बिजली के पोल और तार नहीं लगाए गए हैं।उन्होंने कहा कि पोल और तार के अभाव में मोहल्लेवासी बांस के सहारे बिजली के तार ले जाने को विवश हैं। इससे आए दिन तार टूटने की समस्या बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अव्यवस्था के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद विभाग की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।प्रदर्शन कर रहे मोहल्लेवासियों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर बिजली के पोल और तार नहीं लगाए गए तो वे बिजली कार्यालय में तालाबंदी करेंगे। लोगों ने कहा कि अब वे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को विवश हैं।प्रदर्शन में मनोज कुमार, विवेक कुमार, रूपा कुमारी, गौरी देवी, प्रियंका कुमारी, लता देवी सहित कई मोहल्लेवासी शामिल थे।

अनुशासित विसर्जन करने वाली पूजा समितियों को किया सम्मानित




पूजा समिति को सम्मानित करते थानाध्यक्ष व विसर्जन समिति।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित समय का पालन करने और अनुशासन की मिसाल पेश करने वाली पूजा समितियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। विसर्जन समिति के मंच पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान एवं समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान बड़ी आशिकपुर दुर्गा महारानी पूजा समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार तांती एवं प्रमोद तांती को सम्मानित किया गया। वहीं, मारवाड़ी धर्मशाला दुर्गा प्रतिमा समिति के महामंत्री माधव मस्कारा को भी सम्मान मिला। इसके अलावा योगमाया बड़ी दुर्गा मंदिर के महंत ड़ मनोहर दास एवं लक्ष्मण दास तथा छोटी दुर्गा, लकड़ी गोला रोड के कैलाश सिंह को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया।विसर्जन समिति की इस पहल का उद्देश्य पूजा समितियों को अनुशासित विसर्जन के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे अन्य पूजा समितियों को भी निर्धारित समय पर प्रतिमा विसर्जन करने तथा व्यवस्था बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। जमालपुर में मां काली एवं दुर्गा की करीब 20 प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान अनुशासन बनाए रखने में ऐसी पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।मौके पर विसर्जन समिति के संरक्षक राजीव नायक,अध्यक्ष बबलू पासवान, सिंटू गुप्ता,साई शंकर, बलविंदर सिंह अहलूवालिया, प्रमोद पासवान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा ताजपुर मंडल में मन की बात कार्यक्रम का हुआ प्रसारण



ताजपुर एनएसबी। रविवार को भारतीय जनता पार्टी ताजपुर के सभी मंडलों के द्वारा सभी पंचायतों के सभी बूथों पर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" को सुना। इसी क्रम में बूथ संख्या 35 पर शक्ति केंद्र प्रमुख आनंद कुमार गुप्ता जी के दरवाजे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शशिधर झा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, सुशील चौबे, भाजपा जिला प्रवक्ता अनिकेत कुमार अंशु, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमरेश साहू, अमरनाथ शर्मा, संजीव साह, दीनबंधु कुमार, रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और संगठन को बूथ स्तर पर और मजबूत करने का संकल्प लिया।

श्री राम कथा का आयोजन 26 से

दलसिंहसराय एनएसबी। शहर के लहेरिया बाजार स्थित सहाय साह ठाकुरवाड़ी बाजार समिति रोड में आगामी 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक संध्या 4बजे से सात बजे तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है श्री धाम बृंदाबन से पधारे कथा वाचक देवी राधा किशोरी जी कथा वाचन करेगी इसे लेकर काफी तैयारी की जा रही है आयोजनकर्ता महंथ दीपक प्रसाद आशीष गुप्ता,शंकर ठाकुर,शंभू प्रसाद सोनी, प्रोफेसर संजीव प्रकाश संजय कुमार साह भगवान प्रसाद मनीष वर्णवाल सहित अन्य सदस्य तैयारी में जुटे हैं वाचन के दौरान प्रतिदिन2100 शिव रक्षाओं का रुद्राभिषेक किया जाएगा वही कथा शुरू होने के पहले भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी

लोकतंत्र बचाओ आरजकता हटाओं अभियान को लेकर भाजपा जिला समस्तीपुर का बैठक संपन्न

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आह्वान पर आगामी 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ आरजकता हटाओं अभियान को लेकर भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा की अध्यक्षता एवं भाजपा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह के संचालन में शहर के हरपुर एलौथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री डाक्टर रागिनी ने कांग्रेस सहित अन्य विरोधी दलों पर झूठ और प्रोपेगैंडा फैला कर भारत के लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्था को बदनाम कर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग विदेशी शत्रुवत शक्तियों के सहयोग से अराजकता पैदा करना चाहते है। इसलिए लोगों को जागरूक कर के भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने केलिए भाजपा के अभियान की सफलता सुनिश्चित करें। भाजपा प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद ने कार्यकताओं से अभियान शामिल होकर विरोधी दल के झूठे नेरिटिभ पर आरजकता फैलाने मंसूबे को बेनकाब करने का आह्वान किया। बैठक में संजीव साह, प्रो विजय कुमार शर्मा, सतवंत चौधरी, विमल कुमार गोलू, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

नारायणपुर पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। नारायणपुर पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में एक भी पदाधिकारी नहीं पहुंच पाए। कार्यक्रम के दौरान नारायणपुर पंचायत भवन में सिर्फ कार्यपालक सहायक रवि कुमार शर्मा और स्वच्छता पर्यवेक्षक राकेश कुमार ही मौजूद थे। जिसके कारण इस कार्यक्रम के तहत जनता की जो उम्मीदें लगी थी उसे पर पानी फिरता नजर आया है। सरकार प्रायोजित विकास कार्यों व नीतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा प्रस्तावित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम कागजी घोड़ा बनकर रह गया। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पंचायत में महीने के अंतिम रविवार को ग्राम सभा आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनने, योजनाओं का चयन करने व सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से लोगों को अवगत कराया जाना है लेकिन नारायणपुर पंचायत समेत अगिआंव प्रखंड के ज्यादातर पंचायतों में यह आयोजन महज दिखावा साबित हो रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रखंड के सभी 15 पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर से बजाप्ता आदेश जारी किया गया था। साथ ही प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षक, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी व सहयोगी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी लेकिन ज्यादातर पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी नदारद रहे।

कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार



आरा (दैनिक नवसंदेश)। मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है । सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शनिवार को वाहन जांच के क्रम में नवादा थाना क्षेत्र के बिहारी मिल ओवरब्रिज पर एक मारुती सुजुकी ब्रेजा कार से 172.800 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। टीम ने वाहन के चालक पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर थाना क्षेत्र के नकोदर गांव निवासी योगेश जसल के साथ बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना अंतर्गत कल्याणपुर गांव निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। उक्त वाहन से 960 पीस में 172.800 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 2 लाख आँका गया। जप्त शराब को बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

युवाओं को पारंपरिक और प्राकृतिक खेती से जोड़ने पर जोर

बामेती में भारतीय किसान संघ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जैविक खेती और देसी गोपालन को बढ़ावा देने की अपील की

पटना/एनएसबी। भारतीय किसान संघ, बिहार प्रदेश की ओर से बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना में आयोजित तीन दिवसीय युवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग रविवार को संपन्न हो गया। 23 अक्टूबर से शुरू हुए इस प्रशिक्षण वर्ग में युवाओं को कृषि क्षेत्र से जोड़ने, पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और कृषि में तकनीक व नवाचार के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के दौरान कृषि विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह के उद्बोधन से हुआ। पहले दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह और क्षेत्र प्रचारक रामनवमी ने कार्यकताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कृषि क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की जरूरत है। युवाओं को खेती को रोजगार और उद्यम के अवसर के रूप में देखते हुए किसानों के बीच सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। दूसरे दिन उत्तर बिहार की महिला प्रमुख डॉ. पुष्पा सिंह और दक्षिण बिहार की महिला प्रमुख बबिता सिंह ने कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास, नवाचार और खेती में आधुनिक तरीकों के उपयोग पर विचार रखे। सायंकालीन सत्र में बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने युवाओं और किसानों को संबोधित किया। उन्होंने पारंपरिक कृषि पद्धतियों, देसी गोपालन और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही किसानों से जल्द से जल्द फार्मर आईडी बनवाने की अपील की। उन्होंने राज्य सरकार की कृषि योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी देते हुए रासायनिक खाद के उपयोग में क्रमबद्ध तरीके से कमी लाने का आग्रह किया। इस दौरान कृषि क्षेत्र से जुड़े युवाओं ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। अंतिम दिन गजेन्द्र सिंह ने समापन संबोधन में भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक सिद्धार्थ जायसवाल ने प्राकृतिक एवं पारंपरिक खेती, देसी गोपालन और गौ आधारित कृषि के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। समापन सत्र में जनवरी 2027 से शुरू होने वाले भारतीय किसान संघ के सदस्यता अभियान की तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में बिहार प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, महामंत्री मनोज कुमार, संगठन मंत्री लक्खी, कोषाध्यक्ष बलिराम सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमराज, महामंत्री बाल किशोर पाठक, दक्षिण बिहार प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार और बिहार संगठन मंत्री रंजीत कुमार सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारी सशक्तिकरण गोष्ठी में गूंजा गुरुदेव का संदेश, 13 दिसंबर के महादीप यज्ञ को सफल बनाने का संकल्प





पटना/एनएसबी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ, कंकड़बाग, पटना एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से नारी सशक्तिकरण गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे पटना जोन से हजारों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी में नारी शक्ति के जागरण, सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका तथा युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के नव निर्माण की प्रमुख शक्ति भी है। जब नारी शिक्षित, जागरूक, संस्कारवान और आत्मनिर्भर बनती है, तब परिवार से लेकर समाज तक सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित होती है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

13 दिसंबर के महादीप यज्ञ को सफल बनाने का लिया संकल्प

गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले महादीप यज्ञ के प्रति जन-जागरण का विस्तार करना रहा। उपस्थित महिलाओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे गुरुदेव के विचारों, गायत्री परिवार के आदर्शों और युग निर्माण के संदेश को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों को महादीप यज्ञ से जोड़कर इस आयोजन को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप देने का आह्वान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि गुरुदेव के विचार केवल आध्यात्मिक जीवन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। इन विचारों को अपने जीवन में अपनाकर ही एक स्वस्थ, संस्कारवान और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

प्रमुख वक्ताओं ने रखे अपने विचार

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री मनीष कुमार जी, जोनल समन्वयक, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नारी शक्ति की सामर्थ्य, संगठन की शक्ति और सामाजिक जागरण में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. नरेंद्र जी एवं श्री नागेंद्र जी ने भी अपने विचारों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया तथा गुरुदेव के विचारों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। गोष्ठी में महिलाओं की व्यापक सहभागिता ने यह संदेश दिया कि नारी शक्ति के जागरण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम ने आगामी महादीप यज्ञ के प्रति उत्साह, समर्पण और जन-जागरण की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। गुरुदेव के विचारों को जीवन में उतारना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। नारी शक्ति के जागरण से ही परिवार, समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पटना उपजोन के समन्वयक श्री मनीष कुमार जी , नागेन्द्र शर्मा जी , नरेन्द्र शर्मा जी , गुडिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, ज्योति कुमारी एवं युवा प्रकोष्ठ के सभी भाइयों का सहयोग रहा है।

लूट की साजिश नाकाम, दो पिस्तौल और 20 कारतूस के साथ पांच गिरफ्तार

मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान गिरफ्तारी, चार संदिग्ध फरार

पुलिस ने चार मोबाइल और 32,400 रुपये भी किए बरामद

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिले में लूट की वारदात को अंजाम देने की कथित साजिश को पुलिस ने नाकाम करने का दावा किया है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में धुरलखपुरा जेल के पीछे 24 अक्टूबर को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित समस्तीपुर और वैशाली जिले में लूट की घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। मौके से चार अन्य संदिग्ध भागने में सफल रहे। आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो देसी पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस, चार मोबाइल और 32,400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हसनपुर थाना क्षेत्र के भवटौन वार्ड संख्या 10 निवासी दीपक कुमार उर्फ डॉक्टर, दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बसढ़िया वार्ड संख्या 10 निवासी चंदन कुमार उर्फ दीपक, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चकनूर धर्मपुर वार्ड संख्या दो निवासी मोहम्मद रहमतुल्ला उर्फ साहेब, वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर ओस्ती वार्ड संख्या आठ निवासी मोहम्मद तालिब और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर दूधपुरा वार्ड संख्या चार निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ समस्तीपुर और वैशाली जिले के विभिन्न थानों में लूट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज होने की जानकारी दी गई है। पुलिस संबंधित मामलों और गिरफ्तार आरोपितों की भूमिका की जांच कर रही है। छापेमारी टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक कंदन बास्की, अमित कुमार, दीपशिखा सिन्हा, राहुल कुमार, संदीप कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी और बिहार एसटीएफ की टीम शामिल थी।

निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अंकुर ने जताया सहयोगियों का आभार, कहा आपका स्नेह मेरी सबसे बड़ी पूंजी



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। सिर्फ. पाँच साथियों के साथ शुरू हुआ यह सफर आज हजारों लोगों के विश्वास और समर्थन का प्रतीक बन गया। यह आप के समर्पित और संकल्पित सहयोग के बिना कतई मुमकिन नहीं था। इसके लिए आप सबों के प्रति आभार प्रकट करने केलिए शब्द कम पड़ रहे हैं। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से स्वतंत्र प्रत्याशी डॉ. धर्माश रंजन ने वीडियो संदेश जारी कर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, शिक्षा में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार और मिथिलांचल के विकास के उद्देश्य से शुरू हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में युवा साथी जुड़े। एक युवा उम्मीदवार के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले व्यक्ति के रूप में मैंने यह सफर शुरू किया। इसमें सबसे खास बात यह रही कि जाति, धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर युवाओं ने एक साझा उद्देश्य के लिए एकजुटता दिखाई। दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ और अपनी छुट्टियों की परवाह किए बिना आप सभी ने तन-मन-धन से जो साथ दिया, उसे मैं जीवनभर नहीं भूलूँगा। चुनाव के दिन दस प्रखंडों के दौरे के दौरान आपके समर्पण को देखकर मैं भावुक हो गया। मेरे मित्र, जो भाइयों जैसे हैं, मेरे भाई, मेरी माँ, पत्नी नैना, परिवार, विद्यालय परिवार, शिक्षक, कर्मचारी, सफाईकर्मी, सहायक कर्मचारी, मेस कर्मचारी, ड्राइवर, अभिभावक और समाज के हर उस व्यक्ति का दिल से आभार, जिसने इस सफर में मेरा साथ दिया और अपना आशीर्वाद बनाए रखा। इस चुनाव में चार प्रमुख उम्मीदवार राजनीतिक दलों के टिकट पर मैदान में थे, जबकि अन्य चार उम्मीदवारों को अपनी पार्टियों से टिकट नहीं मिला और वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े। मैं शुरू से निर्दलीय उम्मीदवार था। सीमित संसाधनों के बावजूद मेरी उम्मीदवारी ने चुनावी माहौल पर अपनी छाप छोड़ी। यह आप सभी के विश्वास और समर्थन की ताकत थी। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि चुनाव का परिणाम नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और मिथिलांचल के विकास के लिए जाति, धर्म और दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर युवाओं का एकजुट होना है। आप सभी मुश्किल वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। मैं भी वादा करता हूँ कि आपके सुख-दुख में, आपके संघर्ष में और समाज के हर अच्छे उद्देश्य में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूँगा। आपका विश्वास मेरे लिए सम्मान भी है और जिम्मेदारी भी। आपका प्यार, विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी है।

दरभंगा स्नातक/शिक्षक निर्वाचन 2026 : हुई वोटों की हेराफेरी या मानवीय त्रुटि, जिम्मेदार कौन?

बूथ नंबर 60 पर टिक चार्ट और मतदाता सूची में 649, मतपत्र लेखा में उपयोग होने वाले मतपत्र की संख्या 669 दर्ज

पूसा एनएसबी। दरभंगा स्नातक एमएलसी चुनाव 2026 के दौरान पूसा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 60 पर मतदान के आंकड़ों में 20 मतों का अंतर सामने आने का मामला उजागर हुआ है। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, टिक चार्ट और मतदाता सूची में 649-649 मतदाताओं के मतदान का हिसाब है, जबकि मतपत्र लेखा (प्ररूप-16) में 669 मतपत्र प्रयुक्त होने उल्लेख है।

तीन रिकॉर्ड, दो अलग-अलग आंकड़े

इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता रामजी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि, मतदान केंद्र के टिक चार्ट के अनुसार महिला एवं पुरुष मतदाताओं को मिलाकर कुल 649 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदाता सूची में नामों के आगे लगाए गए टिक की गिनती भी 649 बताई गई है। इसके विपरीत, मतपत्र लेखा में प्रयुक्त मतपत्रों की संख्या 669 दर्ज है। श्री कुमार ने कहा कि, इन आंकड़ों के बीच का अंतर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के दावे पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है। क्या रिकॉर्ड तैयार करने में कोई त्रुटि हुई, या अंतर की कोई दूसरी गुप्त वजह है? इसका जवाब संबंधित चुनाव अधिकारियों को रिकॉर्ड के आधार पर देना चाहिए।

मूल रिकॉर्ड का मिलान कर जांच की मांग :

चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए टिक चार्ट, मतदाता सूची और प्ररूप-16 सहित सभी संबंधित मूल अभिलेखों का मिलान जरूरी है। जांच से स्पष्ट होना चाहिए कि 20 मतों का यह अंतर क्यों है और क्या निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसका सत्यापन किया गया था। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता प्रमाणित होती है, तो नियमानुसार जवाबदेही तय की जानी चाहिए। साथ ही जांच के निष्कर्ष भी सार्वजनिक किए जाएं। सवाल किसी व्यक्ति विशेष पर आरोप लगाने का नहीं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता का है।

पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना को लेकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

पटना/एनएसबी। पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना कार्य के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पटना में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतगणना की प्रक्रिया, निर्धारित दिशा-निदेशों तथा विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

आरएसएस को समर्पित है सरकारी कौमुदी महोत्सव

पटना/एनएसबी। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर 2026 को गुलजारबाग स्टेडियम में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक कौमुदी महोत्सव को कला संस्कृति एवं युवा विभाग और पटना जिला प्रशासन ने क्या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) को समर्पित कर दिया है? यह सवाल कई लोग पूछ रहे हैं। प्राचीन पाटलिपुत्र का कौमुदी महोत्सव कभी शहर के बुद्धिजीवियों और कलाकारों द्वारा आयोजित किया जाता था। पूरे कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों और कलाकारों का ही हस्तक्षेप रहता था। फिर इस महोत्सव का 'राजनीतिकरण' हुआ। इसके बाद 'सरकारीकारण' कर दिया गया। राजनीतिकरण और सरकारी करण के बीच दो तरह के आमंत्रण कार्ड भी छपते रहे। इस वर्ष भी जिला प्रशासन की ओर से एक कार्ड कौमुदी महोत्सव का छपा है, जबकि पाटलिपुत्र परिषद् द्वारा छपाए गए दूसरे कार्ड में लिखा गया है- स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के 100 वर्ष पूर्ण होने पर समर्पित। ऐसी स्थिति में नगर के प्रबुद्धजनों के बीच यह चर्चा और सवाल उठने लगा है कि क्या शासन-प्रशासन की सहमति से इस वर्ष का कौमुदी महोत्सव आर एस एस को समर्पित किया गया है? हालांकि महोत्सव के एक दिन पूर्व पाटलिपुत्र परिषद् के तत्वावधान में कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। यह भी हकीकत है कि महोत्सव का कार्ड कलाप्रेमियों और संगीत के कद्रदानों की पहुंच से दूर होकर एक सीमित दायरे तक हीं रह गया।

पटना में भाकपा-माले राज्य स्थायी समिति की बैठक संपन्न

शिक्षा आंदोलन और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर व्यापक अभियान चलाने का निर्णय

स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारो अभियान को प्रखंड और जिला स्तर तक ले जाने तथा 'ज्योतिबा फुले द्विशताब्दी वर्ष' पर 29 नवंबर को पटना में बड़े आयोजन के साथ अभियान की शुरूआत करने का फैसला

पटना/एनएसबी। भाकपा-माले की राज्य स्थायी समिति की बैठक 24 अक्टूबर को पटना में पार्टी राज्य सम्मेलन में संपन्न हुई। बैठक में राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात, शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक न्याय, महिला अधिकार, किसानों की समस्याओं तथा दलित-गरीब समुदायों पर बढ़ते हमलों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इन सवालों को लेकर जनसंवाद और जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक जनांदोलन खड़ा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, काराकाट सांसद राजाराम सिंह, राज्य सचिव कुणाल, कॉमरेड अमर , मीना तिवारी, मंजू प्रकाश, सत्यदेव राम, गोपाल रविदास समेत राज्य स्थायी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 'स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारो' अभियान की समीक्षा की गई। पुरे बिहार में 1000 से अधिक स्कूलों की जांच की गई है , जल्द ही रिपोर्ट जारी किया जाएगा।पार्टी ने निर्णय लिया कि इस अभियान को प्रखंड और जिला स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। सरकारी स्कूलों की बदहाली, शिक्षकों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य सवालों को लेकर जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे। इन जनसंवादों में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षा से जुड़े बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों की भागीदारी होगी। पार्टी सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और सबके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग को एक व्यापक जनआंदोलन पुरे बिहार में चलाएगी। बैठक में महात्मा ज्योतिबा फुले के द्विशताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्यव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान की शुरूआत 29 नवंबर को पटना में एक बड़े आयोजन के साथ होगी। इसमें शिक्षक, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अभियान के केंद्र में शिक्षा, महिला अधिकार, सामाजिक न्याय और किसानों के सवाल रहेंगे। ज्योतिबा फुले के विचारों और सामाजिक परिवर्तन के संघर्षों को व्यापक समाज तक पहुंचाने के साथ-साथ वर्तमान समय में शिक्षा और समानता के सवालों पर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बिहार की विभिन्न मुसहर बस्तियों पर लगातार हो रहे हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और इन घटनाओं की कड़ी निंदा की गई। बैठक में नेताओं ने कहा कि हमलों के बावजूद अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। गया , पटना ,सिवान नवादा सहित कई अन्य जिलों में भी मुसहर बस्तियों पर हमले हुए हैं।यह गरीबों और वंचित समुदायों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल खड़ा करता है। बैठक में मांग की गई कि सभी घटनाओं में शामिल अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और मुसहर समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भाकपा-माले और अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) मुसहर बस्तियों में विशेष अभियान चलाएंगे। इस अभियान के तहत बस्तियों की समस्याओं, सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के सवालों को उठाते हुए संगठित पहल की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

गयाजी। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशनानुसार इमामगंज थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों द्वारा इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय एवं गुरुकुल कोचिंग संस्थान में नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त समाज के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही, नए आपराधिक कानूनों, विशेषकर भारतीय न्याय संहिता के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें कानून के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाया गया। गया पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने तथा एक जागरूक एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

शेरघाटी में मारपीट में एक गिरफ्तार

शेरघाटी। मारपीट करने के आरोप मे स्थानीय थाना की पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।विदित हो की स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव महसापुर मे मारपीट की घटना हुई थी जिसको लेकर पीडित पक्ष द्वारा गांव के ही कमलेश मिस्त्री समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए थे । पुलिस अभियुक्त कमलेश मिस्त्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह में शामिल होने के लिए पटना रवाना हुए सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता

कुर्था(एनएसबी)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए अरवल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद कैफ के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी पटना के लिए रवाना हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान नेता थे। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण बाबू के आदर्शों को आत्मसात करना और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना कांग्रेस की प्राथमिकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिहार आगमन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अरवल जिले के कांग्रेसी पूरी ऊर्जा और एकजुटता के साथ समारोह में भाग लेंगे। पटना में आयोजित इस समारोह को लेकर अरवल जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर रंजीत तिवारी, उमाकांत पांडे, पप्पू कुमार, अजीत कुमार, पुनदेव, असलम अंसारी, मकसूद अंसारी, श्याम सुंदर शर्मा, रणधीर कुमार, पीयूष कुमार, शहजाद अंसारी, खुर्शीद आलम, मिथिलेश विश्वकर्मा, पीयूष चंद्रवंशी, सुनील कुशवाहा, नौशाद आलम, अवधेश कुमार, विमल यादव, अजीत पिंटू, कुमार सूर्यदेव सिंह यादव, रियाज अंसारी, कुमार नीतीश कुमार समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल

20 साल बेमिसाल नीतीश सरकार के विकासात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया प्रभावित

गयाजी (एनएसबी)। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि 20 साल बेमिसाल नीतीश सरकार के विकासात्मक व



जनकल्याणकारी योजनाएं की प्रस्तुति प्रदर्शनी में दिखाया गया। श्री कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी से दर्शक काफी प्रभावित हुए। उनके मन में नीतीश कुमार के प्रति आस्था बरकरार दिखा। 20 साल बेमिसाल प्रदर्शनी सभी हाट बाजार में लगाने से दर्शक प्रभावित होंगे। श्री कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में कानून का राज, शराबबंदी, साइकिल-पोशाक योजना, हर घर गंगाजल की आपूर्ति, हर घर तक पक्का नाली और गली, शौचालय, बिजली, महिला सशक्तिकरण आदि योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

श्रीबाबु की जयंती समारोह में शामिल होने गयाजी से सैकड़ों की संख्या में कॉग्रेसजन पटना रवाना

गयाजी (एनएसबी)। महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक बिहार के निमार्ता, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री, बिहार केशरी डॉ श्री कृष्ण सिंह की पटना के बापू सभागार में आयोजित, 139 वीं जयंती समारोह में शामिल होने सैकड़ों की संख्या में कॉग्रेसजन पटना के लिए गया जंक्शन से विभिन्न ट्रेनों से रवाना हुए। पटना रवाना होने वालों में बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, मदीना खातून, प्रदीप शर्मा, अर्जुन गुप्ता, मोहम्मद नवाब अली, टिंकू गिरी, रवीन्द्र यादव, कैलाश यादव, राजेश्वर पासवान, अनुमती देवी, शशि किशोर शिशु, सरोज प्रसाद, बृजेश राय,आदि ने गया जंक्शन पर जमकर नारेबाजी कर सिंगरौली एक्सप्रेस पर सवार हुए। नेताओं ने कहा कि राज्यसभा सांसद, सी डब्ल्यू सी सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित होने वाले आज के जयंती समारोह को अखिल भारतीय कॉग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे सहित कई राष्ट्रीय और प्रांतीय नेता संबोधित करेंगे। नेताओं ने कहा कि डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह को भारतरत्न प्रदान करने हेतु सभी लोग एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे तथा इनके बताये रास्तों पर चलने का संकल्प दोहराएंगे।

डकैती के मामले में 6 अभियुक्त गिरफ्तार

गयाजी। गया पुलिस ने की त्वरित एवं बड़ी कार्रवाई। अतरी थानान्तर्गत डकैती की घटना में शामिल 06 अभियुक्तों को लूट में उपयोग किए गए 01 कार, 59,000/- रू0 नगद, 07 मोबाईल फोन एवं अन्य सामान के साथ किया गिरफ्तार।

कौमुदी महोत्सव धूमधाम से संपन्न

गयाजी (एनएसबी)। गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन में 27 वां कौमुदी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण मगध क्षेत्र के कलाकारों की गरिमा में उपस्थिति बनी रही।सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित प्रस्तुत कार्यक्रम गया नगर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सम्मेलन के संरक्षक डॉ. विजय कुमार करण को समर्पित रहा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष इस कार्यक्रम में दशरथ मांझी सम्मान बांके बाजार के कैनल मैन लौंगी भुईयां को समर्पित किया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में आए हुए आगत



अतिथियों को स्वागत करते हुए सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र ने कहा कि मगध की गौरवमयी सांस्कृतिक परंपरा को कौमुदी महोत्सव आज भी जीवंत किए हुए हैं और इस कार्य में लगे हुए सभी कलाकार मगध की देश प्रसिद्ध परंपरा को जीवंत कर रहे हैं,इसमें कोई शक नहीं है। कार्यक्रम में उद्घोषणा अरविंद कुमार ने किया। महामंत्री सुमन्त ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में जहानाबाद से आए कभी दीपक जी की प्रस्तुति चांद गीत : शरद मयंक गगन में चमके बिखरे नभ मुक्ताहल तारे... शानदार रही।इनके साथ ही साथ शिवसंत शर्मा,विजय श्री,सुरेंद्र पांडे सौरभ,नरेंद्र सिंह,चंद्रदेव प्रसाद केसरी, डॉ राम परीखा सिंह, उमाशंकर सिंह, सुजीत कुमार ने भी चांद गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।डॉ.राजीव रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में किलकारी के बच्चों ने मंच पर सराहनीय प्रस्तुति देकर खूब बाहबाही लूटी। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी की बहुचर्चित नाटक अंधेर नगरी का मगही रूपांतरण करने वाले निर्देशक नंदकिशोर के कलाकारों की टीम ने अपनी प्रस्तुति के साथ एक अलग शमा बांध दिया। डॉ राकेश कुमार सिन्हा'रवि' ने सम्मानित लौंगी भुईयां की जीवनी प्रस्तुत कर लोगों को उनकी उपलब्धि की जानकारी दी।

तीन थानों में चौकीदारी और गुंडा परेड आयोजित अपराध नियंत्रण को लेकर दिए गए निर्देश

मेहंदिया (एनएसबी)। जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को कलेर प्रखंड क्षेत्र के मेहंदिया, कलेर एवं परासी थाना में चौकीदारी परेड और गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित थाना क्षेत्रों के चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बरतने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। वहीं, गुंडा परेड में शामिल लोगों को शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहने की हिदायत दी गई। चौकीदारी परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने चौकीदारों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करें और गांवों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी रखें। खासकर अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण, फरार वारंटियों की गतिविधियों, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष



परेड कराती पुलिस।

नजर रखने को कहा गया। किसी भी तरह की आपराधिक घटना या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित थाना को सूचित करने का निर्देश दिया गया, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने चौकीदारों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। चौकीदार अपने क्षेत्र के लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। ऐसे में उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। वहीं, गुंडा परेड के दौरान उपस्थित लोगों को कानून का पालन करने, आपसी विवाद से दूर रहने तथा क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने की हिदायत दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना पुलिस की प्राथमिकता है। चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, अवैध शराब की बिक्री पर नजर रखने तथा फरार वारंटियों और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना समय पर पुलिस को देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है। चौकीदारों को गांवों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, गुंडा परेड के माध्यम से संबंधित लोगों को शांति बनाए रखने और कानून का पालन करने की हिदायत दी गई है। परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज आलम ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सजग है। चौकीदारों को अपने क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, फरार वारंटियों और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने को कहा गया है। उन्होंने लोगों से कानून का पालन करने तथा किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहने की अपील की। पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित इस परेड का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना, चौकीदारों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना तथा असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति सचेत करना रहा।

पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर टिकारी एवं बेलागंज में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित

गयाजी (एनएसबी)। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आम नागरिकों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गया ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अंतर्गत टिकारी एवं बेलागंज में विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से आम लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने, सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने तथा बिजली बिल में बचत करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान दिल्ली से आई कलाकारों की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्य, लाभ एवं उपयोगिता को सरल, रोचक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बताया कि घरेलू उपभोक्ता अपने घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगवाकर सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकते हैं। इससे पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करने, बिजली बिल में बचत करने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि सौर ऊर्जा भविष्य की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके उपयोग से न केवल घरेलू खर्च में कमी लाने में मदद मिल सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा के सतत उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की दिशा में पहल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में गया नगर परिषद की चेयरपर्सन ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर आम नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने तथा अपने घरों की छतों पर



सोलर पैनल लगवाने के लिए आगे आने का अनुरोध किया। उन्होंने सौर ऊर्जा को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसके उपयोग से बिजली खर्च में बचत करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (ग्रामीण), गया, श्री विनोद कुमार दोनों जागरूकता कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर योजना के विभिन्न लाभों की जानकारी दी तथा लोगों की जिज्ञासाओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने उपभोक्ताओं को अपने घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली खर्च कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

गया के निकिल कुमार नई दिल्ली में देश के 'श्रेष्ठ 100 एंजिओ' सम्मान से पुरस्कृत

गयाजी (एनएसबी)। गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में मिला राष्ट्रीय सम्मान पद्मश्री कँवल सिंह चौहान और देश के कई राज्यों के दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम निकिल कुमार ने विष्णु पद का चरण चिह्न और गया की प्रसिद्ध लाई-अनरसा देकर अतिथियों का किया स्वागत मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में बिहार का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर रोशन हुआ है। गया की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'सर्वजन कल्याण एवं शिक्षण संस्थान' के सचिव निकिल कुमार को नई दिल्ली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान सभागार में देश के 'श्रेष्ठ 100 एंजिओ' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान संस्था द्वारा पिछले 26 वर्षों से लगातार समाज के शोषित, वंचित और जरूरतमंद लोगों की जा रही निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रदान किया गया है।

भव्य दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुआ शुभारंभ : कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री कँवल सिंह चौहान (पद्मश्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान एवं सदस्य, गवर्निंग बॉडी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कछअफ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद निकिल कुमार सहित कई राज्यों के दिग्गज महारथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ समारोह की गरिमामयी शुरूआत हुई। अतिथियों को दिया गया मोक्षनगरी गया जी आने का नेवता समारोह के दौरान सचिव निकिल कुमार ने मगध की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का परिचय देते हुए मंच पर आसीन सभी मुख्य अतिथियों का



अभिनंदन किया। उन्होंने अतिथियों को विश्व प्रसिद्ध भगवान विष्णु का चरण चिह्न (विष्णु पद) तथा प्रसाद के रूप में गया की नामी लाई एवं अनरसा भेंट किया। इस दौरान उन्होंने सभी गणमान्य हस्तियों को मोक्षदायिनी विष्णु नगरी गया जी आने का आत्मीय निमंत्रण (नेवता) भी दिया।

सफलता का श्रेय माता-पिता, टीम और गया की जनता को समर्पित : पुरस्कार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में भावुक होते हुए निकिल कुमार ने इस गौरवशाली क्षण का पूरा श्रेय अपने माता, पिता, गुरु और नारायण विष्णु को दिया। उन्होंने कहा, "यह सम्मान संस्था के अध्यक्ष उदय प्रकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडेय, सभी कार्यकारिणी सदस्यों, कर्मठ स्वयंसेवियों, डॉक्टरों, जिला व पुलिस प्रशासन, प्रेस एवं मीडिया के साथियों, जनप्रतिनिधियों तथा गया जी की देवतुल्य आवाम के अनवरत सहयोग का प्रतिफल है।"

दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर पटाखा दुकानों का निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा निर्देश जारी

गयाजी (एनएसबी)। दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर जिला अग्निशमन पदाधिकारी, गया द्वारा जिले में संचालित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए:

1. पटाखों की बिक्री वैध अनुज्ञप्ति के आधार पर निर्धारित स्थान पर ही की जाए।
2. प्रत्येक दुकान में अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखें।
3. पटाखा दुकानों में धूम्रपान एवं



किसी भी प्रकार की खुली आग का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रखें।

4. विद्युत तारों एवं उपकरणों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना न रहे।
5. पटाखों का भंडारण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षित तरीके से करें।
6. दुकानों के आसपास पर्याप्त खाली जगह रखें, ताकि आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य में कोई बाधा न हो।
7. अग्नि दुर्घटना की स्थिति में तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करें।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा सभी पटाखा दुकानदारों से अपील की गई कि वे दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।

आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे पटाखों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा बच्चों को पटाखे जलाते समय बड़ों की निगरानी में रखें।

सुरक्षित त्योहार, सुरक्षित समाज-अग्नि सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

ग्राम सभा आयोजित, 125 दिनों के रोजगार सहित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के पहलेजा पंचायत भवन में पंचायत दिवस के अवसर पर मुखिया मुद्रिका सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को केंद्र एवं बिहार सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, पात्रता की शर्तों को समझने तथा योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित कर्मियों से संपर्क करने के बारे में भी बताया गया। ग्राम सभा के दौरान विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत मजदूरों के लिए निर्धारित 125 दिनों के रोजगार से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि रोजगार से जुड़ी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहयोग करना है। इसके साथ ही ग्रामीण मजदूरों को रोजगार संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक रहने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त करने की बात कही गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास



ग्राम सभा में भाग लेते लोग।

योजनाओं, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन तथा बिहार सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को इन योजनाओं के उद्देश्य, पात्र लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और आवेदन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। सभा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया, ताकि जरूरतमंद एवं पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहें। ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ग्रामीणों और प्रशासनिक कर्मियों के बीच संवाद स्थापित करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ग्राम सभा ग्रामीण विकास की योजनाओं पर चर्चा करने और लोगों की आवश्यकताओं को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं रखने और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर नवपदस्थापित पंचायत सचिव सोहन कुमार, कचहरी सचिव विष्णुकांत सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रमोद कुमार, पर्यवेक्षक सुबोध कुमार, जीविका दीदियां एवं आशा कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम सभा में विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की गई तथा ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक रहने और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक

अरवल (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर अरवल भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने कार्यकर्ताओं से अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अभियान को प्रभावी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। अरवल जिले में अभियान के तहत सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, जिसमें प्रेस वार्ता, ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्न पदयात्रा, राष्ट्र चिंतन यात्रा संवाद, ह्यलोकतंत्र बनाम अराजकता विषय पर कार्यक्रम, युवा संवाद, छात्र प्रतियोगिता तथा ह्यघुसपैठिया



बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।

हटाओ, लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के साथ विशेष अंक एवं वाणी प्रतियोगिता शामिल हैं। अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों को 5 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पदयात्रा नवंबर माह में आयोजित करने की तैयारी है। वहीं जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए जनसंपर्क गतिविधियों को गति देने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी सुबोध पासवान ने भी कार्यकताओं को संगठनात्मक अनुशासन, सक्रियता और समन्वय को अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस बैठक में जिला महामंत्री संजीव कुमार, उपाध्यक्ष संजीत सिंह, गिरेन्द्र कुमार, रामाशीष दास, मुन्नी चंद्रवंशी, सुनीता सिन्हा, सतेंद्र विश्वकर्मा एवं सविता शर्मा, जिला राहुल वत्स, जय साहू एवं प्रिया कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक, जिला कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, जिला प्रवक्ता राकेश साहू, शंकर साहनी, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, भरत यादव, अखिलेश पासवान, मनोज शर्मा, चंदन खत्री, बजेंद्र सिंह, मुकेश भगत एवं जितेंद्र कुशवाहा सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गुमटी से गांजा एवं गोगो बरामद; एक व्यक्ति गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निदेर्शानुसार संचालित ह्यनशामुक्त वैशाली अभियानह्न के तहत जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गोरौल प्रखंड के धाने गांव स्थित वार्ड संख्या-13 में अंचल अधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान एक गुमटी से गांजा एवं गोगो बरामद किया गया तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना तथा जिले में स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त वातावरण का निर्माण करना प्रशासन की प्राथमिकता है। नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं आपूर्ति में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर सतत निगरानी रखने तथा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

रखा गया अखंड पाठ,सजा दीवान

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलौप सिंह की देखरेख में तीन दिनों के अखंड पाठ आरंभ हुआ. अखंड पाठ का समापन मंगलवार को होगा. उसी दिन विशेष दीवान सजेगा. जिसमें शबद कीर्तन और कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा.इसके लिए प्रबंधक कमेटी की ओर से तैयारी की गयी है.

दुकान से उड़ाय सोने का आभूषण

पटना सिटी/एनएसबी। सुल्तानगंज थाना के शाहंगज मुहल्ला में स्थित भरत प्रसाद की आभूषण दुकान में खरीदारी करने पहुंचे एक युवक सोने का आभूषण चोरी कर लिया है. पीड़ित ने इसकी शिकायत दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि आभूषण दिखाने के दौरान बातों में उलझा लिया और मंगलसूत्र,झूमका व इयरिंग लेकर फरार हो गया है. पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दुकानदार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. पुलिस मामले में छानबीन कर रही है.

स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पटना सिटी/एनएसबी। राधे श्याम परिवार सेवा संस्थान में राधे श्याम परिवार सेवा संस्थान में संकल्प लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया. इसमें हेल्थ कोच श्याम बाबू ने टीम के साथ 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण की. शिविर का उर्द्घाटन संस्थापिका शोभा गुप्ता ने की. शिविर का संचालन चक्रेश अग्रवाल ने की. आयोजन में बाबूलाल अग्रवाल, आनंद कमालिया, अमति पांडे, सीमा शर्मा, कंचन यादव, सरोज गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे.

डांडिया एवं गरबा महोत्सव का आयोजन

पटना सिटी/एनएसबी। शरद पूर्णिमा के मौके पर मिरचाई गली स्थित श्री रानी सती दादी जी मंदिर परिसर में श्री पटना गुजराती समाज की ओर से डांडिया व गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने की. अध्यक्ष रमेश भाई कामदार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नितिन भाई व्यास,पंकज भाई कोठारी, दीपक पारेख, अजीत वोरा , रवि भाई पटेल, राजेश वोरा, उत्कर्ष पटेल, मनोज भाई पटेल व विनोद भाई पटेल समेत अन्य सक्रिय थे. इस दौरान गरबा और डांडिया रास के साथ विभिन्न मनोरंजक कार्यक्र मों ने उत्सव की रौनक को और बढ़ाया. इस मौके पर उपस्थित लोगों ने गुजराती संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का संकल्प लिया.

लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन का सम्मेलन संपन्न

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच स्थित ऑडिटोरियम मे रविवार को ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन बिहार शाखा का 41 वां राज्य सम्मेलन व साइंटिफिक सेमिनार आयोजित हुई. जिसका उद्घाटन न ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की. आयोजन में कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्रो उषा कुमारी, उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा,एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ मुकुल कुमार सिंह, माइक्र ोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने भी विचार रखे.इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गोविंद त्रिपाठी,महासचिव देवेंद्र प्रसाद,राज्य सचिव विमल विभाकर,राज्य शाखा के अध्यक्ष संजय कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने आठ सूत्री मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला. मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य कराया जायेगा.

ईंट भट्ठों का सघन निरीक्षण,तीन पर लगा जुर्माना



हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली के निर्देश में खनन विभाग द्वारा राघोपुर प्रखंड अंतर्गत आने वाले ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया। राघोपुर प्रखंड में कुल 06 ईंट भट्टे अवस्थित हैं। निरीक्षण के क्रम में 03 ईंट भट्टे संचालन की स्थिति में नहीं पाये गये, जबकि 03 संचालित ईंट भट्ठों पर अनियमितताएँ पाई गईं। पाई गई अनियमितताओं के आधार पर बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली के नियम-56(2)के तहत .अभय ब्रिक्स पर 2,02,230/- रुपये,कमला ब्रिक्स पर 1,30,005/- रुपये,तथा राधा ब्रिक्स पर 2,30,000/- रुपये जुमार्ना लगाया गया।

एनीमिया मुक्त भारत अभियान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

हाजीपुर/एनएसबी। सदर अस्पताल हाजीपुर के सभागार में 'एनीमिया मुक्त भारत'अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने की। प्रशिक्षण में जिले के चार प्रमुख प्रखंडों—चेहरा कला, महुआ, गोरौल एवं सहदेई बुजुर्ग—से स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा प्रखंड संसाधन व्यक्ति शामिल थे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों को ह्यएनीमिया मुक्त भारतह्न अभियान के उद्देश्यों और कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि समाज से एनीमिया यानी रक्ताल्पता की समस्या दूर करने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभागों के बीच अंतर-विभागीय समन्वय तथा ठोस रणनीति बेहद जरूरी है। सत्र में शरीर में खून की कमी के लक्षणों की पहचान और समय पर उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई। गंभीर मामलों को तुरंत उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजने की प्रेषण प्रक्रिया भी समझाई गई।

राघोपुर में 13 मासूमों के दशकर्म के दौरान दो पक्षों में झड़प

हाजीपुर/एनएसबी। राघोपुर में 13 मासूमों की मौत का गम अभी कम भी नहीं हुआ था कि दशकर्म के दिन गांव में हिंसक झड़प हो गई। बीजेपी और जदयू के दो नेताओ बीच विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। घटना में जेडीयू नेता घायल हो गए। झड़प के बाद गांव में तनाव का माहौल है और एहतियातन भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

संरक्षक बने ज्ञानवर्धन मिश्र

पटना सिटी/एनएसबी। मारवाड़ी कॉलोनी स्थित चार्ल्स डार्विन स्कुल में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से श्री ज्ञानवर्धन मिश्र को संस्थान का संरक्षक पद मनोनीत किया गया ' श्री ज्ञानवर्धन मिश्र जी के संरक्षण में निश्चित ही संस्था को गति मिलेगी ' आगामी 29 अक्टूबर को ब्रह्मलीन पंडित श्री राम जी मिश्र मनोहर जी और ब्रह्मलीन पंडित श्री रंजन सूर्य देव मिश्र जी की पुण्यतिथि मग साँस्कृतिक परिषद द्वारा मनायी जाएगी ' मग साँस्कृतिक परिषद के कार्यकारिणी की बैठक छठ महापर्व के बाद रखी जाएगी जिसकी तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

तरसिया में नशा के खिलाफ विशेष अभियान की शुरूआत



हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह जी के निर्देश के आलोक में हाजीपुर के तरसिया में नशा के खिलाफ विशेष अभियान की शुरूआत की गई। स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में घर-घर जाकर लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। विशेष कर युवाओं में सुख नशा का जो प्रचलन बढ़ा है उसके लिए विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव डॉक्टर सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह जी के निर्देश के आलोक में तेरसिया में बड़े पैमाने पर युवाओं द्वारा सुख नशा का प्रयोग किया जा रहा था। जहां टीम के द्वारा उनकी काउंसलिंग तथा रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। साथ ही साथ युवाओं में एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए विशेष जागरूकता चलाया जा रहा है। जो लोग एचआईवी/ एड्स से ग्रसित है उन्हें सदर अस्पताल में निशुल्क सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा उन्हें ए आर टी केंद्र से जोड़कर मुक्त दवा एवं इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। टीम का नेतृत्व टारगेटेड इंटरवेंशन वैशाली के कार्यक्रम प्रबंधक बिट्टू कुमार, आउटरीच वर्कर संजू कुमारी, बेबी कुमारी, काउंसलर संध्या कुमारी, पीयर एजुकेटर कौशल्या देवी मेनका कुमारी एवं शीला देवी के द्वारा किया जा रहा है।

नव विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

हाजीपुर/एनएसबी। राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के जुड़ावनपुर थाना अंतर्गत वीरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना रविवार की अहले सुबह की बताई जा रही है। मृतका की पहचान जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार गांव निवासी शंकर राम की 19 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका के भाई राहुल कुमार ने बताया कि उनकी बहन अंजली कुमारी की शादी हिंदू रीति-रिवाज से जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 निवासी शंकर राम के साथ चार माह पूर्व हुई थी। शादी के दौरान दहेज में डेढ़ लाख रुपये नकद सहित सभी मांगें पूरी की गई थीं। लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति शंकर राम दहेज में चार चक्का गाड़ी की मांग करने लगा था।

गंगा में स्नान के दौरान डूबने से एक मौत, एक की हालत नाजुक

हाजीपुर/एनएसबी। राघोपुर प्रखंड के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जुड़ावनपुर करारी पंचायत के वार्ड संख्या 12 में रविवार को गंगा नदी में स्नान के दौरान एक 16 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि उसे बचाने गए 15 वर्षीय एक अन्य युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 12 निवासी गोपाल दास (पिता सूरज दास) छह लेन महासेतु पुल से किस्त पर लिए ऑटो को चलाकर अपने घर लौटा था। उसी समय उसकी मां, बहनों एवं अन्य परिजनों ने उसे घर पर ही स्नान करने के लिए कहा तथा बाल्टी में पानी भर दिया। लेकिन गोपाल दास अपने पांच मित्रों के साथ वार्ड संख्या 12 स्थित गंगा नदी में स्नान करने चला गया। स्नान के दौरान गोपाल दास का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। गोपाल दास को डूबते देख उसका मित्र किशु कुमार (पिता स्वर्गीय पप्पू सिंह) उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन बचाने के दौरान किशु कुमार भी गंगा नदी में डूबने लगा। काफी थक जाने के बाद किसी तरह अपनी जान बचाकर वह नदी से बाहर निकला और बेहोश हो गया। बेहोश किशु कुमार को ग्रामीणों ने आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए प्रखंड मुख्यालय फतेहपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना एनएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया।

राघोपुर नाव दुर्घटना के मामले में नाविक एवं नाव मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी होगी दर्ज

हाजीपुर/एनएसबी। राघोपुर थाना क्षेत्र में गंगा नदी की सोती में हुई नाव दुर्घटना में बच्चों की मृत्यु के मामले में जिला पदाधिकारी वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच हेतु जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति द्वारा प्रतिवेदन समर्पित कर दिया गया है। 13 अक्टूबर को घटित गंभीर घटना, जिसमें 13 बच्चों की मृत्यु हुई, के संदर्भ में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष, राघोपुर को आवेदन देकर नाविक एवं नाव मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जाँच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 13 अक्टूबर 2026 को रात्रि लगभग 08:00 बजे राघोपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर श्यामचंद के भगतान टोला में महरानी स्थान पुल से उत्तर गंगा नदी की सोती में नाव दुर्घटनाग्रस्त होकर डूब गई थी। इस



दुर्घटना में 13 बच्चों की मृत्यु हो गई थी तथा छह व्यक्ति घायल हुए थे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए नाव के परिचालन से संबंधित परिस्थितियों की जाँच तथा संभावित जिम्मेदारी निर्धारित करने के उद्देश्य से विधिक कार्रवाई की पहल की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन में नाव के निबंधन की स्थिति, परिचालन के समय सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नाव पर सवार यात्रियों की संख्या, जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता तथा नाविक एवं नाव मालिक की भूमिका की जाँच करने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही, सूर्यास्त के पश्चात नाव का परिचालन किए जाने की परिस्थितियों तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा के अनुपालन से संबंधित पहलुओं की भी जाँच करने का अनुरोध किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा मामले में विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में पहल की गई है। पुलिस अनुसंधान के क्रम में घटना से संबंधित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका निर्धारित करते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थानांतरण पर सम्मान समारोह का आयोजन



महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चकमजाहिद उर्दू, महुआ में प्रधान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सहायक शिक्षक मोहम्मद दिलशेर के स्थानांतरण के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार एवं शिक्षक संघ के सदस्यों ने उनके 19 वर्षों के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर प्रधान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, पूर्व प्रधानाध्यापक मोहम्मद एहसानुल हक, सहायक शिक्षक मोहम्मद अनवारुल हक, मोहम्मद परवेज, तबस्सुम परवीन, राहुल कुमार, मोहम्मद आशिक हसन, प्रारंभिक शिक्षक संघ महुआ इकाई के प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास, आफताब आलम, मोहम्मद इजहार, संघ की सचिव उम्मत खातून, शमीमा खातून, अफसाना खातून सहित विद्यालय परिवार एवं शिक्षक संघ से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।सभी ने मोहम्मद दिलशेर को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

मानक को पूरा करे पटाखा दुकानदार

फायर बिग्रेड ने की बैठक, मॉक ड्रिल भी



पटना सिटी/एनएसबी। पटाखा दुकानदारों की बैठक रविवार को फायर बिग्रेड के ऑफिसर अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में फायर अफसर ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मानक को पूरा करने के बाद दुकानदारी करना होगा. इस दौरान फायर अफसर ने दुकान के अंदर अग्निशमन यंत्र रखने,बालू,पानी,कंबल रखने, दुकान में बोर्ड लगा कर । बोर्ड लगाकर फायर ब्रिगेड का नंबर व टॉल फ्री नंबर रखने के साथ फायर बिग्रेड से प्रमाण पत्र लेना होगा. इसके बाद ही कारोबार कर सकेगे. फायर अफसर ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर दुकानदारों पर कार्रवाई होगी. इसके साथ ही प्रशासन के निर्देश के आलोक पटाखा की दुकानों में फायर बिग्रेड के कर्मियों की ओर से जांच पड़ताल की जायेगी. यह अभियान छठ तक चलेगा. बैठक में डेढ़ दर्जन से अधिक पटाखा के दुकानदार उपस्थित थे. दूसरी ओर से फायर ऑफिसर अजय कुमार के नेतृत्व में प्रधान अग्निक पंकज कुमार रजक,मनीष कुमार ठाकुर,पूजा भारती ने आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. यह अभियान आलमगंज मुहल्ला मॉक ड्रिल के माध्यम से चलाया गया. इसमें सिलिंडर में लगे आग को कैसे बुझाये,इसकी जानकारी दी गयी.

शरण पूर्णिमा पर मंदिरों में श्रृंगार पूजन ,जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी/एनएसबी। शरद पूर्णिमा पर भक्तों की भीड़ गंगा स्नान के लिए भी जुटी थी. तब धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ. दुर्गा पूजा आयोजकों की ओर से पूर्णिमा के मौके पर शांति पूजा का अनुष्ठान पूजा स्थल पर कराया गया.शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में भी महंत विजय शंकर गिरि व भोलू गिरि, छोटी पटनदेवी में मंहत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी क ी देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान हुए. इस दरम्यान भगवती का श्रृंगार पूजन भी किया गया. इसी प्रकार से अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व भगवती का श्रृंगार किया गया. सेवायत पंकज पुजारी, सुनील पुजारी, जयप्रकाश पुजारी,अमरनाथ बबलू, छोटू पुजारी ने बताया कि इस मौके पर भगवती का नये वस्त्रों के श्रृंगार के साथ व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया. बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर में भी जैन धमार्नुरागियों ने दादा गुरुदेव की पूजा अर्चना की जिसकी शुरूआत नवकार महामंत्र से हुई. इसके बाद दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, सामूहिक इक्तीसा पाठ, मंगल आरती के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए.सचिव प्रदीप जैन ने बताया कि मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान में जैनधमार्नुरागी शामिल हुए. कंगन घाट पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति के अध्यक्ष राजीव गंगौल की अध्यक्षता व महासचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू के संचालन में गंगा आरती उतारी गयी. आयोजन में सुजीत कसेरा जी, विकाश राज जायसवाल , पप्पू पटेल , सुभाष कुमार, राजनाथ मुखिया समेत अन्य शामिल थे. खाजेकलां घाट पर मां गंगा सेवा समिति की ओर से गंगा आरती वीरेंद्र देव विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मनायी गयी. आयोजन में पिंकू यादव, मनोज कुमार,पप्पू,विनय,कमला देवी, मोनी देवी समेत अन्य उपस्थित थे.



भाजपा कार्यालय मे लोकतंत्र बचाओ और अराजकता हटाओ की बैठक



हाजीपुर/एनएसबी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में लोकतंत्र बचाओ और अराजकता हटाओ इन्वित जिला बैठक हुई जिसमें वैशाली जिला उत्तरी एवं दक्षिणी के सभी पदाधिकारी मंच मोर्चा की पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दक्षिणी अजय कुशवाहा ने किया मनसंचालन भाजपा जिला महामंत्री दक्षिणी रविंद्र सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला दक्षिणी के जिला उपाध्यक्ष बबीता सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शीला कुशवाहा ने कहा कि 25 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य एस आई आर एवं मतदाता सूचीयो की शुद्धता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता तथा संविधानिक मूलयो तथा चुनाव प्रतिक्रियाओं के संबंध में विपक्ष के झूठे राजनीतिक एजेंडे और झूठे व दोहरे मापदंड को उजागर करेगा तथा भारत के लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास के मत को सक्रिय करेगा ।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दक्षिणी अजय कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ भीरतंत्र हटाओ अभियान के कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष कल्याणी ठाकुर जिला मंत्री पप्पू शर्मा को बनाया गया है ।

गोपालगंज में भाजपा एमएलसी के होटल में रेस्टोरेंट कैप्टन की चाकू मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

बर्थडे पार्टी के बाद बाइक की चाबी मांगने पर हुआ था विवाद



(सडक पर शव रख कर सडक जाम करते परिजन)



(घटना स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी रोड स्थित होटल राजीव रिजेंसी में कल रात्रि में विवाद के दौरान चाकू से हमला कर रेस्टोरेंट कैप्टन अनीश कुमार (21) की हत्या कर दी गयी। घटना में बीच-बचाव करने पहुंचे होटल के तीन अन्य स्टाफ भी जख्मी हो गये।वारदात के बाद होटल परिसर में अफरातफरी मच गयी।पुलिस ने हत्या के आरोप में होटल के दो कर्मचारियों राहुल कुमार और गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों मुजफ्फरपुर के रहने वाले बताये गये हैं।पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मृतक अनीश कुमार हथुआ थाना क्षेत्र के टड़वा गांव निवासी स्व. बिजेंद्र सिंह का पुत्र था।वह पिछले तीन महीने से होटल में रेस्टोरेंट कैप्टन के रूप में काम कर रहा था। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने होटल के बाहर शव रखकर धरना दिया। वे होटल मालिक और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों के आक्रोश को देख घंटों पुलिस मान- मनौव्वल किया। बाद में एसडीपीओ चंदन कुमार मौके पर पहुंचे। परिजनों को उग्र ग्रामीणों को समझा कर किसी तरह से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थिति को देखते हुए पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। चश्मदीद होटल कर्मियों के अनुसार शनिवार की रात आरोपी राहुल कुमार का जन्मदिन था। पार्टी के बाद उसने अनीश से बाइक की चाबी मांगी। अनीश ने चाबी काउंटर पर जमा करने की बात कही तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद किचन में राहुल और गौतम ने अनीश पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनीश को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया।हालांकि गोरखपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने हत्या के आरोप में राहुल कुमार और गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है। एफएसएल और डीआइयू की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। सदर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में बाइक की चाबी मांगने को लेकर विवाद की बात सामने आयी है। दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

जमीन जोतने देने के लिए मांगी ढाई लाख की रंगदारी

भोरे (दैनिक नवसंदेश) अपनी ही जमीन जोतने देने के लिए थाने के हुस्सेपुर टोला भगवानपुर के रामनरेश भर से ढाई लाख रुपए नगद या 10 डिसमिल जमीन रंगदारी के रूप में मांग की गई है। मामले को लेकर उन्होंने अपने ही गांव के राम उपदेश भर, किशोरी भर तथा सुरेश भर सहित 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि करीब 2 वर्ष से आरोपी जमीन नहीं जोतने दे रहे हैं।

दुर्घटना में पांच माह बाद प्राथमिकी दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) थाने के भोरे- बंगरा बाजार सड़क पर खिरिया गांव के पास गत 12 मई 2026 को हुई सड़क दुर्घटना के मामले में पांच माह बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिक की ग्रामीण बैंक बंगरा बाजार के कर्मी मनोज कुमार राम ने भगत चफवा गांव के चारपहिया वाहन चालक अक्षय कुमार ठाकुर के खिलाफ कराई है। कहा है कि वह बैंक शाखा बंद कर साढ़े सात बजे शाम को अपने आवास भोरे लौट रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने अपने चार पहिया वाहन से उनकी बाइक में ठोकर मार दी।इसके बाद इलाज कराने वाराणसी चले गए जिसके वजह से देर से आवेदन दिए हैं।

ढाई लीटर शराब के साथ दो किशोर पकड़ाए

भोरे (दैनिक नवसंदेश) जगतौली ओपी पुलिस ने स्थानीय तीनमुहानी के पास कार्रवाई करते हुए ढाई लीटर शराब के साथ दो किशोरों को पकड लिया है।पकड़े गए किशोरी में एक फुलवरिया थाने के एक गांव का तथा दूसरा मीरगंज थाने के एक गांव का है। दोनों ने पूछताछ से बताया कि माड़ीपुर गांव के विवेक कुमार ने शराब लाने के लिए उन्हें पैसा दिया था।

जमीन विवाद में दो महिलाओं सहित तीन को पीटा

भोरे (दैनिक नवसंदेश) थाने के लक्ष्मीपुर खलवा टोला में भूमि विवाद को लेकर दो महिलाओं सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मामले को लेकर गांव के रामायण भगत की पत्नी मुखिया देवी ने अपने ही गांव के अमर सिंह, रविंद्र सिंह तथा पिंकी देवी सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि जमीन में हिस्सा के लिए पंचायती हो रही थी तभी आरोपी हरवे - हथियार से लैस होकर आए और मुखिया देवी के साथ ही उनके पुत्र तथा बहु को मारपीट कर घायल कर दिए।

भूमि विवाद में चार को मारपीटकर जेवर छीने

भोरे (दैनिक नवसंदेश) थाने के लक्ष्मीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो महिलाओं सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल करते हुए महिलाओं के जेवर छीन लिए गए। मामले को लेकर उसी गांव के सुरेंद्र कुमार सिंह तथा अंकित कुमार सहित आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि रविंद्र भगत अपनी मां, अमर कुमार तथा चिंता देवी के साथ खेत में काम कर रहे थे तभी आरोपियों ने आकर घटना को अंजाम दिया।

लग्जरी कार से 216 लीटर बीयर व शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 216 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद की।शनिवार की शाम हुई इस कार्रवाई में टीम ने कार चालक को गिरफ्तार करने के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया।गिरफ्तार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा मुस्तकीम अगरवा गांव निवासी हीरामन यादव के रूप में हुई है। उत्पाद निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम नियमित रूप से वाहनों की जांच कर रही थी।इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कार से 216 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद हुई। इसके बाद टीम ने शराब और कार को जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वही उत्पाद पुलिस ने तस्कर से पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम की तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

आपसी विवाद में दो महिला समेत चार लोग घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गोपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में रविवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इसमें दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में एक पक्ष के वाशिम साह और जमतारा खातून तथा दूसरे पक्ष के रुस्तम अली और मुस्कान खातून शामिल हैं।सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुचायकोट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही विवाद चल रहा था।रविवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए।मारपीट के दौरान चारों लोग घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पहल कर झगड़े को शांत कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने अलग ठिकानों से आधे दर्जन शराबियों को किया गिरफ्तार

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर पुलिस ने शनिवार देर शाम थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से छापेमारी कर शराब के नशे में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजयीपुर गांव के चंदीप पांडे एवं चन्द्रशेखर खरवार,नवतन के भीम यादव, हरदिया मुसहर टोली के नथू मंडल,पगरा के सेल आलम खां और भानपुर गांव निवासी मुन्ना यादव के रूप में हुई है। विजयीपुर पुलिस विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सभी छ लोग शराब के नशे में मिले। सभी आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर रविवार को न्यायालय में भेज दिया गया।

सिंहासिनी धाम, सुपन भगत और भीम के अहंकार की कथा

भक्ति में अहंकार की गंध नहीं होती

बैकुंठपुर (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड का सिंहासिनी धाम स्थित बाबा धनेश्वर नाथ का ऐतिहासिक शिवमंदिर त्रेता और द्वापर युग की कथा समेटे प्रसिद्ध धर्मस्थल है। मान्यता है कि इसी धरती से पांडवों के राजसूय यज्ञ का संबंध है।भक्तमाल ग्रंथ में उल्लेख है कि महाराज युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में दिव्य शंख नहीं बज रहा था। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा - कोई सिद्ध महात्मा अभी भोजन से वंचित है। खोज में भीम और अर्जुन निकले।खोजते-खोजते भीम वर्तमान एकडेरवां पहुंचे, जिसे तब डोमडेरवा कहा जाता था।यहां कुटिया में संत सुपन भगत भजन में लीन थे। भीम ने अहंकार में कहा - चलो, यज्ञ सफल करना है। सुपन भगत मुस्कुराए - वत्स, पहले मेरा कमंडल बाहर रख दो। भीम ने पूरी शक्ति लगाई, गदा से पहाड़ तोड़ने वाला भीम पसीने से लथपथ हो गया पर कमंडल टस से मस नहीं हुआ। अहंकार टूट गया और वे संत के पैरों में गिर पड़े। सुपन भगत यज्ञ में गए। भोजन के दौरान द्रौपदी ने सब व्यंजन मिलाकर खाते देख टिप्पणी की तो वे रुक गए। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने कहा - भोग आप लगा चुके, मैं प्रसाद खा रहा हूं, अलग स्वाद लूंगा तो प्रसाद-बुद्धि कैसे रहेगी। यह सुनकर द्रौपदी की श्रद्धा बढ़ी और शंख जोर से बज उठा, यज्ञ पूर्ण हुआ।इसी महान संत की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा आज 26 अक्टूबर 2026, सोमवार को एकडेरवां अपग्रेड मिडिल स्कूल के आगे स्थित संत स्थल पर हो रहा है। ग्रामीणों में हर्ष है, पूजा व भंडारे की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

चोरी मामले में बथुआ बाजार की आभूषण दुकानों में छापेमारी

चार थानों की पुलिस के साथ 30 से अधिक जवान रहे तैनात

आरोपित की निशानदेही पर हुई कार्रवाई



(पुलिस गिरफत में आरोपी)



(आभूषण दुकान में छापेमारी करती पुलिस)

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं के अनुसंधान के क्रम में रविवार को चार थानों की पुलिस ने फुलवरिया थाना क्षेत्र के बथुआ बाजार स्थित आभूषण दुकानों में छापेमारी की। करीब दो माह पूर्व कुचायकोट थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना में गिरफ्तार आरोपित को रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान पुलिस को चोरी के आभूषण बरामद नहीं हो सके।मुख्य बाजार में अचानक चार थानों की पुलिस और 30 से अधिक जवानों की मौजूदगी से व्यवसायियों में बेचैनी देखी गई। कई दुकानों की जांच की गई। घंटों चली इस कार्रवाई के दौरान बाजार में लोगों की भीड़ भी जुटी रही।छापेमारी दल में कुचायकोट थानाध्यक्ष दर्पण सुमन, गोपालपुर थानाध्यक्ष परमेश्वर कुमार, फुलवरिया थानाध्यक्ष कुंदन कुमार तथा श्रीपुर थाने के सुधीर कुमार पासवान शामिल रहे।बताया जाता है कि दो माह पूर्व गोपालपुर थाना क्षेत्र तथा कुचायकोट थाना क्षेत्र के बरनईया गांव में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन घटनाओं में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, कीमती कपड़े और अन्य सामान चोरी कर लिए थे। वहीं, शुक्रवार शाम श्रीपुर थाना क्षेत्र के मंगहा गांव में भी चोरी की घटना हुई, जहां एक युवक पर अपने दोस्त के घर से आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी करने का आरोप है।हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर छापेमारी की गई है। पुलिस मामले में जल्द ही आगे की कार्रवाई करेगी।

सासामुसा में तीन पटाखा दुकानों की जांच, लाइसेंस मिले वैध

सुरक्षा मानकों के पालन का दिया निर्देश



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर पटाखों की बिक्री और भंडारण में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को अंचल पदाधिकारी मनोरंजन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने सासामुसा बाजार स्थित तीन पटाखा दुकानों की जांच की।इस दौरान तीनों दुकानों के लाइसेंस वैध पाए गए। साथ ही पटाखों का भंडारण भी निर्धारित सीमा के भीतर मिला।जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को पटाखों की सुरक्षित बिक्री और भंडारण से संबंधित नियमों की जानकारी दी।अंचल पदाधिकारी मनोरंजन कुमार शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना वैध लाइसेंस या आवश्यक अनुमति के पटाखों का निर्माण, बिक्री और भंडारण नहीं किया जाए।नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकान संचालित करने के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना और सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करना अनिवार्य है। त्योहार के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए दुकानदारों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। अधिकारियों ने आम लोगों से भी सावधानीपूर्वक पटाखे जलाने, खतरनाक पटाखों के इस्तेमाल से बचने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

पंचायत विकास शिविर में मिले पेंशन के 79 आवेदन, निष्पादन के लिए भेजे गए



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड की सभी 31 पंचायतों में रविवार को आयोजित पंचायत विकास शिविरों में ग्रामीणों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित 79 आवेदन जमा किए। इनमें वृद्धावस्था पेंशन के सर्वाधिक 48, विधवा पेंशन के 18 और दिव्यांगजन पेंशन के 13 आवेदन शामिल हैं।शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करने के लिए संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया।इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड की सभी पंचायतों के पंचायत भवनों अथवा पंचायत सरकार भवनों में शिविर आयोजित किए गए।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि पंचायत विकास शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा करने की सुविधा दी जा रही है, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े।शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है।प्रशासन का प्रयास है कि पात्र लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

बथुआ बाजार में आतंक का पर्याय बना, पागल बंदर का रेस्क्यू



(रेस्क्यू के बाद पिंजरे में बंद पागल बंदर)

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) बथुआ बाजार में पिछले 10 दिनों से आतंक का पर्याय बने एक पागल बंदर को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार पिंजरे में कैद कर लिया। इस बंदर के रेस्क्यू होने के बाद स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने बड़ी राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों और व्यवसायियों के अनुसार, यह पागल बंदर पिछले कई दिनों से इलाके में आतंक मचाए हुए था। वह अब तक बाजार के दर्जनों लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका था। स्थिति इतनी भयावह थी कि यह बंदर बाजार में घुसते ही लोगों को निशाना बनाता था। यहाँ तक कि चलती बाइक पर अचानक छलांग लगाकर हमला कर देता था। इस कारण बाजार आने वाले ग्राहकों और दुकानदारों में हमेशा दहशत का माहौल बना रहता था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद हरकत में आई वन विभाग की टीम बथुआ बाजार पहुँची। टीम को इस खतरनाक बंदर को पकड़ने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। आखिरकार, वन विभाग के कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए बंदर को पिंजरे में कैद कर लिया और सुरक्षित अपने साथ ले गए। बंदर के पकड़े जाने पर सूरज गुप्ता, रंजीत गुप्ता, संदीप गुप्ता, गौतम गुप्ता सहित बाजार के अन्य सभी व्यवसायियों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि भले ही वन विभाग की टीम थोड़ी देर से पहुँची, लेकिन उन्होंने एक बड़ा संकट टाल दिया। अब बंदर के रेस्क्यू होने के बाद व्यापारी बिना किसी डर के अपना कारोबार कर पा रहे हैं।

कुचायकोट में प्रयोग संस्था के पुस्तकालय सह संसाधन केंद्र पहुंचे डीएम और डीईओ





कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सरकारी विद्यालयों में बच्चों के बीच पढ़ने की आदत विकसित करने और पुस्तकालयों को सीखने का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में प्रयोग संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जिलाधिकारी समीर सौरभ ने सराहना की। शनिवार को उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय के साथ कुचायकोट प्रखंड के बनियाछापर गांव स्थित प्रयोग संस्था के पुस्तकालय सह संसाधन केंद्र का भ्रमण किया।इस दौरान अधिकारियों ने पुस्तकालय कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली को समझा और संस्था की ओर से विद्यालयों एवं समुदाय में किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की जानकारी ली।भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पुस्तकालय में उपलब्ध बाल साहित्य की विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन किया।उन्होंने लाइब्रेरी एजुकेटर और प्रबंधन टीम के सदस्यों से बातचीत कर बच्चों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने के लिए अपनाए जा रहे तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों को बताया गया कि कहानियों और रोचक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के साथ उनकी कल्पनाशीलता, समझ और नई चीजें जानने की जिज्ञासा को बढ़ावा दिया जा रहा है।प्रयोग संस्था वर्तमान में कुचायकोट प्रखंड के 80 सरकारी विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों के सहयोग से पुस्तकालयों को सशक्त बनाने का काम कर रही है।इसके अतिरिक्त संस्था मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और जमुई जिले में भी पुस्तकालय आधारित शैक्षणिक गतिविधियां संचालित कर रही है।संस्था का उद्देश्य पुस्तकालयों को केवल किताबें पढ़ने की जगह तक सीमित न रखकर बच्चों के सीखने और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है।जिलाधिकारी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए पुस्तकालय कार्यक्रमों का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी करने का सुझाव दिया, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में संचालित पुस्तकालय सत्रों को भी देखने में रुचि दिखाई।इस अवसर पर प्रयोग संस्था के सह-संस्थापक सूर्य प्रकाश, प्रबंधन टीम के सदस्य करन कुणाल और विनीत रंजन सहित कई लाइब्रेरी एजुकेटर उपस्थित थे।संस्था के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को पुस्तकालयों के संचालन, बच्चों की सहभागिता और शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

जमीनी विवाद में एक महिला सहित तीन जख्मी

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर थाना क्षेत्र के बमनौली गांव में जमीनी विवाद को ले जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में एक पक्ष से दो पुरुष एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। पीड़ित महिला अंशू यादव ने अपने ही बगल के अनील यादव, संतोष यादव, रामनरेश यादव,पवन कुमार सहित दस लोगों के विरुद्ध मारपीट, जानलेवा हमला तथा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी कि जमीनी विवाद को ले उपरोक्त सभी लोग अपने-अपने हाथों में लाठी, डंडा,लोहे का राड तथा धारदार हथियार गंडासी लेकर दरवाजा पर आयें। और आते ही गंदी गंदी गालियां देने लगें।मना किया तो मारपीट करने लगे और देवर रंजीत यादव पर जानलेवा हमला कर गड़ासी चला दिया जिससे देवर का सर फट गया और लहुलुहान हो जमीन पर गिर पड़े।